


नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी १९३८ से
शुभ रामनवमी

# होर्मुज भारत के लिए खुला

## रूस, चीन, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र देशों के जहाजों को दी अनुमति

**नई दिल्ली, 26 मार्च ( वार्ता ) ईरान ने भारत और कुछ अन्य 'मित्र देशों' के जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है. ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने गुरुवार को यह जानकारी दी. भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक मानी जा रही है.**

ईरानी समाचार एजेंसी तसनीम ने विदेश मंत्री के हवाले से कहा कि तेहरान ने भारत, रूस, चीन, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र देशों के जहाजों को जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी है. अराघची ने कहा कि यह जलडमरूमध्य दुश्मनों और उनके सहयोगियों के लिए बंद है. इसस पहले, ऊर्जा आपूर्ति में वैश्विक व्यवधानों और ईंधन की




आसमान छूती कीमतों के बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस जलमार्ग को फिर से खोलने का आह्वान किया था.

बता दें कि होर्मुज जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है, जिसके माध्यम से वैश्विक तेल और गैस व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है.

### अमेरिका ने तीसरे दिन भी नहीं किया हमला

**वाशिंगटन.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु केंद्र और गैस प्लांट पर पांच दिन तक हमला नहीं करने की घोषणा की थी. गुरुवार को इस घोषणा का तीसरा दिन था. इस दिन भी अमेरिका ने ईरान पर हमला नहीं किया. वहीं ट्रंप ने ईरानी वार्ताकारों की आलोचना की और उन्हें अलग एवं अजीब करार दिया. उन्होंने सोशल माडिया पर पोस्ट कर यह बात कही.




### तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार

ईरान ने युद्ध को जारी रखने और अमेरिका के साथ सीधी बातचीत से इनकार कर दिया है. इस घटनाक्रम का असर तेल की कीमतों पर पड़ रहा है. वैश्विक तेल कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गईं. ब्रेंट क्रूड वायदा 1.21 प्रतिशत बढ़कर 103.46 डॉलर प्रति बैरल हो गया, जबकि अमेरिकी वेस्ट टेक्सास डब्ल्यूटीआई क्रूड 1.35 प्रतिशत उछलकर 91.54 डॉलर प्रति बैरल हो गया.




### आईआरजीसी कमांडर अलीरेजातंगसिरी की मौत

**तेल अवीव.** इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने गुरुवार को घोषणा की कि इजरायली हमले में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना के कमांडर अलीरेजा तंगसिरी की मौत हो गई है. सैन्य अधिकारियों के साथ गुरुवार सुबह एक समीक्षा बैठक के दौरान काट्ज ने कहा, इजरायली रक्षा बलों ने आईआरजीसी नौसेना के कमांडर को खत्म कर दिया है.



### सौरभ चंद्राकर की 1700 करोड़ रुपए की विदेशी संपत्ति जब्त

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय ने ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़े महादेव नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. एजेंसी ने इसके कथित संचालक सौरभ चंद्राकर से जुड़ी करीब 1700 करोड़ रुपये की संपत्तियों को जब्त कर ली है, जिसकी जानकारी आज मीडिया को दी गई. यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा 24 मार्च को की गई. जांच एजेंसी के अनुसार, कुल 20 अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की गई हैं.




स्ट्रेट ऑफ हॉर्मूज़ को लेकर हुआ विवाद!

# ट्रक बस की टक्कर में आग से 14 जिंदा जले

**40** यात्री सवार थे बस में कुल

**03** घंटे में आग पर काबू पाया

**मार्कापुरम, 26 मार्च. आंध्र प्रदेश के मार्कापुरम जिले में रायवरम के पास गुरुवार को भीषण सड़क दुर्घटना में एक स्लीपर बस में आग लग जाने से कम से कम 14 यात्री जिंदा जल गए. बस गुरुवार सुबह हैदराबाद से कनिगिरी जा रही थी, तभी उसकी एक ट्रक से टक्कर हो गई. बस में लगभग 40 यात्री सवार थे. दमकलकर्मियों ने 3 घंटे में आग पर काबू पाया.**

पुलिस ने बताया कि टक्कर के बाद बस में आग लग गई और वह पूरी तरह से जलकर खाक हो गई.

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जताया शोक



### पीएमएनआरएफ से सहायता की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंध्र प्रदेश में हुए एक सड़क हादसे पर शोक जताया है और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए सहायता राशि की घोषणा की है. उन्होंने इस घटना से प्रभावित लोगों की मदद के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से सहायता राशि देने की भी घोषणा की. उन्होंने कहा, पीएमएनआरएफ से हर मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये सहायता राशि दी जायेगी. घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे.

# बस नदी में गिरने से 24 यात्रियों की मौत

- पीएम रहमान ने दिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश

**ढाका, 26 मार्च ( वार्ता ) बांग्लादेश में बुधवार शाम यात्रियों से भरी एक यात्री बस नौका पर चढ़ाये जाने के दौरान अनियंत्रित होकर पद्मा नदी में गिर गई, जिससे जससे कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हैं.**

यह दर्दनाक हादसा राजबाड़ी जिले के दौलतदिया फेरी टर्मिनल




के पास शाम लगभग सवा पांच बजे तब हुआ, जब ढाका की ओर जा रही सौहार्द परिवहन की बस पंटून नंबर 3 से नदी में जा गिरी.

# देश के सभी सीएम से बात करेंगे पीएम मोदी

- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए योजनाओं पर होगी बातचीत
- चुनावी राज्यों के सीएम नहीं होंगे शामिल

**नई दिल्ली, 26 मार्च. पीएम नरेंद्र मोदी आज, शुक्रवार शाम राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत करेंगे.**

पीएम मोदी की इस बैठक का



मकसद पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध की वजह से उपजे हालातों पर चर्चा करना है. पीएम मोदी इस मीटिंग में मुख्यमंत्रियों के साथ राज्यों की तैयारियों और आगे की योजनाओं की समीक्षा करेंगे. इस मीटिंग में चुनावी राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल नहीं होंगे. सूत्रों के हवाले से बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बैठक में 'टीम इंडिया' की भावना के साथ प्रयासों में तालमेल सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा. बता दें कि चुनावी राज्यों के सीएम इसमें शामिल नहीं होंगे.







LIC's नव जीवन श्री सिंगल प्रीमियम
यूआईएन: 512N390V01 • प्लान नं.: 911

सिर्फ एक बार प्रीमियम भरें और पाएँ

- ₹1000/- की मूल बीमा राशि पर @ ₹85/- का गारंटीड ॲडिशन्स.
- परिपक्वता/मृत्यु पर सेटलमेंट का विकल्प.
- मौजूदा पॉलिसीधारकों के लिए आकर्षक छूट.
- पॉलिसी अवधि के दौरान ऋण की सुविधा.

प्लान ऑनलाइन भी उपलब्ध है
(एक नॉन-पार, नॉन-लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना)

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/R1/2025-26/10/Hin

LIC मोबाइल ऐप डाउनलोड करें LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
अधिक जानकारी के लिए, अपने बीमा एजेन्ट/अपनी निकटतम एलआईसी शाखा से संपर्क करें/www.licindia.in पर जाएं
हमें यहाँ फ़ॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

**धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें.** आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. **जोखिम कारकों, नियमों व शर्तों की अधिक जानकारी के लिए, कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.**




# ट्रक ने बाइक सवारों को कुचला, दो की मौत

## खेल परिसर के सामने बेलगाम ट्रक ने बाइक सवारों को 30 फीट तक घसीटा, शहर में नो एंट्री की मांग तेज

नवभारत न्यूज

**सागर 26 मार्च. सड़कों पर बेलगाम दौड़ते भारी वाहन अब सीधे मौत बनकर सामने आ रहे हैं. बुधवार रात खेल परिसर मैदान और नगर निगम कार्यालय के सामने हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे शहर को झकझोर दिया. तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मारते हुए कुचल दिया.**

हादसा इतना भयावह था कि एक युवक का शरीर पूरी तरह क्षत-विक्षत हो गया, जबकि दूसरा युवक ट्रक के पहिए में फंसकर करीब 30 फीट तक घिसटता चला गया, दोनों की मौके पर ही मौत हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों के



मुताबिक, ट्रक पीली कोठी घाटी से अत्यधिक तेज रफ्तार में उतर रहा था और पूरी तरह अनियंत्रित नजर आ रहा था, सामने जा रही बाइक को उसने सीधे टक्कर मारी और बिना रुके आगे बढ़ गया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक का शरीर दो हिस्सों में बंट गया सिर डिवाइडर से टकराने के कारण मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक पहिए के नीचे दबकर बुरी तरह घिसटता रहा. हादसे के बाद सड़क पर खून और शरीर के अंग बिखर गए. घटनास्थल का दृश्य इतना भयावह था कि देखने वालों के रोंगटे खड़े हो गए. इसी दौरान एक कार चालक ने भागते ट्रक को रोकने का प्रयास किया और तत्काल पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही सीएसपी ललित कश्यप पुलिस बल के साथ पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया. पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा. मृतकों में एक की पहचान अभिषेक साहू 25 वर्ष निवासी गोपालगंज के रूप में हुई है, जबकि दूसरे युवक की पहचान देर रात तक नहीं हो सकी. पुलिस के अनुसार हादसे में शामिल ट्रक राजस्थान नंबर का है, चालक को हिरासत में लेकर वाहन जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है.

### शहर में रफ्तार नहीं, मौत दौड़ रही है

शहर के भीतर भारी वाहन इन दिनों बेहद तेज रफ्तार में दौड़ते नजर आते हैं, रिहायशी और व्यस्त इलाकों में भी ट्रकों की आवाजाही बिना किसी रोक-टोक के जारी है. रात के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है, जब सड़कों पर नियंत्रण लगभग खत्म सा नजर आता है. लगातार हो रहे हादसे इस बात की गवाही दे रहे हैं कि सड़कों पर अब रफ्तार नहीं, बल्कि मौत दौड़ रही है. लोगों का कहना है कि भारी वाहनों की 24 घंटे 'नो एंट्री' लागू की जाए, रात में सघन पुलिस गश्त और चेकिंग बढ़ाई जाए, ट्रकों के लिए बायपास या वैकल्पिक मार्ग सुनिश्चित किया जाए.

# कांग्रेस पार्षदों ने किया रोड का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 26 मार्च. सिविल लाइंस वार्ड क्रमांक 3 में हाल ही में बनी सीसी सड़क के कुछ ही दिनों में खराब हो जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है.**

नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव, कांग्रेस पार्षद शिव शंकर यादव, पार्षद ताहिर खान और पार्षद प्रतिनिधि वसीम खान ने पहुंचकर सड़क का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान पार्षदों ने पाया कि शांति होटल से लेकर डॉक्टर रश्मि शुक्ला के निवास तक बनाई गई सड़क निर्माण के कुछ ही दिनों में उखड़ने लगी है, सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं और धूल उड़ने से क्षेत्र के व्यापारी एवं रहवासी परेशान हैं. उन्होंने निर्माण कार्य को पूरी तरह घटिया बताते हुए कहा कि इसमें निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया गया है. पार्षद शिवशंकर यादव ने



बताया कि सड़क का निर्माण महज 3-4 दिनों में पूरा कर दिया गया, जबकि सीसी रोड के लिए आवश्यक क्योरिंग और तकनीकी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया, यही कारण है कि सड़क बनने के तुरंत बाद ही खराब होने लगी. मामले को गंभीरता से लेते हुए कांग्रेस पार्षदों ने नगर निगम को लिखित शिकायत की बता भी कही है. उन्होंने संबंधित ठेकेदार कंपनी मारुति नंदन कंस्ट्रक्शन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए उसे ब्लैकलिस्ट करने की बात कही है. उनका कहना है कि इस प्रकार के कार्य से सरकारी धन की बर्बादी हो रही है.

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द ही दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो इस मुद्दे को लेकर आंदोलन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि जनता के पैसे से किए गए निर्माण में लापरवाही किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी.

# प्रथम बैठक का आयोजन हुआ



नवभारत न्यूज

**सागर 26 मार्च. अखिल भारत वर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद का सत्र महावीर जयंती से प्रारंभ होने जा रहा है.**

संभाग अध्यक्ष शिवानी सिंघई के निवास पर बैठक का आयोजन किया गया. जिसमें संभाग की समस्त शाखाएं सम्मिलित हुईं. बैठक में महावीर जयंती एवं शपथ विधि के कार्यक्रम संबंधी चर्चा कर निर्णय लिए गए. इस अवसर पर पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष आशा जैन, पूर्व सचिव मंजू मगन, संरक्षिका नूतन नाहर, पूर्व संभागीय अध्यक्ष संध्या रांधेलिया, ब्राह्मी शाखा संभागीय अध्यक्ष अंजू सेठ उपस्थित रहीं.

### बच्चों की फीस भरी

**सागर.** स्व. रामशंकर केसरवानी एवं श्रीमती सरोजनी देवी केसरवानी की पुण्य स्मृति में कन्या पाठशाला सदर स्कूल में जिसमें समूह की माताजी सरोजनी देवी केसरवानी ने स्वयं शिक्षा प्राप्त की. उस स्कूल में समूह के सदस्यों बबीता संजीव केसरवानी गीता शैलेश केसरवानी एवं श्वेता अखिलेश मोनी केसरवानी द्वारा स्कूल के जरूरतमंद बच्चियों की फीस जमा कर उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया. कन्या पाठशाला के सेवानिवृत्त एसपी रंजन तिवारी एवं सुरेशचंद रावत ने बताया कि कन्या पाठशाला सदर में 500 की संख्या में बच्चे अध्यनरत है.

# बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर हुई मौत

नवभारत न्यूज

**बंडा 26 मार्च. बंडा रोड पर एक भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई. हादसा ग्राम सौरई के पास स्थित फैक्ट्री के नजदीक हाईवे पर हुआ, जहां तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रहे एक अज्ञात डंपर ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी.**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, डंपर की रफ्तार काफी तेज थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका. हादसे के बाद चालक डंपर समेत मौके से फरार हो गया, जिससे लोगों में आक्रोश भी देखा गया. घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी प्रदीप वाल्मिकी और थाना प्रभारी अंजली उदेनिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची. पुलिस ने तत्काल शवों का पंचनामा बनाकर एंबुलेंस की सहायता से बंडा अस्पताल भिजवाया. घटनास्थल से क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर थाने लाया गया है. प्रारंभिक जांच में मृतकों की पहचान प्रयांशु रैकवार, हर्ष रैकवार और तुलसीराम राय (निवासी पठार मोहल्ला, बंडा) के रूप में हुई है, घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में मातम छा गया था. पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार डंपर और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है. अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

### तेज रफ्तार मौत की वजह

बंडा रोड पर लगातार तेज रफ्तार भारी वाहनों का कहर देखने को मिल रहा है. स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय डंपर और ट्रक बेलगाम गति से दौड़ते हैं, जिससे हादसों का खतरा बढ़ जाता है, लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और नियमित निगरानी की मांग की है.

# आग से खेतों में भड़की लपटें

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 26 मार्च. ग्राम पंचायत अमरमऊ में महुआ के पेड़ के नीचे लगाई गई आग ने आसपास के खेतों को अपनी चपेट में ले लिया. देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे किसानों का रखा भूसा जलकर खाक हो गया और क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई.**

घटना की सूचना मिलते ही नगर परिषद शाहगढ़ की दमकल टीम पहुंची. दमकल कर्मी प्रमोद दुबे एवं ग्रामीणों की सूझबूझ से आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो यह आग पास की बस्ती तक पहुंच सकती थी, जिससे बड़ी जनहानि और करोड़ों रुपये के नुकसान की आशंका थी. पीड़ित किसान कालू राय, बबलू राय ने आरोप लगाया कि यह आग रघुनंदन अहिरवार द्वारा लगाई गई थी, जिसकी वजह से उनका भूसा जल गया और आग बुझाने के प्रयास में उनके बाल एवं पैर भी झुलस गए. घटना स्थल के समीप एक मुर्गी फार्म भी स्थित है, जो आग की चपेट में आ सकता था.

# गैस समस्या को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**रहली 26 मार्च. ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रदर्शन किया. अध्यक्ष संजय पटैरिया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रमुख मार्गों से रैली निकाली.**

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी प्रतिमा के पास हाथ ठेले पर लकड़ी का चूल्हा रखकर चाय बनाई. कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को चाय पिलाकर संदेश दिया कि गैस संकट के कारण आम आदमी वापस पुराने दौर में लौटने को मजबूर है. कांग्रेस नेताओं ने



आरोप लगाया कि कमर्शियल सिलेंडरों की अनुपलब्धता के कारण चाय-नाश्ते की दुकानें और होटल बंद हो रहे हैं, जिससे न केवल गरीबों का रोजगार छिन रहा है, बल्कि बाहर भोजन करने वाले लोग भी परेशान हैं. प्रदर्शन के बाद कांग्रेस ने ज्ञापन तहसीलदार राजेश पांडेय को सौंपा. इस दौरान पूर्व नपा अध्यक्ष सौरभ हजारी, बीडी पटैल, नगर अध्यक्ष दीपक जैन, अध्यक्ष रत्नेश पटैल, ज्योति पटैल, रोहित पटैल, प्रमोद नायक, इसरार खान मौजूद थे.

# विद्यारंभ कार्यक्रम में सम्मानित



नवभारत न्यूज

**सागर 26 मार्च. महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्यारंभ की शुरुआत करने जा रहे बच्चों के लिए समारोह आयोजित किए गए.**

सागर शहरी क्रमांक 01 अंतर्गत तिलकगंज वार्ड स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 68, 69, 70, 71, 72 एवं 73 में विद्यारंभ कार्यक्रम संपन्न हुआ. समारोह के दौरान प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण कर विद्यालय में प्रवेश लेने जा रहे बच्चों को विद्यारंभ एवं विदाई प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में पर्यवेक्षक श्रीमती सारिका प्रजापति, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अंजना काछी, अख्तर बी, रेखा चढ़ार मौजूद थीं.

# उद्यानिकी फसलों की नवीन तकनीक पर वर्कशॉप

नवभारत न्यूज

**सागर 26 मार्च. उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा जिला पंचायत सभागार मे एकीकृत बागवानी मिशन अंतर्गत दो दिवसीय उद्यानिकी फसलों की नवीन तकनीकी, फ्रूट फॉरेस्ट्री, हाइड्रोपोनिक्स विषय पर सेमिनार संपन्न हुआ.**

कार्यशाला में वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि अधिकारी आशीष त्रिपाठी ने बताया की हमें खेती, और फसलों के संरक्षण के लिए सूक्ष्म तकनीकी उपायों को भी उपयोग करना चाहिए. कृषि कार्य के साथ कृषि जागरूकता भी आवश्यक है. युवा जैविक कृषक आकाश



चौरसिया ने बताया की बुंदेलखंड में पानी की काफी समस्या रही हैं हमें खेत के जल को खेत में उपयोग करने की योजना पर कार्य करने होगे. उपसंचालक उद्यान पीएस बडोले ने बताया कि हमें फसलों को मौसम अनुरूप आय बढ़ाने की योजना पर कार्य करना होगा. प्रधान वैज्ञानिक डॉ के एस यादव ने कहा की जैविक खेती आज स्वास्थ्य और समाज के आहार का माध्यम बन रहा है.

रश्मि पांडे डीन कृषि महाविद्यालय रहली ने कहा की खाद्य प्रसंस्करण आधुनिक समय की मांग है.




# रासेयो का शिविर प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**सागर 26 मार्च. बीटीआईआरटी सिरोंजा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय विशेष शिविर का गोद ग्राम बम्होरी बीका में प्रारंभ हुआ, जो कि 31 मार्च तक संचालित किया जाएगा.**

इस अवसर पर डॉ. सत्येन्द्र जैन (सचिव, बीटी ग्रुप), डॉ. तरुण कुमार सिंह (रजिस्ट्रार, बीटी ग्रुप) तथा मुकेश सिंह राजपूत (विद्यालय संचालक) उपस्थित रहे. साथ ही शेख शाहिद कार्यक्रम अधिकारी, एनएसएस की उपस्थिति रही. संचालन माहिमा जैन द्वारा किया गया. इस अवसर पर पुनीत शुक्ला, दीक्षा जैन, भूपेन्द्र नामदेव, धर्मेन्द्र पटेल एवं अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे. यह कार्यक्रम जिला संगठक आर.सी. प्रजापति के मार्गदर्शन में एवं संस्था के अध्यक्ष संतोष जैन घड़ी के निर्देशन में संपन्न हुआ. स्वयंसेवकों द्वारा गांव में प्रभात फेरी निकाली गई.

### बड़े बकायादारों को अधिभार में छूट मिलेगी

**सागर.** नगर निगम सागर के साथ ही पूरे प्रदेश की सभी नगरीय निकायों को संपत्तिकर एवं जलकर के बकायादारों को बड़ी राहत प्रदान की गई है. शासन द्वारा 31 मार्च तक बकाया करों पर अधिभार में लोक अदालत की तर्ज पर छूट देने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा. निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के करदाताओं को राहत देने के उद्देश्य से शासन स्तर पर अधिभार में छूट प्रदान करने के लिए पहल की गई थी, अब ननि क्षेत्र के नागरिक 31 मार्च तक बकाया संपत्तिकर एवं जलकर की राशि जमा कर अधिभार में विशेष छूट का लाभ ले सकते हैं. उन्होंने बताया कि यह छूट लोक अदालत की तरह प्रदान की जा रही है.

# आचार्य पदारोहण दिवस मनाया गया

नवभारत न्यूज

**गौरझामर 26 मार्च. चैत्र शुक्ल अष्टमी आचार्य श्री समय सागर का तीसरा आचार्य पदारोहण दिवस मुनि संघ के सानिध्य में मनाया गया.**

बड़े मंदिर में अतिशय कालीन बड़े बाबा के दरबार में प्रभु का अभिषेक और शांति धारा हुई. ज्येष्ठ मुनिवर प्रवोध सागर ने कहा समय सागर ने बड़ा उपकार किया जो इस सर्वोच पद पर बो बिराजमान हुए. मुनि श्री शैल सागर ने बताया इतना विशाल संघ का संचालन करना केवल समय सागर महराज ही कर सकते है और पूरा संघ ने और लाखो विद्या गुरु भक्तों ने समय सागर जी को ही आचार्य स्वीकार किया है. मुनिश्री अचल सागर ने बताया की हम सभी को आचार्य समय सागर जी के बताए मार्ग पर चलना है और उनके आदेशों का पालन करना है.



समाज के संचालक दीपक चौधरी ने बताया कि गौरझामर की समाज विद्या सागर की धारा में बही है और इस अब समाज सागर की ही धारा में हमे बहना है, हमारी समाज के पालन हारे श्री समय सागर जी महराज है और रहेगे. समाज अध्यक्ष माखनलाल चौधरी अरविंद घूरा और संतोष चौधरी ने मुनिराजो के हाथो में शस्त्र भेंट किया. धर्म नगरी गौरझामर में आचार्य मुनिश्री प्रणाम सागर की मंगल आगवानी हुई और मुनिश्री प्रशम सागर, प्रणेय सागर, योग्य सागर मुनिराज से मंगल मिलन हुआ.मुनिश्री प्रणाम सागर ने बताया कि जीवन में हमेशा पॉजिटिव रहे, सकारात्मक जीवन जिए और भावना योग जो की लाखो रोगियों को लाभ दे चुका है. ऐसे भावना रोग का प्रचार करे ताकि लोगो का कल्याण हो सके. शंका समाधान के सत्र में विधायक ब्रजविहारी पटेरिया ने महराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया.

# जनसुविधाएं हमारी प्राथमिकता




नवभारत न्यूज

**खुरई 26 मार्च. युवा नेता अविराज सिंह विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रमों में शामिल हुए.**

उन्होने कहा कि खुरई नगर विकास के क्षेत्र में भी अग्रणी बनकर उभरा है और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो रहा है, तथा बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना आपके विधायक पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह की प्राथमिकता है. उन्होंने गोशाला में विद्युत डीपी एवं पोल स्थापना कार्य का भूमिपूजन किया, इसके बाद दोपहर 3 बजे ऑडिटोरियम के पास राहतगढ़ रोड पर बॉउंड्री वॉल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया तथा शहनाई गार्डन के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया. नवरात्रि पर शाम 5 बजे मां बीजासन मंदिर, किला परिसर में छप्पन भोग अर्पण कार्यक्रम आयोजित कर धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं को भी सम्मान दिया गया.

# अभिनंदनोदय तीर्थ में संत शाला का भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 26 मार्च. अभिनंदनोदय तीर्थ में निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज के ससंघ सानिध्य में संतशाला की आधारशिला रखी गई जिसका पुण्यजन श्रीमंत सेठ शिखरचंद सुरेन्द्र कुमार द्वारा किया गया.**

मंत्रोच्चार के साथ जयकुमार शास्त्री ने मुनि श्री के आशीर्वाद से पूजन के उपरान्त शिलान्यास सम्पन्न कराया. इसके पूर्व मुनिश्री ने चन्द्रप्रभु जिनालय डोडाघाट के दर्शन किए



सुधासागर महाराज कन्या इंटर कालेज पहुंचे जहां विद्यालय परिवार ने मुनिश्री की पादप्रक्षालन कर आर्शीवाद ग्रहण किया. विद्यालय को उच्चीकृत कर विभिन्न संकायों के लिए मुनिश्री ने मार्गदर्शन किया. मुनि संघ की अगुवाई विनम्र बाल मंच द्वारा दिव्यघोषों के साथ उत्साह पूर्वक की गई. द्वारे द्वारे श्रद्धालुओं ने रंगोली सजाई. नगर के पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटामंदिर में निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधासागर महाराज के मुखारविन्द से शांतिधारा का पुण्यायाजन प्रमोद कुमार, गौरव जैन एवं सोमचंद,संजीव कुमार, राजीव जैन द्वारा किया गया. इस दौरान भगवान वाहुवलि की वेदिका पर अभिषेक शांतिधारा की व्यवस्थाओं के लिए वीरेन्द जैन, प्रमोद जैन, प्रकाश जैन के लिए जिम्मेवारी सौंपी गई.

# 5 बिंदुओं पर जताई असहमति



नवभारत न्यूज

**सागर 26 मार्च. नगर पालिका परिषद मकरोनिया की साधारण सभा की बैठक में वार्ड क्रमांक 18 की कांग्रेस पार्षद एवं महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सीमा कमल चौधरी ने प्रस्तुत 16 बिंदुओं में से 5 बिंदुओं पर असहमति दर्ज कराई.**

बैठक के दौरान पार्षद श्रीमती चौधरी ने नोड्यूज शुल्क निर्धारण को लेकर कहा कि यह निर्णय सभी वर्गों के साथ अन्यायपूर्ण है. उन्होंने संपत्ति कर में शिथिलता की मांग उठाई. उनका कहना था कि कर दरों में राहत मिलने से आम नागरिकों को सुविधा होगी और वे आसानी से कर जमा कर सकेंगे. उन्होंने कहा कि पानी टैंकर, शव वाहन, चलित शौचालय, फायर वाहन और सफाई जैसी आवश्यक सेवाओं पर निर्धारित शुल्क अत्यधिक हैं, जो सीधे तौर पर जनता के साथ अन्याय है.

# विश्व टीबी दिवस पर जांच-उपचार अभियान

नवभारत न्यूज

**सागर 26 मार्च. आईएमए सागर शाखा एवं स्वास्थ्य विभाग सागर के तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, देवरी में विश्व टीबी दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया.**

आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने बताया कि देश में न केवल टीबी के मामलों में कमी आई है, बल्कि उपचार की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, वर्तमान में टीबी उपचार कवरेज लगभग 92% तक पहुंच चुका है. उन्होंने बताया कि टीबी मुख्यत: संक्रमित व्यक्ति के खांसने या



छींकने से फैलने वाले जीवाणुओं के माध्यम से श्वसन द्वारा दूसरे व्यक्ति में फैलती है, जिसके कारण यह प्राय: फेफड़ों को प्रभावित करती है. हालांकि, यह रोग शरीर के अन्य अंगों जैसे आंख, रीढ़, मस्तिष्क, आंत एवं गर्भाशय को भी प्रभावित कर सकता है.कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्चना सरन ने बताया कि टीबी का उपचार डॉट्स कार्यक्रम के अंतर्गत 6 माह तक नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाता है. उन्होंने पूर्ण एवं नियमित उपचार के महत्व पर विशेष बल दिया.



नव भारत

शुभ रामनवमी

## एक नजर में

### डेनमार्क के राजदूत ने किया सिंधिया स्कूल का दौरा

**ग्वालियर.** सिंधिया कन्या विद्यालय ग्वालियर में भारत में डेनमार्क के राजदूत तथा नेपाल, श्रीलंका, भूटान और मालदीव के अनिवासी राजदूत रासमस एबिलगार्ड क्रिस्टेंसन का आगमन हुआ, उनके विद्यालय आगमन पर प्रधानाचार्या निशि मिश्रा द्वारा पुष्पगुच्छों से स्वागत किया गया. इस अवसर पर भारती सूद, करियर काउंसलर एवं उर्वशी पांडे कॉर्डिनेटर के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहीं. यह दौरा वैश्विक जुड़ाव और सहयोग की भावना का प्रतीक रहा. विद्यालय की छात्राओं ने राजदूत को विद्यालय परिसर का भ्रमण कराया.

### 409 करोड़ की नकदी और अवैध सामान किया जब्त

**नई दिल्ली.** चुनाव आयोग (ईसी) ने असम और केरल सहित चार राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्र पुडुचेरी विधानसभा चुनावों और कुछ अन्य राज्यों के उपचुनावों को धन और प्रलोभन के प्रभावों से मुक्त रखने के लिए बड़ी कार्रवाई की है. आयोग ने अब तक करीब 409 करोड़ रुपये की नकदी, कीमती धातुएं, शराब और मतदाताओं को लुभाने वाले सामान जब्त किए हैं. असम, केरल और पांडिचेरी विधानसभा में पहले चरण में चुनाव 9 अप्रैल को कराए जाएंगे, उस दिन चार राज्यों की छह रिक्त विधानसभा सीटों के चुनाव भी कराए जाएंगे.

## गुस्ताखी माफ




# माल वाहन और बस की टक्कर से 10 की मौत

- सीएम के कार्यक्रम से लौट रहे यात्रियों की बस पलटी
- घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी



**छिंदवाड़ा, 26 मार्च. पुलिस लाईन ग्राउंड में आयोजित सीएम के कार्यक्रम से लौट रही बस की नागपुर रोड़ स्थित ग्राम सिमरिया माल वाहन से टक्कर हो गई. इस हादसे में 10 लोगों की मौत की बात सामने आ रही है, मृतकों में 6 पुरुष, 3 महिलाएं व एक बच्चा शामिल है.**

वही हादसे में लगभग 35 लोगों के घायल हुए हैं. बताया जा रहा कि गुरुवार को छिंदवाड़ा पुलिस ग्राउंड में हितग्राही सम्मलेन और मुख्यमंत्री मोहन यादव की जनसभा थी. जनसभा में शामिल होने के लिए लोग बसों में सवार होकर आए थे. सीएम मोहन यादव के जाने के बाद सभी बसों में सवार होकर वापस लौट रहे थे. कार्यक्रम से लोगों को लेकर बस मोहखेड़ क्षेत्र की ओर जा रही थी तब रास्ते में सिमरिया हनुमान मंदिर के पास बस की टक्कर लहसून से भरे माल वाहन से हो गई, टक्कर होने के बाद बस पलट गई.

### सीएम ने जताया शोक , सहायता राशि का ऐलान

मोहन यादव ने छिंदवाड़ा-नागपुर रोड पर हुई सड़क दुर्घटना को अत्यंत हृदय विदारक बताया। उन्होंने प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगतों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने घोषणा की कि मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये और गंभीर घायलों को 1-1 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। सभी घायलों का इलाज नि:शुल्क किया जाएगा.

# भ्रष्टाचार करने पर डबरा नपा सीएमओ पर एफआईआर

**ग्वालियर, 26 मार्च. प्रधानमंत्री आवास योजना में कथित भ्रष्टाचार करने पर डबरा नगर पालिका के तत्कालीन सीएमओ पर ईओडब्ल्यू में एफआईआर दर्ज की गई है. सीएमओ ने रिश्वत लेकर हितग्राहियों से उनके खाते में निर्धारित राशि से अधिक अनुदान राशि देकर शासन को 1 करोड़ 31 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक क्षति कारित की है.**

ईओडब्ल्यू से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता धर्मेन्द्र सिंह (हैप्पी ) पुत्र स्व. कश्मीर सिंह पार्षद वार्ड क्रमांक- 11 निवासी वार्ड नं. 11 दीदार कॉलोनी झांसी रोड डबरा द्वारा पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू ग्वालियर को प्रदीप भदौरिया तत्कालीन सीएमओ नगर पालिका परिषद डबरा द्वारा पीएम आवास योजना में 01 अप्रैल 23 से 30 अप्रैल 24 के बीच हितग्राहियों को शासन द्वारा निर्धारित 2.50 लाख रुपये के स्थान पर सांठगांठ कर कई हितग्राहियों के खातों में 3 लाख रूपये की राशि डालने और बिना जियो टैगिंग के हितग्राही से रुपये लेकर उनके खाते में राशि डालने के आरोप पर शिकायत की गई थी, जिसे ईओडब्ल्यू मुख्यालय भोपाल द्वारा शिकायत दर्ज किया जाकर सत्यापन के लिए इकाई ग्वालियर को प्रेषित की गई.

### हितग्राहियों के खातों में नियम विरुद्ध राशि पोर्टल के माध्यम से डाली

जांच में पाया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रति हितग्राही कुल 2 लाख 50 हजार रु. की राशि तीन किश्तों में दी जानी निर्धारित है, इसके विपरीत आरोपियों ने 13 विशिष्ट हितग्राहियों के खातों में नियम विरुद्ध 3-3 लाख रुपये की राशि पोर्टल के माध्यम से डाली. जियो टैगिंग और प्रक्रियाओं की अनदेखी बिना अनिवार्य जियो टैगिंग और बिना नोटशीट संचालन के ही सीधे पीपीए जारी कर भुगतान कराया गया. तत्कालीन सीएमओ प्रदीप भदौरिया ने संविदा कर्मचारी राहुल गुप्ता को नियम विरुद्ध पोर्टल संचालन और भुगतान प्रक्रियाओं के लिए अधिकृत किया था.

### सीएम डॉ. मोहन यादव की शिव आराधना



उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने श्री अंगारेश्वर महादेव का सपत्नीक पूजन, दर्शन कर अभिषेक किया.

## हथियारों से लैस बदमाशों ने सात लाख लूटे

**जबलपुर.** बेलखेड़ा थाना अंतर्गत गुबराकला गांव में बाइक टकराने की बात पर उपजे विवाद के बाद खूनी संघर्ष हो गया. इस दौरान हथियारों ने लैस सरपंच पति ने पुत्र और गुर्गों के साथ मिलकर एक परिवार पर हमला कर दिया. घर में घुसकर उपद्रव मचाया. इस दौरान फायरिंग की भी कोशिश की गई. आरोपित घर से सात लाख रुपये नकद भी लूट कर ले गए. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और देर रात तक सरपंच पति समेत चार नामजद एवं अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की. एसडीओपी लोकेश डाबर ने बताया कि इंद्र कुमार चौधरी पुत्र ऋषिकांत चौधरी, आकाश लोधी, अभिराज लोधी समेत अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है.

# नीरव मोदी की याचिका ब्रिटेन की अदालत में खारिज

**नई दिल्ली, 26 मार्च ( वार्ता ) ब्रिटेन के हाईकोर्ट ने भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को एक बड़ा झटका दिया है और उसके भारत में प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील पर फिर से सुनवाई की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया है. अदालत ने केंद्र सरकार के ताजा आश्वासनों को पर्याप्त और विश्वसनीय मानते हुए यह फैसला सुनाया.**

लंदन स्थित रॉयल कोर्ट ऑफ जस्टिस की खंडपीठ ने फैसले में कहा कि अपील को दोबारा खोलने के लिए असाधारण परिस्थितियों की आवश्यकता होती है, जो इस मामले में मौजूद नहीं हैं. अदालत ने स्पष्ट किया कि कानूनी मापदंडों के आधार पर अपील को फिर से शुरू करने का कोई ठोस कारण नहीं है. यह निर्णय लॉर्ड जस्टिस स्टुअर्ट-स्मिथ और जस्टिस जे ने सुनाया. गौरतलब है कि नीरव मोदी की याचिका मुख्य रूप से 2025 के एक अन्य अदालती फैसले पर आधारित थी.

भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ



# इंदौर में कार बनी कत्ल का हथियार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर, 26 मार्च. शहर की एक पॉश टाउनशिप में पेंट हाउस किराए पर देने को लेकर चल रहे विवाद ने बुधवार रात हिंसक रूप ले लिया.**

रहवासियों और पेंट हाउस मालिक के बीच हुए झगड़े के दौरान एक युवक ने तेज रफ्तार कार भीड़ पर चढ़ा दी, जिसमें एक महिला की मौत हो गई और एक अन्य महिला घायल हो गई. घटना के बाद पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी युवक और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है. घटना में उपयोग वाहन एमपी 09 सीई 7647 भी जब्त कर लिया. घटना लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित एमआर-11 की शिव वाटिका टाउनशिप में बुधवार रात करीब 10.30 बजे हुई. जानकारी के अनुसार टाउनशिप में स्थित पेंट हाउस को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए किराए पर देने को लेकर लंबे समय से रहवासियों में नाराजगी थी. आए दिन बाहरी लोगों की आवाजाही और देर रात तक गतिविधियों के चलते कई बार विवाद हो चुका था.



### पेंट हाउस विवाद में महिला की मौत

# बाढ़ राहत घोटाले में महिला तहसीलदार गिरफ्तार

- ऑडिट जांच में हुआ था खुलासा
- विजयपुर तहसीलदार पद से बुधवार को हटाया था

**मुरैना/श्योपुर, 26 मार्च. चंबल संभाग के श्योपुर जिले में वर्ष 2021 की बाढ़ राहत राशि में हुए करीब ढाई करोड़ रुपये के घोटाले की मुख्य आरोपी महिला तहसीलदार अमिता सिंह तोमर को पुलिस ने आज ग्वालियर स्थित उनके निवास से गिरफ्तार कर लिया.**

पुलिस के अनुसार बड़ौदा तहसील में बाढ़ पीड़ितों के नाम पर फर्जीवाड़ा कर अपात्र और काल्पनिक व्यक्तियों के नाम से मुआवजा राशि निकाली गई थी, जिससे सरकारी खजाने को बड़ा नुकसान पहुंचा. ऑडिट जांच में इस गड़बड़ी का खुलासा हुआ था.



इस मामले में बड़ौदा थाने में अपराध क्रमांक 439/23 के तहत भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत प्रकरण दर्ज किया है. विवेचना में पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया.

बताया गया है कि अमिता सिंह तोमर को बुधवार पहले ही विजयपुर तहसीलदार पद से हटाया गया था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई.

### तहसीलदार ने केबीसी में जीते थे 50 लाख

बता दें कि महिला तहसीलदार अमिता सिंह तोमर साल 2011 में केबीसी (कौन बनेगा करोड़पति) के पांचवें सीजन में 50 लाख रुपये जीतकर सुर्खियों में आई थीं. पिछले वर्षों में सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट और कमेंट डालकर प्रशासन की कार्रवाई को गलत बताने और संविधान से जुड़ी एक पोस्ट पर आपत्तिजनक कमेंट करने पर अमिता निलंबित भी हो चुकी हैं.

## मेडिकल विवि के अधिकारी हाईकोर्ट में तलब

**जबलपुर, 26 मार्च.** मप्र हाईकोर्ट ने एमएससी नर्सिंग (द्वितीय वर्ष) की परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी के मामले को सख्ती से लिया है. जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने मामले में एमपी मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर के कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक को अगली सुनवाई के दौरान उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं. न्यायालय ने उक्त अधिकारियों को यह स्पष्ट करने को कहा है कि विश्वविद्यालय में किस पद्धति से मूल्यांकन किया जा जाता है. न्यायालय ने डिजिटल मूल्यांकन एजेंसी के जिम्मेदार अधिकारी को भी तलब करते हुए मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल को निर्धारित की है.

**जवाब तलब** ▶ सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और एमपी सरकार से पूछा

# 320 पेजों की शिकायत पर अब तक क्या हुआ ?

- फिर खुलेंगी व्यापमं घोटाले की फाइलें
- सोलह अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

**भोपाल/नई दिल्ली, 26 मार्च. मध्य प्रदेश के चर्चित और राजनीति में आग लगने वाले व्यापम महाघोटाले की जांच की आंच एक बार फिर तेज होने वाली है. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए सीबीआई और मध्य प्रदेश सरकार से जवाब तलब किया है.**

कोर्ट ने साफ तौर पर पूछा है कि पूर्व विधायक पारस सकलेचा द्वारा दी गई 320 पन्नों की विस्तृत शिकायत पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है?



जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की खंडपीठ ने आदेश जारी करते हुए कहा कि जांच एजेंसी और राज्य शासन अब तक की गई पूरी जांच और दाखिल की गई चार्जशीट का ब्यौरा शपथ पत्र (एफिडेविट) के साथ अदालत में पेश करें. इस मामले की अगली सुनवाई अब 16 अप्रैल 2026 को होगी.

यह पूरा मामला पूर्व विधायक पारस सकलेचा की याचिका से जुड़ा है. दरअसल, इंदौर हाईकोर्ट ने अप्रैल 2024 में उनकी याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि वे इस मामले में सीधे तौर पर प्रभावित पक्ष नहीं हैं. इसके बाद सकलेचा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, उनके वकील विवेक तन्खा ने दलील दी कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में एक सजग शिकायतकर्ता की भूमिका बेहद अहम होती है.

### 11 साल का सफर और फाइलों में दबी शिकायत

**2014:** एसटीएफ के विज्ञापन के बाद सकलेचा ने पुख्ता दस्तावेजों के साथ पहली शिकायत की।

**2015:** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जांच सीबीआई को मिली। सकलेचा ने दिल्ली में 320 पन्नों के दस्तावेज सौंपे।

**2016:** सीबीआई और एसटीएफ ने बयान दर्ज किए, लेकिन ठोस कार्रवाई के बजाय फाइलें विभाग-दर-विभाग घूमती रहीं।

**2023:** कार्रवाई न होने पर सकलेचा ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।



# युद्ध स्तर पर काम करने के निर्देश

## कामकाज को लेकर पटरियों को पार करते समय होने वाली दुर्घटनाएं चिंताजनक : वैष्णव



**नई दिल्ली 26 मार्च. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल पटरियों पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अधिकारियों को युद्ध स्तर पर काम करने का निर्देश दिया है.**

वैष्णव ने गुरुवार को यहां संबंधित अधिकारियों की कार्यशाला के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जहां रेल पटरी के एक तरफ बस्ती है और दूसरी तरफ़ खेत, विद्यालय, श्मशान या अन्य उपयोगी तथा महत्वपूर्ण स्थान, ऐसे स्थानों पर पुल बनाये जायें. उन्होंने अधिकारियों को देशभर में ऐसी रेल-पुलों का निर्माण करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि रोजमर्रा के कामकाज को लेकर पटरियों को पार करते समय होने वाली दुर्घटनाएं चिंताजनक है.

### गुणवत्ता वाले पुल बनाएं अधिकारी : रेल मंत्री

रेल मंत्री ने अधिकारियों को ऐसी सुविधाजनक पुल बनाने को निर्देश दिया, जिससे रेल पटरियों पार करते समय होने वाली दुर्घटनाएं न हो और लोगों के लिए एक जीवनदायिनी विकल्प के रूप में उभरे. उन्होंने कहा कि पुल के निर्माण के समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि एक आम आदमी साइकिल, मोटर साइकिल तथा कामकाज से जुड़ी अन्य चीजों को भी अपने साथ ले जा सके. इससे देशभर में पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी और एक बड़ी आबादी के लिए वरदान साबित होगी. श्री वैष्णव ने अधिकारियों को अगले पांच से छह साल में देश को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए काम करने का निर्देश दिया. रेलवे ने बताया कि रेल-पुल बनाने का यह निर्णय पिछले कई दिनों से अधिकारियों के साथ चली आ रही मंत्रणा के बाद लिया गया है.

# हल्द्वानी में 60 लाख की स्मैक के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**नैनीताल.** उत्तराखण्ड ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत नैनीताल पुलिस को बुधवार रात को बड़ी सफलता मिली है। नैनीताल विशेष अभियान समूह (एसओजी) और हल्द्वानी पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 203 ग्राम स्मैक के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की कीमत लगभग 60.90 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार, 25 मार्च की रात को हल्द्वानी के बेलबाबा क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक महिला संदिग्ध दिखाई दी, जिसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध स्मैक बरामद हुई.

# नीतीश ने दी 810 करोड़ की योजनाओं की सौगात

- 494 करोड़ की लागत से 106 योजनाओं का शिलान्यास



**बिहारशरीफ, 26 मार्च. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को समृद्धि यात्रा के दौरान नालंदा जिले को 810 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी.**

मुख्यमंत्री ने आज समृद्धि यात्रा के क्रम में नालंदा जिले में बिहारशरीफ नगर निगम अवस्थित दीपनगर स्टेडियम में बने कार्यक्रम स्थल से रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर नालंदा जिले के लिए 316 करोड़ रुपये की लागत से 110 योजनाओं का उद्घाटन एवं 494 करोड़ रुपये की लागत से 106 योजनाओं का शिलान्यास किया. कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के क्रम में नालंदा जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया. मुख्यमंत्री ने बिहारशरीफ-रांची रोड के भरावपर में 84.61 करोड़ की लागत से निर्मित फ्लाईओवर का अनावरण कर लोकार्पण किया.

### नये बड़े उद्योगों के लिए मुफ्त भूमि एवं अनुदान दिया जा रहा है : नीतीश

**पटना.** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को कहा कि राज्य में नये बड़े उद्योगों के लिए मुफ्त भूमि एवं अनुदान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री कुमार ने आज नालंदा जिले के बिहारशरीफ नगर निगम अवस्थित दीपनगर स्टेडियम में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समृद्ध उद्योग सशक्त बिहार के तहत अगले पांच वर्षों में उद्योग लगाने पर पूरा जोर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की जा रही है.

# केजरीवाल ने दी रामनवमी की शुभकामनाएं

## रामनवमी पर्व से भगवान श्रीराम के धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की मिलती है प्रेरणा



**नई दिल्ली, 26 मार्च. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रामनवमी के पावन अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में भगवान श्रीराम का स्मरण करते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की.**

केजरीवाल ने कहा कि यह पर्व मर्यादा, धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रार्थना की कि प्रभु श्रीराम सभी की मनोकामनाएं पूरी करें और देश में खुशहाली बनी रहे। उनका यह संदेश ऐसे समय में आया है जब देशभर में रामनवमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना हो रही है और लोग एक-दूसरे को शुभकामनाएं दे रहे हैं। यह संदेश न केवल धार्मिक आस्था को दर्शाता है, बल्कि सामाजिक एकता और सकारात्मकता का भी प्रतीक है, जो इस त्योहार की मूल भावना को मजबूत करता है.

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रामनवमी के अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने भगवान श्रीराम से प्रार्थना की कि सभी लोगों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। केजरीवाल ने कहा, रामनवमी के इस पावन अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। प्रभु श्रीराम आपकी हर मनोकामना पूरी करें। उनके इस संदेश में धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज के लिए सकारात्मक और आशावादी सोच भी झलकती है। रामनवमी का पर्व भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है और यह दिन भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखता है.

### आज का इतिहास

1668 – इंग्लैंड के राजा चार्ल्स द्वितीय ने बंबई (अब मुंबई) को ईस्ट इंडिया कंपनी को सौंपा.

1898 – भारत में आधुनिक मुस्लिम शिक्षा के समर्थक, सर सैयद अहमद खान का निधन.

1899 – गुग्लिल्मो मार्कोनी ने इंग्लैंड और फ्रांस के बीच पहला अंतरराष्ट्रीय रेडियो प्रसारण किया.


1923 – भारत की दिग्गज मसाला कम्पनी एमडीएच के मालिक धर्मपाल गुलाटी का जन्म.

1961 – पहले विश्व रंगमंच दिवस की शुरुआत हुई.

1964– हिमाचल प्रदेश के राजनीतिज्ञ एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़े सुखविंदर सिंह सुक्खू का जन्म.

# भारत ऊर्जा संकट के लिए तैयार : मनोहर

- घबराने की कोई जरूरत नहीं, सभी आपूर्ति सुचारू
- वैश्विक तनाव से पेट्रोलियम आपूर्ति प्रभावित नहीं



**नई दिल्ली, 26 मार्च. केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि भारत किसी भी संभावित ऊर्जा संकट का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है.**

उन्होंने कहा कि वर्तमान में वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और संघर्ष पेट्रोलियम उत्पादों और गैस की आपूर्ति पर असर डाल सकते हैं, लेकिन फिलहाल घबराने की कोई जरूरत नहीं है। मंत्री ने बताया कि भारत ने अप्रत्याशित परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक सभी तैयारियां कर रखी हैं और देश में ईंधन और गैस का पर्याप्त भंडार मौजूद है। उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा को आत्मनिर्भरता के व्यापक दृष्टिकोण से जोड़ा और बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने घरेलू उत्पादन और संसाधनों को मजबूत बनाया है। मनोहर लाल ने यह भी कहा कि वर्तमान में भारत की ऊर्जा आपूर्ति सुचारू रूप से चल रही है और देश किसी भी कठिनाई का सामना करने में सक्षम है.

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि भारत किसी भी संभावित ऊर्जा संकट का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। वैश्विक संघर्ष और भू-राजनीतिक तनाव से पेट्रोलियम और गैस की आपूर्ति पर असर पड़ सकता है, लेकिन फिलहाल स्थिति स्थिर है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। मंत्री ने बताया कि ऊर्जा आपूर्ति सिर्फ भारत का ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर का मुद्दा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत ने अप्रत्याशित परिस्थितियों का सामना करने और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक कदम उठाए हैं। हमारे पास पेट्रोल, एलपीजी और अन्य आवश्यक ईंधनों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है.

# चर्च ऑफ इंग्लैंड को मिली पहली महिला प्रमुख

**लंदन, 26 मार्च.** चर्च ऑफ इंग्लैंड ने डेम सारा मुलेली को कैंटरबरी की पहली महिला आर्चबिशप के रूप में प्रतिष्ठित किया है। 1534 में चर्च की स्थापना के बाद से इस पद पर बैठने वाली वह पहली महिला हैं। यह समारोह बुधवार को कैंटरबरी कैथेड्रल में आयोजित किया गया।

इसमें ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ-साथ प्रिंस विलियम और वेल्स की राजकुमारी तथा उनकी पत्नी कैथरीन शामिल हुए। अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) की पूर्व नर्स रहीं मुलेली ने ऐतिहासिक दुर्व्यवहार के पीड़ितों के पक्ष में खड़े होने और सुरक्षा तथा जवाबदेही पर ध्यान केंद्रित करने का वादा किया.

# निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले बड़े गिरोह का पर्दाफाश

**देहरादून.** उत्तराखंड पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की साइबर सेल ने गुरुवार को निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने बताया कि श्रीनगर पौड़ी गढ़वाल निवासी को अज्ञात साइबर ठगों ने निवेश के नाम पर अधिक लाभ कमाने का झांसा देकर विभिन्न बैंक खातों में 01 करोड़ 31 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी की। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में साइबर पुलिस स्टेशन देहरादून में मुकदमा अपराध संख्या 62/2025 धारा 318(4), 61(2) भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 66(डी) आईटी एक्ट बनाम अज्ञात में अभियोग पंजीकृत किया गया.

# राहुल ने नर्स की कहानी से केरल की सराहना की

- 'संवेदना ही केरल की असली पहचान' बताया
- मां के इलाज के दौरान भावुक हुए राहुल गांधी



**नई दिल्ली, 26 मार्च. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को उस अस्पताल में रात बिताने का एक भावनात्मक विवरण साझा किया, जहां उनकी मां सोनिया गांधी का इलाज चल रहा है.**

तबियत खराब होने के बाद श्रीमती गांधी को दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज चल रहा है. श्री गांधी ने कहा कि वह रात में अपनी मां के कमरे में एक सोफे पर लेटे थे और उनके स्वास्थ्य को लेकर काफी चिंतित थे. श्री गांधी ने कहा कि उस मुश्किल समय में उन्हें एकमात्र सांत्वना केरल की एक नर्स से मिली, जो नियमित रूप से उनकी मां की देखभाल कर रही थीं और मुस्कुराहट के साथ उन्हें भरोसा दिला रही थीं.

### नर्स ने बिना आराम किए पूरी रात काम किया

पूरी रात, मुझे केवल एक ही चीज़ से सांत्वना मिली – केरल की एक नर्स जो हर घंटे मेरी माँ को देखने आती थीं. वह मुस्कुराती और मां का हाथ थाम लेती थीं. कांग्रेस नेता ने उल्लेख किया कि नर्स ने बिना आराम किए पूरी रात काम किया, जो देश और विदेश में सेवा कर रहे केरल के स्वास्थ्यकर्मियों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. गांधी ने सुबह उनसे पूछा कि क्या उन्हें नींद नहीं आती, जिस पर नर्स ने जवाब दिया कि वह पूरी रात काम करती हैं. उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया सोती है, केरल की महिलाएं... लोगों को सांत्वना दे रही होती हैं, उनका हाथ थामे रहती हैं और उन्हें सहज महसूस कराती हैं.

# रिलायंस टेलीकॉम मामले में सीबीआई की मुंबई में छापेमारी

**नई दिल्ली, 26 मार्च।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड से जुड़े कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में गुरुवार को मुंबई में कई ठिकानों पर छापेमारी की। सीबीआई के एक अधिकारी के अनुसार, यह मामला भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है, जिसमें आरोप है कि आरोपियों ने बैंक को 114.98 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया।मामले में रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड, उसके तत्कालीन निदेशक सतीश सेठ, गौतम बी. दोशी और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सीबीआई ने बताया कि एसबीआई 11 बैंकों के एक कंसोर्टियम का हिस्सा था, जिसने रिलायंस टेलीकॉम को कुल 735 करोड़ रुपये का टर्म लोन प्रदान किया था। एजेंसी ने केस दर्ज करने के बाद मुंबई में सतीश सेठ और गौतम दोशी के आवासों के साथ-साथ रिलायंस टेलीकॉम के पंजीकृत कार्यालय पर तलाशी ली, जहां से ऋण लेनदेन से दस्तावेज बरामद किए गए हैं.

# बंगाल एसआईआर लिस्ट में 13 लाख नाम बाहर

## मतदाता सूची संशोधन में बड़ा बदलाव, जारी हुई पहली लिस्ट

### 76 लाख नाम हटे, पहली सप्लीमेंट्री जारी

**कोलकाता, 26 मार्च. पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पहली सप्लीमेंट्री लिस्ट में लाखों मतदाताओं के नाम शामिल नहीं हो पाए हैं.**

जिससे यह मुद्दा राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों स्तरों पर चर्चा में आ गया है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, अब तक कुल 76 लाख से अधिक नाम मतदाता सूची से हटाए जा चुके हैं। इनमें से करीब 13 लाख नाम हालिया जांच के बाद हटाए गए हैं, जबकि लगभग 28 लाख मामलों पर अभी फैसला होना बाकी है। यह पूरी प्रक्रिया मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन बनाने के उद्देश्य से की जा रही है, लेकिन इतने बड़े पैमाने पर नाम हटने से कई सवाल भी उठ रहे हैं। खासकर यह कि क्या सभी पात्र मतदाताओं को उचित मौका मिला या नहीं। इस बीच, मामला अब न्यायिक प्रक्रिया से भी जुड़ गया है, जिससे आने वाले दिनों में इस पर और स्पष्टता आने की उम्मीद है। पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत जारी पहली सप्लीमेंट्री लिस्ट ने राज्य की चुनावी व्यवस्था को लेकर नई बहस छेड़ दी है। भारत निर्वाचन आयोग की इस प्रक्रिया में अब तक कुल लगभग 76 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा चुके हैं, जिनमें से करीब 13 लाख नाम हालिया जांच के बाद बाहर किए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार, 'विचाराधीन' श्रेणी में रखे गए लगभग 32 लाख मतदाताओं के मामलों की जांच की गई, जिनमें से करीब 40 प्रतिशत नामों को हटाने का निर्णय लिया गया.

**पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव**

### कोलकाता में टीएमसी कार्यकर्ता की गोली मारकर की हत्या

**कोलकाता, 26 मार्च.** दक्षिण कोलकाता में बुधवार देर रात तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक कार्यकर्ता की अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी और एक अन्य युवक घायल हो गया। पुलिस ने आज यह जानकारी दी.

यह घटना बाघजतिन पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूर्वी फूलबागान में आधी रात के आसपास हुई। घटना का पता तब चला जब स्थानीय निवासियों ने एक रिहायशी इमारत की छत से कम से कम तीन राउंड गोलियां चलने की आवाज सुनी और दौड़कर छत पर पहुंचे तो उन्होंने राहुल डे को खून से लथपथ जमीन पर पड़ा पाया. उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गंभीर रुप से घायल युवक की पहचान जीत मुखोपाध्याय के रूप में हुई है। वह अस्पताल में भर्ती है और उसका इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही, पटुली पुलिस थाने से पुलिस का एक बड़ा दस्ता मौके पर पहुंचा। लालबाजार होमिसाइड विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जीत मुखोपाध्याय के बुलाने पर राहुल रात में उसके फ्लैट पर गया था। निवासियों ने दावा किया कि रात 12-30 बजे के कुछ ही देर बाद छत से कई गोलियां चलने की आवाजें सुनाई दीं. जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। जांचकर्ताओं ने स्थानीय निवासियों से पूछताछ शुरू कर दी है और घटनाक्रम को समझने के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं। जीत मुखोपाध्याय की पत्नी से भी पूछताछ की गई है। बताया जा रहा है कि उन्होंने पुलिस को बताया कि देर रात कई अज्ञात लोग उनके फ्लैट में घुस आए और अंधाधुंध गोलियां चलाईं.

# अफगान-पाकिस्तान सीमा पर फिर भड़की हिंसा, 3 की मौत

- सीजफायर खत्म होते ही शुरू हुई गोलीबारी
- गोलीबारी में नागरिकों की मौत, चौकियां तबाह

**इस्लामाबाद, 26 मार्च। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच एक बार फिर सीमा पर तनाव बढ़ गया है.**

ईद के मौके पर घोषित पांच दिन का युद्धविराम खत्म होते ही दोनों देशों के बीच झड़पें फिर शुरू हो गई हैं.इस ताजा हिंसा में कम से कम तीन लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने की खबर है। तालिबान अधिकारियों के अनुसार, पाक सेना की ओर से सीमा क्षेत्रों में भारी गोलाबारी की गई.

जिसके जवाब में अफगान बलों ने कार्रवाई करते हुए कई चौकियों को निशाना बनाया। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब हाल ही में दोनों देशों के बीच संघर्ष को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रयास किए गए थे। हालांकि, सीजफायर खत्म होते ही हालात फिर बिगड़ गए हैं, जिससे क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ने की आशंका है। इस तनाव का असर केवल सीमा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र की सुरक्षा और शांति के लिए एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है.

# जयशंकर फ्रांस दौरे पर, जी-7 बैठक में लेंगे भाग

- आर्थिक चुनौतियों जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना
- विदेश मंत्रियों के साथ चर्चा करने की भी संभावना



**पेरिस, 26 मार्च. भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर दो दिवसीय फ्रांस दौरे पर हैं, जहां वे जी-7 विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे. यह बैठक वैश्विक राजनीति और सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है.**

इस दौरान वे कई देशों के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। बैठक में यूक्रेन युद्ध, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक आर्थिक चुनौतियों जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। भारत की इस भागीदारी को अंतरराष्ट्रीय मंच पर उसकी बढ़ती भूमिका के रूप में देखा जा रहा है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर फ्रांस के दो दिवसीय दौरे पर हैं, जहां वे जी -7 देशों के विदेश मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक में भाग ले रहे हैं.

### नामांकन वापसी का समय समाप्त, करीब 2,200 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे

**नयी दिल्ली, 26 मार्च.** असम, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों के साथ-साथ गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा में उपचुनावों के लिए नामांकन वापस लेने की समय-सीमा गुरुवार दोपहर तीन बजे समाप्त हो गयी। चुनाव आयोग के मुताबिक नामांकन पत्रों की जांच पूरी हो चुकी है और लगभग 2,200 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 15 मार्च को की गयी थी, जिसके तहत मतदान का पहला चरण नौ अप्रैल को निर्धारित है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार तीन राज्यों की 296 विधानसभा सीटों पर 2,140 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। असम की 126 सीटों पर 789 उम्मीदवार, केरल की 140 सीटों पर 985 उम्मीदवार और पुडुचेरी की 30 सीटों पर 366 उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं उपचुनावों में चार राज्यों के पांच निर्वाचन क्षेत्रों में 66 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव आयोग ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि नामांकन पत्रों की जांच रिटर्निंग अधिकारियों ने उम्मीदवारों और उनके अधिकृत एजेंटों की उपस्थिति में की और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करायी है। वैध नामांकित उम्मीदवारों की सूची, फोटो के साथ नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गयी है.

### केरल चुनाव में गर्मी का असर, बदला प्रचार का टाइम


सुबह-शाम रैलियां, दोपहर में सीमित गकेरल में आगामी चुनावों से पहले बढ़ती गर्मी ने चुनावी माहौल को भी प्रभावित करना शुरू कर दिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य में गर्म और आर्द्र मौसम की चेतावनी जारी की है, बाद सरकार ने लोगों को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक बाहर न निकलने की सलाह दी है। इसका असर सीधे चुनाव प्रचार पर पड़ा है, जहां उम्मीदवारों को अपनी रणनीति बदलनी पड़ रही है। अब रैलियां और रोड शो सुबह जल्दी और शाम को आयोजित किए जा रहे हैं.

### एमपीपी और एमजेके को एक-एक सीट आवंटित

**चेन्नई, 26 मार्च.** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) ने 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए अपने बहुदलीय धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन (एसपीए) में तीन छोटे दलों को एक-एक सीट आवंटित की है। बुधवार देर रात द्रमुक की सीट साझाकरण समिति के साथ हुई बैठक के बाद वीएमएस मोहम्मद मुबारक की सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई), अभिनेता करुणास की मुकुलथोर पुली पडाई (एमपीपी) और तमीमुम अंसारी की मनिथनेया जननायक कच्ची (एमजेके) को गठबंधन में शामिल किया गया। द्रमुक ने अब तक अपने नौ सहयोगियों के साथ सीट साझाकरण समझौते किए हैं.

**कार्यक्रम** गोरखपुर सेंटर के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कहा-

# विकास की रफ्तार को बढ़ा सकती है टेक्नोलॉजी : योगी



**गोरखपुर 26 मार्च. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टेक्नोलॉजी विकास की रफ्तार को कई गुना बड़ा सकती है और गति को प्रगति में बदल सकती है.**

इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने कई कार्यक्रम शुरू किए हैं और बजट में टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान देने का प्रयास किया है। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के गोरखपुर सेंटर के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, जब हम तकनीक नहीं अपनाते उससे परहेज करते हैं तो प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं और जब प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं तो प्रगति की जगह दुर्गति की ओर जाते हैं.

### जनता की हर समस्या का समाधान करें अधिकारी

**गोरखपुर.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर शिकायत का त्वरित, निष्पक्ष और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि चिंता मत करिए, सरकार आपकी हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी.

### गैस और पेट्रोल की सप्लाई सामान्य

**गोरखपुर.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने लोगों से रसोई गैस या पेट्रोल-डीजल को लेकर किसी भी तरह की अफवाहों से बचने की अपील करते हुये साफ किया कि गैस सिलेंडर के लिए एजेंसियों के बाहर लाइन लगाने की कोई आवश्यकता नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर अफवाह फैलाकर प्रदेश का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं.

नवभारत
| संस्थापक : स्व. रामगोपाल माहेश्वरी | प्रेरणा स्त्रोत : स्व. प्रफुल्ल माहेश्वरी |

## अफवाहों से सचेत रहने की जरूरत

मध्य प्रदेश सहित देश के कई हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से पेट्रोल पंपों पर असामान्य भीड़ और लंबी कतारें एक नए तरह के 'संकट' का संकेत दे रही हैं. इंदौर, भोपाल और ग्वालियर जैसे शहरों में हालात ऐसे बन गए कि सड़कों पर ट्रैफिक तक प्रभावित हुआ. लेकिन इस पूरे घटनाक्रम का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह संकट वास्तविक कमी का नहीं, बल्कि अफवाहों और मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया का परिणाम है. सोशल मीडिया पर फैली ईंधन की कमी की अपुष्ट खबरों ने लोगों के मन में भय पैदा कर दिया. यह भय इतनी तेजी से फैला कि देखते ही देखते 'पैनिक बाइंग' की स्थिति बन गई. लोग अपनी गाड़ियों की टंकियां फुल कराने के साथ-साथ बोतलों और डिब्बों में भी पेट्रोल भरवाने लगे. परिणामस्वरूप, जिन पेट्रोल पंपों पर सामान्य दिनों में पर्याप्त स्टॉक रहता था, वहां भी कुछ समय के लिए ईंधन खत्म होने की स्थिति बन गई. यह एक क्लासिक उदाहरण है कि कैसे अफवाहें वास्तविकता को प्रभावित कर सकती हैं.

आंकड़े बताते हैं कि कई शहरों में ईंधन की खपत सामान्य से दो से तीन गुना तक बढ़ गई. यह वृद्धि किसी औद्योगिक या परिवहन मांग के कारण नहीं, बल्कि सामूहिक घबराहट का नतीजा है. जब हजारों लोग एक साथ पेट्रोल पंपों पर पहुंचते हैं, तो आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव पड़ना स्वाभाविक है. टैंकरों की आपूर्ति और पंपों की रिफिलिंग एक निश्चित प्रक्रिया के तहत होती है, जिसे अचानक बढ़ी मांग के अनुरूप तुरंत बढ़ाना संभव नहीं होता. यही कारण है कि अस्थायी अव्यवस्था को लोग स्थायी संकट समझ बैठते हैं. सरकार और प्रशासन ने इस स्थिति को लेकर स्पष्ट रुख अपनाया है. पेट्रोलियम मंत्रालय ने साफ कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है. आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह सक्रिय है और कहीं भी वास्तविक कमी नहीं है. इसके बावजूद, अफवाहों की ताकत इतनी अधिक है कि सरकारी आश्वासन भी कई बार लोगों के डर को तुरंत समाप्त नहीं कर पाते. यह स्थिति हमारे समाज में सूचना के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता और कभी-कभी विवेकहीन प्रतिक्रिया को उजागर करती है.

इस पूरे प्रकरण का एक चिंताजनक पहलू यह भी है कि लोग बिना आवश्यकता के ईंधन का भंडारण करने लगे. पेट्रोल को डिब्बों या बोतलों में भरकर रखना न केवल गैरजरूरी है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी बेहद खतरनाक है. इस तरह का व्यवहार न केवल व्यक्तिगत जोखिम बढ़ाता है, बल्कि सामूहिक संकट को भी गहरा करता है. वास्तव में, यह सामाजिक जिम्मेदारी की कमी का संकेत है. समाधान स्पष्ट है, लेकिन उसके लिए सामूहिक अनुशासन की आवश्यकता है. सबसे पहले, नागरिकों को यह समझना होगा कि हर सूचना सत्य नहीं होती. सोशल मीडिया पर प्राप्त किसी भी खबर को बिना पुष्टि के स्वीकार करना या आगे बढ़ाना स्थिति को और बिगाड़ता है. दूसरे, आवश्यकता के अनुसार ही ईंधन लेना चाहिए. यदि वाहन में पर्याप्त पेट्रोल है, तो केवल डर के कारण पंप की ओर दौड़ना समस्या को बढ़ाने जैसा है.

प्रशासन को भी चाहिए कि वह पारदर्शिता और त्वरित संचार के माध्यम से जनता का विश्वास बनाए रखे. साथ ही, अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है, ताकि भविष्य में इस तरह की स्थितियों को रोका जा सके. कुल मिलाकर यह घटना हमें यह सिखाती है कि किसी भी व्यवस्था की सबसे बड़ी परीक्षा संकट में नहीं, बल्कि अफवाहों के समय होती है. ईंधन की कमी नहीं है, लेकिन संयम और विवेक की कमी जरूर दिखी है. यदि समाज ने इस अनुभव से सीख ली, तो भविष्य में ऐसे 'कृत्रिम संकट' पैदा होने से रोके जा सकते हैं.

# पूजनीयता से समानता की ओर भारतीय नारी



सुश्रीचेतना

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता, अर्थात जहाँ नारी की पूजा होती है, वहाँ देवताओं का वास होता है. प्रश्न यह है कि क्या केवल पूजनीय कह देने भर से महिलाओं को वास्तव में समान अधिकार और सम्मान मिल पाया है? क्या समाज ने उन्हे समान अवसर, स्वतंत्रता और अपने जीवन से संबंधित निर्णय लेने का अधिकार प्रदान किया है?

> परिवर्तन की वास्तविक शुरुआत समाज के व्यापक स्तर से नहीं, बल्कि उसकी सबसे छोटी और सबसे महत्वपूर्ण इकाई—परिवारऔर स्वम से होती है. यही वह आधार है जहाँ से विचार, संस्कार और दृष्टिकोण विकसित होते हैं. अत: यह बदलाव मुझसे और मेरे अपने परिवार से प्रारंभ हो सकता है. यदि प्रत्येक परिवार अपने घर में बेटा और बेटी के बीच समान व्यवहार सुनिश्चित करे—उन्हें शिक्षा, पोषण, अवसर और निर्णय के अधिकार में समानता प्रदान करे—तो यही छोटे-छोटे प्रयास मिलकर पूरे समाज में एक सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेंगे. जब समाज इस सत्य को स्वीकार कर लेगा कि स्त्री और पुरुष एक-दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं, और दोनों की समान भागीदारी से ही संतुलित एवं समग्र विकास संभव है .आइए भारत को एक महान नागरिक राष्ट्र बनाने के लिए एक साथ हुंकार करें.

यदि हम स्त्री को देवी का स्वरूप देकर उसे मंदिर की वेदी पर स्थापित कर दें, तो यह देखने में सम्मानजनक अवश्य प्रतीत होता है, परंतु वह, वहाँ से न तो अपनी इच्छा से उठ सकती है, न ही अपने विचार स्वतंत्र रूप से अभिव्यक्त कर सकती है और न ही अपने जीवन के निर्णय स्वयं ले सकती है. यही पितृसत्ता् का असली रूप है, जो एक अदृश्य बंधन का रूप ले लेती है, जो स्त्री की स्वतंत्रता, निर्णय, स्वायत्तता और उसके व्यक्तित्व के समुचित विकास को सीमित कर देती है. लेकिन20वीं सदी के मध्य में माँ को फिर से एक प्रेरक प्रतीक बना दिया गया, जैसे भारत माता या शक्ति और रक्षा करने वाली माँ के रूप में. बेटी के रूप में महिला को देखने से एक नई सोच शुरू हुई—बचपन से ही लड़की होने का दर्द, किशोरावस्था में डर और असुरक्षा, शादी के बाद घर छोड़ने का दुख, अकेलापन, और अपनी पहचान खोने का एहसास. फिर जब एक बेटी का जन्म होता है, तो वही दर्द और अनुभव दोबारा दोहराए जाते हैं.समय के साथ माँ का प्रतीक कम इस्तेमाल होने लगा. उसकी जगह दो नई छवियाँ सामने आईं—एक बेटी के रूप में महिला और दूसरी पत्नी (पीड़ित/संकोच) में जीने वाली महिला. इन दोनों ने महिला को केवल माँ या पत्नी के रूप में देखने के बजाय उसके अपने व्यक्तित्व और उसकी काम करने की क्षमता पर ध्यान दिया. किन्तु21वीं सदी में, इसके स्थान पर आर्थिक रूप से स्वतंत्र महिला की छवि उभरती दिखाई देती है, जिसे महिला श्रम बल भागीदारी दर में वृद्धि से देखा जा सकता है. फिर भी, पितृसत्तात्मक मानसिकता उसकी स्वतंत्रता पर नए प्रकार के नियंत्रण थोपती है—जैसे उसके करियर की प्रगति, पहनावे और घरेलू निर्णयों को निशाना बनाकर.

आज़ादी के बाद हमारा संविधान महिलाओं और पुरुषों के बीच समानता की बात करता है और जेंडर या सेक्स के आधार पर किसी भी तरह के भेदभाव को गलत मानता है, सिवाय कुछ प्राकृतिक अंतर के.फिर भीसबसे दुखद पहलू यह है कि देश में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की घटनाएँ कम नहीं हो रही हैं. राष्टीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की वर्ष2023 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में महिलाओं के विरुद्ध कुल 4,48,211 मामले दर्जकिए गए, जो वर्ष2022 की तुलना में वृद्धि को दर्शाते हैं. इन अपराधों में सर्वाधिक मामलेपति या उसके संबंधियों द्वारा क्रूरता (लगभग 29.8 प्रतिशत) के हैं, जो यह स्पष्ट करते हैं कि महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित स्थान कई बार उनका अपना घर ही बन जाता है.इसी तरहपिछले पाँच दशकों में बलात्कार की घटनाएँ लगभग12 गुना बढ़ी हैं. उदाहरण के लिए, 1972 में2,562 मामलों से बढ़कर 2021 में31,677 मामले दर्ज हुए. यह बेहद चिंताजनक स्थिति है.

महिलाओं के प्रति बढ़ते ऐसे अपराध यह सवाल खड़ा करते हैं कि क्या इस प्रकार की परिस्थितियाँ वास्तव में विकास या विकसित भारत की दिशा को दर्शाती हैं. मैं स्वयं एक लड़की हूँ, और मुझे यह अनुभव होता है कि भारत की अनेक लड़कियाँ इस दोहरी सामाजिक स्थिति से गुजरती हैं. हर लड़की के अपने अनुभव होते हैं-परिवार से लेकर समाज तक, घर से लेकर कार्यस्थल तक जहाँ वे भेदभाव, संघर्ष, चुनौतियों और प्रताड़ना का सामना करती हैं. इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि स्त्री को केवल पूजनीय बनाकर ऊँचे स्थान पर स्थापित करने के बजाय उसे एक समान मानव के रूप में स्वीकार किया जाए. उसे वही अधिकार, वही अवसर और वही स्वतंत्रता प्राप्त होनी चाहिए, जो एक पुरुष को मिलती है. उसे अपने जीवन से संबंधित निर्णय स्वयं लेने की स्वतंत्रता हो तथा समाज उसकी इच्छाओं और क्षमताओं का सम्मान करे.

**( सहायक प्रोफेसर एवं सामाजिक चिंतक,खरगोन )**

# असम में हिमंत को गोगोई की चुनौती

**असम** विधानसभा की 126 सीटों का चुनाव केवल एक चरण में होने जा रहा है जिसमें ढाई करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. चुनाव क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण की वजह से इस बार नई चुनौतियां सामने आ गई हैं. एसआईआर का भी असर देखा जाएगा. हिमंता सरकार ने अवैध भूमि कब्जे हटाए हैं व घुसपैठियों पर एक्शन लिया है. इसका परिणाम मतदान पर पड़ना स्वाभाविक है. इसके अलावा सरकार ने सीधे लाभ हस्तांतरण वाली योजनाएं ओरुनोदोयी व लखपति नैदो शुरू की हैं. जिस तरह बिहार में नीतीश सरकार ने हर महिला के खाते में 10,000 रुपये जमा कर चुनाव जीता था कुछ वैसा ही लाभ हिमंता सरकार को असम में हो सकता है. महिला वोटों का समर्थन चुनाव जिताने में बड़ी भूमिका निभाता है. बीजेपी असम की सभी सीटों पर चुनाव न लड़ते हुए कुछ सीटें एनडीए के घटक दलों असम गण परिषद व बीपीएफ के लिए छोड़ेगी. बोडो समुदाय के वोटों के लिए बीजेपी कभी यूपीपीएल तो कभी बीपीएफ के साथ गठबंधन करती रही है. असम में 6 समुदायों ने अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग की है. बीजेपी को इस संबंध में भी सोचना होगा. उत्तरी असम में आदिवासी वोट ज्यादा हैं. कांग्रेस, गौरव गोगोई के नेतृत्व में बीजेपी को चुनौती दे रही है. गौरव ने जोरहाट क्षेत्र से लोकसभा चुनाव जीता था. इस क्षेत्र में 10 विधानसभा सीटें हैं. अब विधानसभा चुनाव में उन्हें अपना दमखम दिखाना होगा. भारत जोड़ो यात्रा में गौरव गोगोई राहुल गांधी के साथ थे. उन्होंने खुद भी समय परिवर्तन-माटी बचाओ, जाति बचाओ यात्रा निकाली थी. चुनाव क्षेत्र परिसीमन, मतदाता सूची में संशोधन तथा महिला मतदाताओं के रुख का चुनाव पर प्रभाव पड़ने की संभावना है. इस विधानसभा चुनाव में असम जातीय परिषद व राइजोर दल जैसी क्षेत्रीय पार्टियां भी भाग लेंगी. कांग्रेस को उम्मीद है कि मतदाता इस बार बदलाव के लिए वोट देंगे जबकि बीजेपी मानती है कि सर्वानंद सोनोवाल के राष्ट्रीय स्तर की राजनीति में जाने के बाद हिमंत बिस्वा सरमा ही असम में बीजेपी के प्रभावशाली नेता हैं जो पार्टी को विजय दिलाएंगे.



संपादकीय बोर्ड | प्रबंध संपादक : सुमीत माहेश्वरी, समूह संपादक : क्रांति चतुर्वेदी

महाकौशल की डायरी

## श्रद्धांजलि सभा बन गई सियासी अखाड़ा...



अविनाश दीक्षित

**विगत** दिनों नरसिंहपुर में स्वतंत्रता सेनानी रानी अवंतीबाई लोधी के 168वें बलिदान दिवस पर आयोजित कांग्रेस की श्रद्धांजलि सभा अचानक सियासी अखाड़े में बदली तो स्थानीय भाजपा नेताओं को मानों एक बड़ा मुद्दा मिल गया .. हुआ भी कुछ इस तरह कि कांग्रेसी गुटबाजी को लेकर भाजपा नेताओं ने खूब चुटकियां लीं. कुछ भाजपाई शेरो शायरी तो कुछ स्थानीय लोकोक्ति के जरिये तंज कसते नजर आए. दरअसल श्रद्धांजलि सभा में भरे मंच से भाषण दे रहे कांग्रेस के विधानसभा प्रत्याशी रहे लाखन सिंह पटेल को लंबा भाषण देने से रोका गया, जिसके बाद लाखन सिंह के समर्थकों ने हंगामा करना शुरू कर दिया. बड़ी बात तो ये थी कि कांग्रेस के ही लाखन सिंह पटैल और पूर्व विधायक सुनील जायसवाल के बीच विवाद कांग्रेस के पूर्व सांसद व मुख्य अतिथि नकुल नाथ के सामने हुआ. जिसे देख नकुलनाथ भी सकते में आ गए.

राजनैतिक जानकारों की मानें तो प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को विवाद करने और अनुशासन तोड़ने वाले नेताओं की शिकायत की गई है, अब देखना होगा कि आने वाले दिनों में इन पर किस तरह की कार्रवाई संगठन स्तर पर सुनिश्चित की जाती है. प्रत्यक्षदर्शियों ने भी स्पष्ट किया कि यदि पुलिस बल स्थिति को नहीं संभालता तो नतीजा बेहद गंभीर सामने आता. पुलिस सूत्रों के मुताबिक पूरा विवाद छींटाकशी के चलते हुआ था. दूसरी तरफ पूरे विवाद ने कार्यक्रम की गरिमा पर भी सवाल खड़े किए. खबर है कि लाखन सिंह पटेल को बीच में ही भाषण खत्म करने की बात को उनके समर्थकों द्वारा अपमान बताया गया और निंदा की गई कि संगठन जब एक है और संगठन का ही नेता भाषण लंबा दे रहा है तो उसे व्यक्तिगत रूप से अपमानित क्यों किया गया.



## पूर्व विधायक ने रेत चोरी का कर दिया लाइव प्रसारण...



वर्तमान ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष एवं जबलपुर के बरगी विधानसभा के पूर्व विधायक संजय यादव ने सत्ता पक्ष के नेताओं के साथ प्रशासनिक खेमे में खलबली मचाई तो उनको घेरने की तैयारियां राजनैतिक मैदान में शुरू होने लगीं. हुआ यूं कि जिले के चरगवां से शहपुरा जाते वक्त मां नर्मदा के मालकच्छार घाट में दिनदहाड़े रेत का उत्खनन हो रहा था कि तभी वहां पहुंचे संजय यादव ने फेसबुक लाइव शुरू किया और रेत के अवैध उत्खनन की पोल खोल कर रख दी. रेत के अवैध उत्खनन को लेकर पूर्व विधायक संजय यादव ने सोशल मीडिया में कलेक्टर के लिए भी संदेश लिखा कि साहब इस मुद्दे को गंभीरता से लें.

सर्वविदित है कि माँ नर्मदा के तटों से रेत चोरी के लिए शहपुरा, चरगवाँ, बरगी, सिलुआ, जमतरा, खिरेहनी, मालकच्छार, सिहोरा आदि क्षेत्रों के घाट सर्वाधिक बदनाम हैं. सोशल मीडिया में संजय यादव ने दो टूक कहा है कि खनिज विभाग, जिला प्रशासन के अधिकारियों की संलिप्तता के कारण धड़ल्ले से मां नर्मदा का आंचल छलनी हो रहा है इसलिए मैं आज ये लाइव चलाकर प्रमाण दे रहा हूं. प्रमाण सामने आते ही सवाल खड़े होने लगे कि आखिर कहां छिपकर बैठा है खनिज विभाग.

## दोहरी भूमिका निभाते पकड़ी गई खाकी.....



पिछले दिनों जिला अदालत जबलपुर के अंदर पुलिस कर्मी अधिवक्ता का काम करते रंगे हाथों पकड़ाया तो न्यायिक व्यवस्था पर तमाम सवाल खड़े हो गये . अधिवक्ताओं ने आरोप लगाकर दो टूक कहा कि बिना अंदरुनी मिलीभगत के इस तरह की प्रक्रिया संभव नहीं है. इस कारनामे ने पूरे सिस्टम की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है. आरोप ये लगे कि जिला एवं सत्र न्यायालय जबलपुर के कोर्ट नंबर 2 के बाहर पुलिसकर्मी श्रीकांत गुर्जर (आबकारी) और श्वेता ठाकुर ने निर्धारित जुर्माना राशि से अधिक रुपए पक्षकारों से लिए . इसके बाद वह स्वयं ही ऑनलाइन माध्यम से जुर्माना जमा किए, जो कि स्थापित प्रक्रिया के विपरीत था. आरोप ये भी लगे कि पुलिसकर्मी न सिर्फ चालान पेश कर रहे थे, बल्कि पक्षकारों से सीधे संपर्क कर पूरे केस की प्रक्रिया खुद ही संभाल रहे थे. अधिवक्ता के द्वारा पकड़े गए पुलिस कर्मी का सोशल मीडिया में वीडियो भी जमकर वायरल हुआ तो खबर एसपी तक पहुंच गई. नतीजतन चालान ड्यूटी वाले पुलिस कर्मियों की आपात बैठक बुलाई गई और उन्हें सख्त लहजे में कहा गया कि आपका जितना काम है सिर्फ उतना ही करें नहीं तो खैर नहीं होगी. उधर सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होते ही पुलिस कर्मियों की अवैध वसूली को लेकर भी शहरवासियों द्वारा काफी तंज कसे गए . पूरे मामले ने खाकी पर दाग तो लगाया ही इसके साथ ही पुलिस की कार्यशैली को भी कटघरे में खड़ा किया.

निशानेबाज

# मोदी-शाह फिर ठोकेंगे ताल ममता मुक्त कैसे हो बंगाल

**प**ड़ोसी ने हमसे कहा, 'निशानेबाज, देश मलेरिया मुक्त हो चुका है लेकिन बंगाल ममता मुक्त कैसे होगा? बीजेपी छटपटा रही है कि बंगाल में भगवा लहराए, क्या मोदी अपने मन की मुराद पूरी कर पाएंगे? बंगाल के लोग यदि जय जय श्रीराम कहने लगें तो उनका बेड़ा पार हो जाएगा.'

हमने कहा, 'कोशिश करने वालों की हार नहीं होती. बीजेपी भारी पड़े, इसके लिए सुबेंदु अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है. बीजेपी की प्लानिंग है कि ममता बनर्जी को उनके निर्वाचन क्षेत्र में इस तरह घेरकर दबाव बनाया जाए ताकि वह चुनाव प्रचार के लिए राज्य के अन्य क्षेत्रों में जाने ही न पाएं और अपनी सीट बचाने की उधेड़बुन में लगी रहें. जिस तरह अमेरिका व इजराइल ने ईरान को निशाना बनाया है वैसे ही बीजेपी टीएमसी पर टूट पड़ेगी. मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, जेपी नड्डा सब मिलकर टीएमसी को दफनाने के लिए गड्ढा खोद देंगे.'




पड़ोसी ने कहा, 'निशानेबाज, आपको मालूम होना चाहिए कि ओपीनियन पोल में बीजेपी के सारे मंसूबे ध्वस्त हो गए हैं और बंगाल में चौथी बार ममता सरकार बनने जा रही है. 294 सदस्यों वाली बंगाल विधानसभा में ममता के नेतृत्व वाली टीएमसी 184 से 194 सीटें हासिल करेगी वहीं बीजेपी पूरा जोर लगाने पर भी 98 से 108 सीटें जीतेंगी. 41.9 प्रतिशत लोगों ने टीएमसी के प्रति अपना समर्थन जताया है.'

हमने कहा, 'ओपीनियन पोल पर आंख मूंदकर भरोसा मत कीजिए. असली नतीजे कुछ अलग हो सकते हैं. कप के होंठों तक पहुंचने के दौरान कभी भी वह पकड़ से फिसल सकता है. अंग्रेजी में कहते हैं- देयर आर मैनी ए स्लिप्स बिटवीन ए कप एंड लिप्स! बंगाल का उद्धार डबल इंजन सरकार कर सकती है. केंद्र व राज्य दोनों में एक ही पार्टी रहने से फर्क पड़ेगा.'

पड़ोसी ने कहा, 'निशानेबाज, यह भ्रम है. ममता के कदम मजबूत हैं. वहां मोदी का मैजिक चल पाना मुश्किल है. वैसे वह रवींद्रनाथ टैगोर जैसी लंबी दाढ़ी बढ़ाकर अपनी चुनाव सभा में ललकार कर कह सकते हैं- दीदी ओ दीदी! दूसरी ओर मुस्लिम वोट भर देंगे ममता की झोली!'

शब्द-सागर : डॉ. सागर खादीवाला

## CROSS WORD 12210

-डॉ. सागर खादीवाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | |
| | ■ | | ■ | 5 | | | ■ |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | 8 |
| ■ | 9 | ■ | ■ | ■ | 10 | ■ | |
| 11 | | 12 | 13 | | | 14 | ■ |
| ■ | 15 | | | ■ | 16 | | 17 |
| 18 | | | ■ | 19 | ■ | 20 | |
| | ■ | ■ | 21 | | | ■ | |

**बाएं से दाएं**
1. संगीत का रचनाकार 4. गायब होना, नाश, अभाव 5. वह राक्षस जिसने स्वर्ण हिरन बनकर सीताजी को धोखा दिया था 6. फलयुक्त होना, फल देना 7. अभिनेता, एक जाति 11. रेलगाड़ी 15. केला, एक हिरन (सं.) 16. रमणी, राधिका की एक सखी 18. चंद्रमा, कपूर 20. मामा की पत्नी 21. जो सुनने में अच्छा लगे, मीठा, जो क्लेशप्रद न हो

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, जगत, गृहस्थी 2. ओर, बगल, पक्ष (उर्दू) 3. रमण कराना, अनुकूल बनाना 4. आंख, नयन 8. बूंद के टपकने का शब्द आकाशगंगा (उर्दू) 9. 10. दक्षिण भारत की एक जाति का नाम, इस जाति के लोगों की भाषा 12. तमगा 13. स्थान, जगह, थल के नीचे का तल 14. नीलिमा 17. भवन निर्माण का काम (उर्दू) 18. इंद्र की पत्नी 19. धार्मिक जीवन बिताने वाला संत व्यक्ति, मुनि

**Solution 12209**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हि | मा | च | ल | ■ | इ | ला | ज |
| ल | ■ | क | ह | ना | ■ | भ | ला |
| ना | ग | वा | र | ■ | क | ■ | व |
| ■ | ह | ■ | ■ | वा | र | दा | त |
| प | रा | म | र्श | दा | ता | ■ | न |
| छा | ना | ■ | ■ | खि | र | ना | ■ |
| ड़ | ■ | बं | ग | ला | ■ | ■ | नो |
| ना | लं | दा | ■ | फी | ल | वा | न |

## ज्योतिषाचार्य पंडित प्रियंका नारायणशंकर व्यास, कोतवाली बाजार, जबलपुर (म.प्र.)

### आज जिनका जन्मदिन है


वर्ष के प्रारंभ में सामाजिककार्यो मेंख्याति मिलेगी, नई योजनाओं में परामर्श होगा, वर्ष के मध्य में भूमि भवन आदि के मामलों मेंसफलता मिलेगी, वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा, वर्ष के अन्त में राजनैतिक क्षेत्र में विवाद होगा, व्यापार व्यवसाय में भागदौड़ करना होगी, निकट संबंधी के कारण मानसिक तनाव रहेगा.

मेष और वृश्चिक राशि के व्यक्तियों के व्यापार में भागदौड़ रहेगी, वृष और तुला राशि के व्यक्तियों को राजनैतिक क्षेत्र में विवाद होगा, कर्क राशि के व्यक्तियों को निकट संबंधी के कारण मानसिक तनाव मिलेगा, मकर और कुंभ राशि के व्यक्तियों को व्यापार में भागदौड़ रहेगी, धनु और मीन राशि के व्यक्तियों को आपसी तनाव रह सकता है, सिंह राशि के व्यक्तियों को भूमि भवन संबंधी कार्यो में सफलता मिलेगी. मिथुन और कन्या राशि के व्यक्तियों को कम मेहनत में अच्छी सफलता के योग है.

### आज जन्मे शिशु का भविष्य

आज जन्म लिये बालक का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा. बालक सुन्दर सुशील मिलनसार होगा. बाग बगीचों भूमि भवन मकानआदि का अच्छा सुख प्राप्त करेगा. कृषि एवं व्यवसाय दोनों क्षेत्रों में उन्नति करेगा. योजनाबद्ध तरीके से काम करेगा. न्यायप्रिय होगा.

### उदयकालीन ग्रह चाल




### पंचांग

रा.मि. 06 संवत् 2083 चैत्र शुक्ल नवमीं भृगुवासरे दिन 12/2, पुनर्वसु नक्षत्रे शाम 5/12, अतिगण्ड योगे रात 11/54, कौलव करणे सू.उ. 5/56, सू.अ. 6/4, चन्द्रचार मिथुन दिन 11/33 से कर्क, पर्व- श्रीराम नवमीं व्रत, जवारे विसर्जन, शु.रा. 4,6,7,10,11,2 अ.रा. 5,8,9,12,1,3 शुभांक- 6,8,2.

**मेष**- पारिवारिक जीवन में सुख एवं आनन्द रहेगा. पद की प्राप्ति होगी. अधिकारियों से मेल तरक्की में सहायक होगा. साहसिक प्रयासों में यश मिलेगा.

**वृषभ**- नये संबंधों में लाभ होगा. स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रिय संदेश प्राप्त होगा. यश मिलेगा. धन लाभ होगा. आजीविका के संबंधों में सफलता मिलेगी.

**मिथुन**- कोर्ट कचहरी आदि के कार्यो में सफलता प्राप्त होगी. अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा. यात्रा आदि में उठाईगीरों से सावधानी रखें.

**कर्क**- अचानक खर्च आ सकता है. पारिवारिक विवाद से पीड़ा होगी. दूर गये मित्र के संबंध में शुभ समाचार मिल सकता है. मान सम्मान बढ़ेगा.

**सिंह**- नवीन मित्रों का समागम होगा महत्वपूर्ण कार्यो पर विचार होगा. व्ययभार की अधिकता रह सकती है. मान सम्मान में वृद्धि होगी.

**कन्या**- राजनैतिक क्षेत्र में विस्तार होगा. नौकर चाकरों तथा सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा. निजी दायित्वों की पूर्ति होगी. व्यर्थ के विवादों से बचें.

**तुला**- अधिकार के क्षेत्र में वृद्धि होगी. नवीन योजनाओं में खर्च अधिक होगा. संतान आदि के कार्य में सफलता, कारोबारी यात्रा होगी.

**वृश्चिक**- दूसरों पर अत्याधिक विश्वास करना नुकसानदायक रहेगा. धन प्राप्ति के मार्ग सामने आयेंगे, भावनात्मक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी.

**धनु**- भाग्यवर्धक शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा. आर्थिक एवं व्यवसायिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी. यश मिलेगा.

**मकर**- मित्रों एवं निकट संबंधियों का कार्य बनने का योग है. स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी. तीखी बातें करने से अपनों को नाराज कर लेंगे.

**कुम्भ**- उदर एवं विकार, रक्त विकार आदि से पीड़ा हो सकती है. सोच विचार कर निर्णय लेना हितकर रहेगा. कानूनी मामलों में धैर्य से काम लें.

**मीन**- कोर्ट कचहरी आदि से संबंधित कार्य बनने का योग है. स्वास्थ्य चिन्ता रह सकती है. धार्मिक आयोजनों में शामिल होने से खुशी होगी.

### व्यापार भविष्य

चैत्र शुक्ल नवमीं को पुनर्वसु नक्षत्र के प्रभाव से चना, गुड़, खांड, गेहूँ, सरसों, तिल,तेल, अलसी, अरंडी, के भाव में मंदी होगी. पिपरमेंट के भाव में तेजी का रूख रहेगा. जौ, गेहूँ, चना, केभाव में मंदी होकर तेजी का योग है. भाग्यांक 1476 है.

## SUDOKU 7342

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है. इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है. आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 333 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें. ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते. ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

नवभारत सू-दोकू 7341

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## एक नजर में

### बिजली विभाग के ऑफिस में मारपीट

**भोपाल.** परवलिया सड़क थाना इलाके में गुरुवार को बिजली विभाग कर्मियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. आरोपी युवकों ने बिजली ऑफिस पहुंचकर वहां पर तोड़फोड़ करते हुए कर्मचारियों को घायल कर दिया. आरोपी युवकों के हमले से विभाग के लाइनमैन और महिला कर्मी के साथ अन्य कर्मचारियों को गंभीर चोट आई है. परवलिया सड़क थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक बिजली विभाग परिसर में कुछ युवक अचानक से घुसे और तोड़फोड़ करनी शुरू कर दी. हमलावर बिजली विभाग के कर्मियों से नाराज थे.

### 6 जुआरियों को किया गिरफ्तार

**भोपाल.** कजलीखेड़ा थाना पुलिस ने 6 जुआरियों को गिरफ्तार किया. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 24 हजार रु. नगद और 3 मोटर साइकल मौके पर जब्त की है. पुलिस के मुताबिक सूचना मिली कि ईशान विस्टा कालोनी के पीछे नाले के पास कुछ लोग तास पत्तों से हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है. थाना प्रभारी कजलीखेड़ा के नेतृत्व में पहुंची पुलिस की टीम ने मौके पर 6 लोगों को पकड़ा. आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में अपना नाम सौरभ जैन (41), कृष्णगोपाल (38), ललित शर्मा, गोलू अहिरवार (21), नारायण सिलावट (24) और रामभरोसे मालवीय (55) निवासी बैरागढ़ चीचली बताया.

### फायरिंग करने वाले बदमाश की तलाश

**भोपाल.** कोलार में चुनरी यात्रा के दौरान युवक पर चाकू से हमला करने के बाद फायरिंग करने वाले बदमाश की तलाश जारी है. कोलार थाना पुलिस ने घायल के आवास पर भी सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई है. जानकारी के मुताबिक हमलावर बदमाश अक्षय ठाकुर पर पुलिस बाउंड ओवर के उल्लंघन की कार्रवाई करेगी. वारदात करने के बाद से वह लगातार फरार चल रहा है. पुलिस उसकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है. अक्षय थाने का निगरानीशुदा बदमाश है.

# चार दिन से पानी बंद होने पर भड़का आक्रोश

## हिनोतिया के रहवासियों ने पानी की मांग को लेकर दिया धरना



- कंपनी के कर्मचारियों ने कहा- पर्याप्त मेंटेनेंस चार्ज नहीं मिल रहा

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 26 मार्च. नगर निगम के नवीन मुख्यालय भवन पर पानी की समस्या को लेकर गुरुवार को धरना-प्रदर्शन हुआ. यह प्रदर्शन कोलार रोड पर स्थित हिनोतिया आलम में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनी बिल्डिंग के रहवासियों ने किया.**

प्रदर्शनकारियों के साथ वहां पर पूर्व पार्षद मोनू सक्सेना भी धरने पर बैठ गए. प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि हमारे यहां पर पानी की सप्लाई बंद कर दी गई है. जबकि हम पैसे ज्ञी दे रहे हैं. यहां पर रखरखाव का कार्य गंजानंद सिक्योरिटी फोर्स कंपनी को दिया गया है. प्रदर्शन की सूचना मिलने पर हाउस फॉर आल के इंजीनियर आरके गोयल और गजानन सिक्योरिटी फोर्स के कर्मचारी मौके पर पहुंचे. कंपनी के कर्मचारियों ने बताया कि हमको यहां के रहवासी मेंटेनेंस का पूरा भुगतान नहीं कर रहे हैं, जितना आता है उससे बिजली का भुगतान होता है. इन्हीं चर्चाओं के बीच यह धरना प्रदर्शन लगभग चार घंटे तक चलता रहा. इसके बाद नगर निगम के इंजीनियर गोयल, कंपनी के कर्मचारी और प्रदर्शनकर्ताओं से चर्चा हुई, उसके बाद सभी को पानी की सप्लाई शुरू करने का आश्वासन दिया गया.

### अप्रैल माह से रहवासी समिति देखेगी मेंटेनेंस

बताया जाता है कि एक अप्रैल से मेंटेनेंस का कार्य हिनोतिया आलम के प्रधानमंत्री आवास में रहवासी समिति को दे दिया जाएगा. आगे से पूरे नगर निगम को पैसे जमा करवाने की जवाबदारी समिति की होगी. इस बात पर सहमति बनी उसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया.



हिनोतिया आलम की प्रधानमंत्री आवास वाले मकानों हम तीन साल से रह रहे हैं. यहां लगातार चार दिन से पानी नहीं आ रहा है. कॉलोनी की सफाई व्यवस्था भी ठीक नहीं है.

**- शिवानी पाल, रहवासी,** हिनोतिया आलम, कोलार



रहवासियों पर पानी का 40 लाख रुपए का बिल बकाया है. इस वजह से कंपनी ने पानी की सप्लाई रोक दी थी. फिलहाल पानी की सप्लाई शुरू कर दी गई है.

**आरके गोयल, इंजीनियर** हाउस फॉर ऑल, नगर निगम

# पेट्रोल नहीं मिलने की अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई



अफवाह फैलने के बाद पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़.



समानांतर रोड के पास रेलवे कॉलोनी में गैस सिलेंडर भरवाने के लिए कतार में लगे लोग.
**फोटो-** अशरफ अली

### इनका कहना है

शहर में पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है. प्रतिदिन 11 हजार से अधिक रसोई गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है. 10 प्रतिशत व्यवसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति भी होटल व रेस्टोरेंट होने लगी है.

**- चंद्रभान सिंह जादौन, जिला आपूर्ति अधिकारी, भोपाल**

- अतिरिक्त कलेक्टर ने किए आदेश जारी
- \`पेट्रोल-डीजल और गैस की कोई कमी नहीं

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 26 मार्च. शहर में पेट्रोल की उपलब्धता नहीं होने की अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है. इसके लिए अतिरिक्त कलेक्टर आईएएस सुमित कुमार पांडेय ने गुरुवार को आदेश जारी किया. आदेशानुसार पेट्रोल नहीं मिलने की अफवाह फैलाने वालों व सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी. अफवा**हों की वजह से पैनिक की स्थिति को देखते हुए एडीएम ने एसडीएम, एसीपी/एसडीओपी व तहसीलादारों की अलग-अलग संयुक्त टीम गठन करने की बात कही है, जो पंपों पर स्थिति को देखगी. अगर कोई पेट्रोल पंप संचालक अपनी मनमर्जी से पेट्रोल व डीजल का विक्रय करता है तो उसका लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाएगा. आदेश में लोगों से अपील भी की गई है कि अफवाहों पर ध्यान न दें. पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक है. कोई कमी नहीं है.

# नए समर शेड्यूल में दो नई फ्लाइट की शुरू

**भोपाल, 26 मार्च.** राजा भोज एयरपोर्ट से गुरुवार को दो नई फ्लाइट शुरू की है. यह फ्लाइट गर्मी के सीजन को देखकर यात्रियों के दवाब को कम करने के लिए की गई. यह दोनों में एक नवी मुंबई के लिए और दूसरी नई दिल्ली के लिए शुरू की गई है. यह दोनों फ्लाइट पूर्व की संचालन के अतिरिक्त शुरू की गई हैं, जिससे राष्ट्रीय राजधानी के साथ संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा तथा यात्रियों को बेहतर सुविधा और लचीलापन प्राप्त होगा. यह फ्लाइट प्रतिदिन रात्रि में संचालित होगी, जिनका आगमन 20:10 बजे एवं प्रस्थान 20:50 बजे रहेगा, जिससे यात्रियों को मुंबई महानगरीय क्षेत्र तक सुगम पहुंच मिलेगी. समर शेड्यूल-2026 के तहत कुछ फ्लाइटों के समय में भी परिवर्तन किया है. जैसे कि दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु एवं अहमदाबाद के लिए फ्लाइट के आगमन एवं प्रस्थान समय को पुनर्निर्धारित किया है, उल्लेखनीय है कि दिल्ली के लिए अब एक से अधिक फ्लाइट उपलब्ध होंगी, जैसे प्रात: 06:30 बजे, 07:55 बजे, दोपहर 12:05 बजे, सायं 16:20 बजे तथा रात्रि 19:00 बजे एवं 20:25 बजे प्रमुख हैं.

## युवक की इलाज के दौरान मौत

**भोपाल, 26 मार्च.** पिपलानी थाना क्षेत्र में 22 वर्षीय घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई. युवक को सड़क पर घायल अवस्था में देखा गया था और अस्पताल में पहुंचाया गया. पिपलानी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

जानकारी के मुताबिक अभिषेक बुधवार को अपने घर से खाना खाने के बाद तीन दोस्तों के साथ बाहर घूमने निकला था. कुछ देर बाद अभिषेक के परिजनों को सूचना मिली कि वह और उसका दोस्त सड़क पर घायल अवस्था में हैं. मौके पर पहुंचकर परिजनों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और पुलिस को सूचना दी. घायल अवस्था में इलाज के दौरान अभिषेक की मौत हो गई.

# आठ दिन में हुई 5 हजार रजिस्ट्रियां

## 118 करोड़ का मिला राजस्व

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 26 मार्च.** केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई. बोर्ड ने जिला मूल्यांकन समिति को प्रस्ताव भेज दिया है. जिले में 740 स्थानों पर संपत्तियों की दरों में वृद्धि होना लगभग तय है. ऐसे में संपत्तियों की दरों में वृद्धि का असर नवरात्र के दिनों में पंजीयन कार्यालयों में देखने को मिल रहा है, जहां जमकर लोगों की भीड़ उमड़ रही है. वर्तमान में आईएसबीटी, परी बाजार और बैरसिया में स्थित पंजीयन कार्यालयों में सुबह 10 से देर रात तक दस्तावेज रजिस्टर्ड करने का कार्य हो रहा है. भोपाल में 19 मार्च से अब तक लगभग पांच हजार रजिस्ट्रियां हुई हैं, जिनसे लगभग 118 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है. इस दौरान गुरुवार को रिकॉर्ड 957 रजिस्ट्रियों के साथ 22.53 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है. संपत्तियों के खरीदारों इजाफा होने से पंजीयन कार्यालयों का समय बढ़ाते हुए सात बजे कर दिया है और प्रति सब रजिस्ट्रार को 65 स्लाट कर दिए हैं. ऐसे में अब एक दिन में 13 सब रजिस्ट्रार 1000 तक रजिस्ट्रियां कर सकेंगे. जिले के 740 स्थानों पर औसत 12 से 150 प्रतिशत तक की वृद्धि होगी. ऐसे में वर्तमान दरों पर रजिस्ट्री करवाने के लिए 31 मार्च तक रजिस्ट्रियों का सिलसिला जारी रहेगा. वरिष्ठ जिला पंजीयक स्वप्नेश शर्मा ने बताया कि संपदा टू सॉफ्टवेयर बेहतर तरीके से काम कर रहा है. सब रजिस्ट्रार तय समय पर लोगों की रजिस्ट्रियां कर रहे हैं, ऐसे में प्रति आधा घंटे में एक दर्जन रजिस्ट्रियां की जा रही हैं. इसके जरिए लोग आसानी से स्लाट भी बुक कर पा रहे हैं.

### आठ दिन में हुई रजिस्ट्रियां व राजस्व

| दिन | रजिस्ट्री की संख्या | राजस्व |
|---|---|---|
| पिछले गुरुवार | 653 | 07 |
| शुक्रवार | 592 | 5.54 |
| शनिवार | 317 | 2.50 |
| रविवार | 377 | 09 |
| सोमवार | 585 | 41 |
| मंगलवार | 678 | 12.40 |
| बुधवार | 820 | 19.23 |
| गुरुवार | 957 | 22.53 |

(नोट - राशि करोड़ों में)

# हादसे में बाइक सवार युवक की मौत ट्रैक्टर-ट्रॉली का चालक भी घायल

**भोपाल, 26 मार्च.** परवलिया थाना इलाके में एक बाइक सवार की ट्रैक्टर ट्रॉली के चपेट में आ जाने से मौत हो गई. गुरुवार को हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. हादसे में घायल ट्रैक्टर चालक का भी इलाज चल रहा है.

जानकारी के अनुसार 38 वर्षीय मनोज विश्वकर्मा सुबह के करीब साढ़े दस बजे काम पर जाने के लिए बाइक से निकला था. मनोज जब ग्राम रसूलिया के पास मेन रोड पर पहुंचे थे. तभी सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली की वह चपेट में आ गए. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के दौरान




ट्रैक्टर के पहिये मनोज के ऊपर चढ़ा गए. उन्हें तुरंत ही इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक चिकित्सा के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया. लोगों का कहना है कि हादसे के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित खेत में इसके बाद जाकर पलट भी गया. हादसे में ट्रैक्टर चालक को भी गंभीर चोट आई है.

# शासकीय 25 दुकानों की नीलामी

## पंचायत खजूरी सड़क में हुई नीलमी प्रक्रिया

**भोपाल, 26 मार्च.** जनपद फंदा की ग्राम पंचायत खजूरी सड़क में गुरुवार को पंचायत की 25 दुकानों की नीलामी की गई, जिंसमें सबसे पहले नंबर की दुकान की बोली 11 लाख पांच हजार रुपए की लगाई गई. इन दुकानों का अभी निर्माण कार्य चल रहा है. इन दुकानों की नीलामी प्रक्रिया कार्यपालन अधिकारी जनपद फंदा शिवानी मिश्रा की अध्यक्षता में पूरी हुई. दुकानों का आरक्षण वर्ग अनुसार अनुसूचित जनजाति 1, अनुसूचित जाति 6, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 4, विधवा




तथा परित्यक्ताओं महिलाओं 3, दृष्टिहीन व विकलांग 1, रक्षा सेवा के सेवानिवृत 1, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों 1, शिक्षित बेरोजगार 1, अनारक्षित 7, कुल 25 दुकानों की नीलामी की गई. पंचायत द्वारा दुकान का क्षेत्रफल 20/11 वर्ग फीट एवं बरामदा 11/7 वर्ग फीट रहेगा. उक्त दुकानों का आपसेट मूल 8 लाख रुपया रखा गया.

# 30 अप्रैल तक सेवाएं देंगे अतिथि शिक्षक

**भोपाल, 26 मार्च. मध्यप्रदेश में अतिथि शिक्षक और स्पेशल एजुकेटर के लिए राहत भरी खबर आई है. समग्र शिक्षा के तहत कार्यरत स्पेशल एजुकेटर और अतिथि शिक्षकों की सेवाएं अब 30 अप्रैल 2026 तक जारी रहेंगी.**

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कार्यरत सभी अतिथि स्पेशल एजुकेटर को इस अवधि तक कार्य करने का अवसर मिलेगा. जारी निर्देश के अनुसार नए सत्र की शुरुआत 1 अप्रैल से होने की स्थिति में भी अतिथि स्पेशल एजुकेटर की सेवाएं 30 अप्रैल तक जारी रहेंगी. इसका उद्देश्य स्कूलों में पढ़ाई की




व्यवस्था को प्रभावित होने से बचाना है,जिससे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा बाधित न हो. आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 30 अप्रैल के बाद यदि किसी विद्यालय में स्पेशल एजुकेटर कार्यरत पाए जाते हैं तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित संस्था प्रमुख और जिला शिक्षा अधिकारी की होगी. इससे यह साफ संकेत है कि निर्धारित समय सीमा के बाद बिना आदेश के सेवाएं जारी नहीं रहेंगी.

विभाग ने संकेत दिया है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद नए शैक्षणिक सत्र के लिए अलग से आदेश जारी किए जाएंगे. इस दौरान स्कूलों की जरूरत और रिक्त पदों की स्थिति के आधार पर आगे की प्रक्रिया तय होगी. वहीं नए सत्र में जिन स्कूलों में पद खाली होंगे, वहां पहले से कार्यरत अतिथि शिक्षकों और स्पेशल एजुकेटर को प्राथमिकता दी जाएगी. इससे अनुभवी शिक्षकों को फिर से मौका मिलने की संभावना बढ़ेगी और छात्रों को भी निरंतरता मिलेगी. जहां पद उपलब्ध नहीं होंगे. वहां नई काउंसलिंग प्रक्रिया अपनाई जाएगी. अभ्यर्थियों को फिर से च्वॉइस फिलिंग करनी होगी.

**समस्या** | लिफ्ट ऑपरेटरों के काम बंद रहने से बढ़ी परेशानी

# हमीदिया अस्पताल में घंटों लिफ्ट बंद होने से मरीज बेहाल

- 6 माह से वेतन नहीं मिलने से हैं नाराज
- आश्वासन मिलने के बाद माने कर्मचारी

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 26 मार्च. हमीदिया अस्पताल की 11 माले की बिल्डिंग में गुरुवार को मरीजों के लिए लिफ्ट का संकट खड़ा हो गया, जिसके चलते मरीज सहित उनके परिजनों की मुश्किलें बढ़ गई हैं. बता दें 11 मंजिला के दो बड़े भवनों की सभी 24 लिफ्टों के ऑपरेटरों ने एक साथ नौकरी छोड़ दी है, जिससे अस्पताल के एक माले से दूसरे माले में जाने की व्यवस्था चरमरा गई.**



जानकारी के अनुसार लिफ्ट ऑपरेटरों को 6 माह से अधिक समय से वेतन नहीं मिला था, जिसके कारण लगातार इंतजार और आर्थिक तंगी के चलते सभी ऑपरेटरों ने काम बंद कर दिया. लिफ्ट बंद रहने के दौरान इसका सबसे ज्यादा असर इमरजेंसी में आने वाले मरीजों पर पड़ा. वहीं दिल के मरीज, गर्भवती महिलाएं और गंभीर रोगी इस दौरान सीढ़ियों या भीड़भाड़ वाली लिफ्टों के सहारे ऊपर नीचे जाने को मजबूर रहे. पहले जहां डॉक्टरों और गंभीर मरीजों के लिए अलग लिफ्ट आरक्षित रहती थी. वहीं बिना ऑपरेटर सभी लिफ्टों में अव्यवस्था और भीड़ का माहौल बना रहा.

### 3.25 करोड़ रुपए का भुगतान लंबित

अस्पताल के नए भवनों में लिफ्ट संचालन का ठेका एक निजी एजेंसी के पास है. गांधी मेडिकल कॉलेज द्वारा पीडब्ल्यूडी के माध्यम से कराया गया यह कॉन्ट्रैक्ट अब भुगतान अटकने के कारण संकट में है. बीते एक वर्ष से करीब 3.25 करोड़ रुपए का भुगतान लंबित है, जिससे एजेंसी ने ऑपरेटरों का वेतन रोक दिया और कर्मचारियों ने ने नौकरी छोड़ दी. लिफ्ट बंद होने का असर मेंटेनेंस पर भी पड़ा है. नियमित देखरेख न होने से आने वाले समय में तकनीकी खराबी और बड़ा खतरा पैदा होने की आशंका भी बनी रही.



पूरे मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गई है और बजट की मांग की गई है. बजट मिलते ही लंबित भुगतान कर दिया जाएगा. साथ ही कर्मचारियों से भी बात कर उन्हें आश्वासन दे दिया गया है. फिलहाल लिफ्ट फिर से सुचारू रूप से चलने लगी है.

**डॉ. कविता एन सिंह, डीन, जीएमसी**

# 7 लाख उपभोक्ताओं ने लिया सरचार्ज में छूट का लाभ

**भोपाल, 26 मार्च. मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय चरण की अवधि अब 31 मार्च कर दी गई है, जिसके पूरा होने में अब केवल 5 दिन शेष हैं. पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लिया है.**

कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने बताया किप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 में अब तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 7 लाख 62 हजार 753 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है.

**ग्रामीण खेत-खलिहानों में विद्युत से बरतें सावधानी :** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने ग्रामीणजनों को आगाह किया है कि वे अपने खेत-खलिहानों में विद्युत से सुरक्षा के लिए सावधानियां जरूर बरतें. अक्सर देखा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में असावधानीवश विद्युत से कई बार अप्रिय घटनाएं घट जाती हैं. यह दुर्घटनाएं कई बार जान-माल का नुकसान भी कर देती हैं.

# महाअष्टमी पर मां महागौरी का श्रृंगार, हुए हवन-पूजन

**रामनवमी आज**

## धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान राम का जन्मोत्सव, शहर में होंगे कई कार्यक्रम


**भोपाल, 26 मार्च. चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी के शुभ अवसर पर गुरुवार को देवी मंदिरों में मां महागौरी का आकर्षक श्रृंगार कर विशेष पूजा अर्चना की गई. साथ ही राजधानी में जगह-जगह हवन-पूजन किए गए और कन्याओं को भोजन कराया गया. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी पत्नी साधना सिंह ने भोपाल स्थित अपने बंगले पर कन्याओं का पूजन कर कन्या भोज कराया. शुक्रवार को शहर में रामनवमी धूमधाम से मनाई जाएगी.**

वैष्णोधाम आदर्श नौ दुर्गा मंदिर प्लेटिनम प्लाजा में महाअष्टमी के शुभ अवसर पर मां भगवती का महागौरी के रूप में मनमोहक श्रृंगार किया गया. इसके साथ ही शतचंडी पाठ, हवन का शुभारंभ हुआ. इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे और मातारानी से सुख-समृद्धि की कामना की. इधर, गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित इमली वाली माता खेड़ापति मंदिर में कन्याओं का पूजन कर तिलक लगाया और आरती उतारकर उन्हें भोजन कराया गया. शिव मंदिर टीला रामपुरा कॉलोनी में चुनरी यात्रा निकाली गई, जिसमें महापौर मालती राय ने सम्मिलित होकर पूजा-अर्चना की.

हमीदिया रोड स्थित मंदिर में मातारानी को छप्पन भोग अर्पित किए गए. मंदिर परिसर में दिनभर भक्तों की भीड़ रही. शाहजहांनाबाद दुर्गा मंदिर में कन्यापूजन किया गया. भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया. पीजीवीटी कॉलेज सभागार में भजन संध्या का आयोजन किया गया. देर रात तक भजन-कीर्तन हुए. टीला जमालपुरा स्थित केला देवी मंदिर में अष्टमी पर विधि-विधान से हवन किया गया. श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की. शिवाजी नगर दुर्गा मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजाया गया.









### दादाजी धाम मंदिर में 71 दीपक प्रज्वलित

रायसेन रोड पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर में अष्टमी तिथि पर शाम 7 बजे मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप मां महागौरी की महाआरती हुई. इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने 71 अखंड दीपक प्रज्वलित किए. शुक्रवार सुबह 9 बजे नवमी तिथि पर मां दुर्गा के नवम स्वरूप मां सिद्धिदात्री का विशेष पूजन-अर्चन किया जाएगा. इसके बाद रामनवमी के पावन अवसर पर सुबह 11:30 बजे से पूजन प्रारंभ और दोपहर 12 बजे शुभ मुहूर्त में भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा. इस दौरान भगवान का अभिषेक, पूजन कर आरती उतारी जाएगी.

**पांच कॉलोनियों का सामूहिक कन्याभोज आज :** शहर की पांच कॉलोनियों तक्षशिला नगर, कल्याणी कुंज टाउन, श्री आनंदम कॉलोनी, कृष्णा नगर फेस -1, कल्याणी टॉवर, श्री राम सांई परिसर के निवासियों द्वारा शुक्रवार 27 मार्च को कन्या भोज और सामूहिक भंडारे का आयोजन किया जाएगा.

### रघुवंशी समाज आज दिखाएगा रामगाथा

रामनवमी पर शुक्रवार 27 मार्च को राजधानी भोपाल में अनेक आयोजन होंगे. रघुवंशी समाज द्वारा दोपहर 3 बजे मिंटो हॉल में रामोत्सव-5 के तहत रामगाथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अयोध्या के राम मंदिर निर्माण तक का ऐतिहासिक सफर दिखाया जाएगा. शाम पांच बजे मिंटो हॉल से जवाहर चौक तक शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें दिल्ली का शंखनाद और मधुरम बैंड भजन पेश करेंगे. रोशनपुरा और रघुवंशी भवन में नर्मदापुरम के पंडितों द्वारा भगवान राम की महाआरती की जाएगी. पुराने शहर में घोड़ा नक्कास से भवानी चौक तक शोभायात्रा निकाली जाएगी. गुरुबख्श की तलैया स्थित राम मंदिर में सुबह 7 बजे से सुंदरकांड पाठ और 9 बजे सुहासिनी जोशी के भजन होंगे.

**एक नजर में**



### करोंद में मातारानी को अर्पित की चुनरी

**भोपाल.** राजधानी के करोंद क्षेत्र में विगत दिवस श्री महादेव मित्र मंडल के तत्वावधान में विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई. कार्यक्रम अध्यक्ष प्रशांत चौरसिया ने बताया कि यह चुनरी यात्रा करोंद मंडी गेट के सामने लाल मिट्टी फेस-3 से प्रारंभ होकर शिव नगर की विभिन्न गलियों से होते हुए चौरसिया माता मंदिर की मढ़िया पहुंची. यहां पर श्रद्धालुओं ने मातारानी की पूजा-अर्चना कर चुनरी अर्पित की. चुनरी यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे, जो मातारानी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे.



### बीएसएसएस में मनाई वर्षगांठ

**भोपाल.** शहर के बीएसएसएस कॉलेज में रिदम इंटरनेशनल ऑनलाइन रेडियो की दसवीं वर्षगांठ मनाई गई. बीते 10 वर्षों से हर दिन रिदम रेडियो में ज्ञानवर्धक और मनोरंजक शो प्रसारित होते हैं, जिसमें आरजे और सिंगर्स कॉलेज के ही रिदम कलाकार होते हैं. यह रेडियो प्रसारण दुनिया के लगभग 30 देशों में ब्रॉडकास्ट होता है. रंगारंग कार्यक्रम में छात्र कलाकारों ने बॉलीवुड के ऑडिटोरियम को गुंजित कर दिया. इस अवसर पर डायरेक्टर, नर्मदा हेल्थ केयर डॉ. रेनू शर्मा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थीं. डॉक्टर रेनू ने इस अवसर पर आगे भी जाने ना तू और इंग्लिश गीत गाकर गाकर सभी को मुग्ध कर दिया. कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. फादर जॉन पीजे ने रिदम की स्थापना को याद करते हुए फादर पीपी जोसफ को याद किया और रिदम की सफलता के लिए रिदम इंचार्ज दिनेश डावर को श्रेय दिया. इस अवसर पर सुर संग्राम प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए, जिसमें अनिकेत नामदेव प्रथम, यश पंडित द्वितीय, वंश समैया तृतीय स्थान पर रहे. इसके अलावा स्पेशल रिकग्निशन अवार्ड जपलीन कौर को दिया गया.



### एसजीएसयू की खिलाड़ियों ने जीता कांस्य पदक

**भोपाल.** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू), भोपाल की महिला खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पेंचक सिलाट वूमेन चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता. इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन पंजाब में किया गया, जिसमें देशभर की 59 विश्वविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया. प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अपने कौशल, तकनीक और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया. एसजीएसयू की टीम ने कड़े मुकाबले के बीच 500 में से 415 अंक अर्जित कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया तथा अंक आधारित मूल्यांकन प्रणाली में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई. एसजीएसयू की ओर से एकता सिसोदिया, वैष्णवी लोधी एवं हर्षाली बंजारा ने इस प्रतियोगिता में भाग लेते हुए कांस्य पदक हासिल किया.

### राठौर समाज का विवाह सम्मेलन 20 अप्रैल को होगा

**भोपाल.** राठौर संघ द्वारा 20 अप्रैल अक्षय तृतीया के दिन राठौर समाज का सामूहिक विवाह एवं परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम प्रात: 9 बजे से, पं. खुशीलाल आयुर्वेदिक चिकित्सालय के समीप दशहरा मैदान, कलियासोत डैम, नेहरू नगर होगा.



## इंतजार में बीता मंच का हर पल

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 26 मार्च. भोपाल रंग महोत्सव के पहले दिन गुरुवार को श्यामला हिल्स स्थित रागश्री लिटिल बैलेट ट्रूप परिसर में नाटक हाजिर हो का मंचन हुआ. आयोजन नव नृत्य नाट्य संस्थान द्वारा किया जा रहा है. यह प्रस्तुति दर्शकों को यह सोचने पर मजबूर कर गई कि जीवन में हम किस प्रकाश का इंतजार कर रहे हैं और क्या वह सच में बाहर है या हमारे भीतर छिपा है.**

नाटक की कहानी विजयदान देथा की रचना से प्रेरित है, जिसमें राजा अपने गुरु के प्रति अंधश्रद्धा में प्रकाश को पकड़ने की जिद करता है, दूसरी ओर एक नाट्य मंडली अपने ही साथी प्रकाश का इंतजार करती है. दोनों स्थितियां मिलकर जीवन के उस सच को सामने लाती हैं जहां इंसान अक्सर बाहरी उजाले में उलझकर भीतर के सत्य को भूल जाता है. निर्देशक मनोज नायर ने इस कथा को मानवीय संवेदनाओं से जोड़ते हुए मंच पर उतारा.

### आरएनटीयू ने आयोजित किया जागरुकता कार्यक्रम

**भोपाल.** विश्व जल दिवस के अवसर पर रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) के सी.वी. रमन सेंटर फॉर साइंस कम्युनिकेशन द्वारा एनएसएस इकाई के सहयोग से 'जल और लैंगिक समानता' विषय पर ग्राम तरावली, बैरसिया स्थित बान्ह नदी तट पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में एसडीएम आशुतोष शर्मा, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री ए. के. अहिरवार, ग्राम सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे. यह कार्यक्रम डॉ. गब्बर सिंह, कार्यक्रम समन्वयक, एनएसएस एवं डॉ. प्रीति सिंह, समन्वयक, सी.वी. रमन सेंटर फॉर साइंस कम्युनिकेशन के मार्गदर्शन में 'मध्य प्रदेश को जानो' अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया. कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने बान्ह नदी का प्रत्यक्ष अवलोकन किया.

## मशरूम उत्पादन रोजगार का अच्छा विकल्प

**बीयू में चार दिवसीय कार्यशाला आयोजित**

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 26 मार्च. मशरूम उत्पादन आज युवाओं के लिए रोजगार का मजबूत विकल्प बन सकता है और वैज्ञानिक तकनीकों से इसे और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है यह बात अंबिकापुर छत्तीसगढ़ से आए विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत शर्मा ने बरकतुल्ला विश्वविद्यालय में कार्यक्रम के दौरान कही.**

विश्वविद्यालय में जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 23 से 26 मार्च तक चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसे पीएम उषा योजना के तहत आयोजित कर विशेषज्ञों द्वारा प्रौद्योगिकी के मौलिक और व्यावहारिक दोनों पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई. कार्यशाला में विशेष रूप से जीव विज्ञान और कवक विज्ञान के क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया गया. साथ ही सूक्ष्मजीवों के रासायनिक और आणविक गुणों को समझाया गया. कार्यशाला में पीएम एक्सीलेंस हमीदिया कॉलेज, एसएएम गर्ल्स कॉलेज, संत हिरदाराम कॉलेज, राजीव गांधी कॉलेज, सत्य साई कॉलेज, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान और जागरण लेकसिटी विश्वविद्यालय सहित विभिन्न संस्थानों के छात्र शामिल हुए.



वहीं कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए. जिसमें प्रो. अखिलेश पांडे ने भारतीय ज्ञान परंपरा और माइकोलॉजी पर प्रकाश डाला. डॉ. राम कुमार नेमा ने पीसीआर तकनीक के प्रकार और उपयोगिता को सरल तरीके से समझाया. वहीं प्रो. संजय सहाय, प्रो. अमिता गुप्ता और प्रो. सबा हुसैन ने अन्य विषयों पर विस्तार से जानकारी दी. कार्यक्रम के प्रायोगिक सत्रों में प्रतिभागियों ने नमूनों के पृथक्करण, शुद्धिकरण, पहचान, जैव रासायनिक और रूपात्मक परीक्षणों से जुड़ी तकनीकों का अभ्यास किया.

## यशोदा माताओं को किया सम्मानित

**मातृछाया में नवजात शिशुओं की करती हैं देखभाल**

**भोपाल, 26 मार्च. सेवा भारती मध्य भारत द्वारा संचालित मातृछाया में महिला अधिकार मंच द्वारा 'यशोदा सम्मान कार्यक्रम' का आयोजन किया गया, जिसमें त्याग, सेवा और ममता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करने वाली यशोदा माताओं का सम्मान किया गया. ये यशोदा माताएं उन नवजात शिशुओं की देखभाल करती हैं जिन्हें समाज द्वारा छोड़ दिया जाता है और उन्हें एक सुरक्षित व स्नेहपूर्ण जीवन प्रदान करती हैं.**

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ महिला अधिकार मंच की अध्यक्ष पूजा मंगतानी द्वारा किया गया. इस अवसर पर उन्होंने यशोदा माताओं के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनका सेवा भाव और त्याग समाज के लिए प्रेरणादायी है. वे न केवल बच्चों का पालन-पोषण करती हैं, बल्कि उन्हें संस्कार और उज्ज्वल भविष्य भी प्रदान करती हैं.



सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया कि कार्यक्रम में सेवा भारती मातृछाया में कार्यरत सभी 18 यशोदा दीदी, अन्नपूर्णा दीदी एवं सहयोगी स्टाफ का तिलक लगाकर, श्रीफल एवं साड़ी भेंट कर सम्मान किया गया. साथ ही महिला अधिकार मंच की टीम द्वारा कन्या पूजन कर उन्हें भोजन एवं प्रसादी वितरित की गई. कार्यक्रम के अंत में डॉ. राम अवतार यादव ने आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर निशिका लालवानी, ज्योति वस्ताना, मेघना सिंह, कोमल जैन एवं रंजना कालरा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे.

### सम्राट अशोक महान का जन्मोत्सव 29 को


**भोपाल.** डिजिटल कुशवाहास द्वारा चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान का जन्मोत्सव 29 मार्च रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा. इस अवसर पर चार पहिया वाहन रैली निकाली जाएगी. डिजिटल कुशवाहास के संस्थापक एवं अध्यक्ष विक्रम सिंह कुशवाहा ने बताया कि 29 मार्च, रविवार को सुबह 10 बजे यह चार पहिया वाहन रैली 80 फीट रोड अशोका गार्डन से शुरू होगी. रैली प्रभात चौराहा, सुभाष नगर ओवर ब्रिज, प्रेस कांम्पलेक्स, डीबी चौराहा, बोर्ड ऑफिस चौराहा, लिंक रोड नंबर एक, नानके पेट्रोल पंप तिराहा और प्लेटिनम प्लाजा चौराहा होते हुए अटल पथ स्मार्ट सिटी, टीटी नगर पहुंचकर समाप्त होगी. रैली के पश्चात अटल पथ पर जनसभा होगी, जिसमें सामाजिक बंधु अपने विचार रखेंगे.

## नाटक गबरघिचोर में समाज की कठोरता को दर्शाया

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 26 मार्च. जब पंचायत के बीच एक मां अपने बच्चे को बचाने के लिए खड़ी होती है और पूरे समाज के सामने अपनी ममता का सवाल रखती है, तो यह भावनात्मक दृश्य नाटक गबरघिचोर के मंचन का सबसे प्रभावी क्षण बनकर उभरता है. एकजुट थिएटर एंड वेलफेयर समिति द्वारा गुरुवार शाम मायाराम सुरजन भवन में इस प्रसिद्ध लोकनाटक का मंचन किया गया.**

भिखारी ठाकुर की रचना पलायन, स्त्री की विवशता, पारिवारिक विघटन और मातृत्व की पीड़ा को गहराई से प्रस्तुत करता है. निर्देशक खुशबु चोबितकार ने लोक शैली और आधुनिक संवेदना का सुंदर समन्वय करते हुए प्रस्तुति को जीवंत बनाया. वहीं नाच, गीत और लोकधुनों के साथ कहानी को इस तरह पिरोया गया कि दर्शक शुरुआत से अंत तक जुड़े रहे.



नाटक में बहू की पीड़ा और मां की ममता को केंद्र में रखकर समाज की कठोरता को प्रभावी ढंग से उभारा गया.

**रंगमंच**


### रवीन्द्र भवन में नाटक का मंचन, महाभारत के कृष्ण नीतीश भारद्वाज ने भी किया अभिनय

## कुरुक्षेत्र की रणभूमि के चक्रव्यूह में घिरा अभिमन्यु

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 26 मार्च. है कौन जो तोड़े चक्रव्यूह, जिसको जैसा रचा है वैसा ही रचो. कल तुझको पथ एक नया पढ़ना है. ये रण व्याकुल है ऐसे महासमर को. मरूंगा शत्रु के हाथों या ठगेगा कोई अपना मुझको. मंच पर गूंजते ये संवाद गुरुवार की शाम रवींद्र भवन के हंसध्वनि सभागार में जैसे ही सुनाई दिए तो लगा महाभारत की रणभूमि आंखों के सामने जीवित हो उठी हो.**

यह अवसर था इंडीमून्स आर्ट्स फेस्टिवल के तहत आयोजित नाटक चक्रव्यूह का. अतुल सत्य कौशिक के निर्देशन और नीतीश भारद्वाज की इस प्रस्तुति ने सभागार को जीवंत रणभूमि के दृश्यों में बदल दिया.



### मंच पर अभिमन्यु और उत्तरा का संवाद

धर्मयुद्ध कहते हैं इसे मेरे कृष्ण. मैं अर्जुन का बेटा हूं यह बतलाना भी है, ये महाभारत है दिखलाना भी है. मंच पर उत्तरा और अभिमन्यु के बीच युद्ध से पहले के इस संवाद ने दर्शकों को एक ओर कर्तव्य का बोध कराया तो दूसरी तरफ माता का ये कहकर विचलित होना कि कल युद्धभूमि में जाने से पहले मुझसे मिलते जाना मेरे अभिमन्यु, युद्धभूमि में पांडवों की सबसे बड़ी क्षति का भी अहसास करा गया. 4 मिनट तक चले चक्रव्यूह युद्ध की प्रस्तुति में रणभूमि में अपनी शक्तियों और कला को प्रदर्शित करते अभिमन्यु ने न केवल दर्शकों को अपनी ऊर्जा से बांधे रखा.

### अर्थ आवर कल, लाइट बंद कर करें उर्जा का संरक्षण

**भोपाल.** डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया द्वारा 28 मार्च को अर्थ आवर का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है. इस दिन संस्था द्वारा विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालय, निजी प्रतिष्ठानों, विद्यार्थियों एवं जनसामान्य से अपील की है कि रात 8:30 बजे से 9:30 बजे तक अपने घरों एवं अपने प्रतिष्ठानों की गैर जरूरी लाइट को बंद रखकर ऊर्जा का संरक्षण करें. यह ऊर्जा संरक्षण की आदत को अपने दैनिक जीवन में समाहित कर प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण में अपना अमूल्य योगदान दे. डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया, मप्र एवं छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना बरकतुल्ला विश्वविद्यालय द्वारा बुधवार को वाकेथान एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया था.

# स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र की वृद्धि दर 9 प्रतिशत

## जागरुकता, स्वास्थ्य देखभाल वित्त पोषण तक बेहतर पहुंच



**नई दिल्ली 26 मार्च. देश का स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र वार्षिक आधार पर लगभग नौ प्रतिशत की दर से मजबूत वृद्धि दर्ज हासिल कर रहा है.**

वित्त मंत्रालय के अनुसार 2024-25 में कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम की राशि 1.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा. मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार यह वृद्धि बढ़ती जागरूकता, स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण तक बेहतर पहुंच और चिकित्सा खर्चों के खिलाफ वित्तीय सुरक्षा की बढ़ती मांग को दर्शाती है.

पॉलिसीधारकों को समय पर सहायता सुनिश्चित करने के लिए, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने कैशलेस स्वास्थ्य बीमा दावों के प्रसंस्करण के लिए विशिष्ट समयसीमा निर्धारित की है.

आईआरडीएआई द्वारा कैशलेस प्री-ऑथराइजेशन एक घंटे के भीतर और अंतिम स्वीकृति - तीन घंटे के भीतर किए जाने के निर्देश हैं.

इन समय-सीमाओं का उद्देश्य देरी को कम करना और यह सुनिश्चित करना है कि मरीजों को समय पर चिकित्सा देखभाल मिल सके .

> आईआरडीएआई के 2024 के नियमों में यह निर्दिष्ट किया गया है कि बीमा उत्पादों का मूल्य निर्धारण सभी प्रासंगिक जोखिम कारकों के आधार पर उचित रूप से किया जाए और वे व्यवहार्य और मूल्य-संचालित बने रहें, साथ ही नियुक्त बीमांकिक द्वारा विश्वसनीय डेटा और ग्राहक प्रतिक्रिया का उपयोग करके आवधिक समीक्षा की जाए. वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में दावों की संख्या के आधार पर निपटाना क्रमशः 85.66 प्रतिशत, 82.46 प्रतिशत और 87.50 प्रतिशत था.

## रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ रुपया

**मुंबई, 26 मार्च.** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपये की गिरावट बुधवार को भी जारी रही और यह 20 पैसे टूटकर 93.96 रुपये प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ. भारतीय मुद्रा ने आज 94.13 रुपये प्रति डॉलर तक टूटकर बीच कारोबार के निचले स्तर का भी नया रिकॉर्ड बनाया. पिछले कारोबारी दिवस पर यह 23 पैसे गिरकर 93.76 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी. रुपये पर आज शुरू से ही दबाव रहा. यह 18 पैसे नीचे 93.94 रुपये प्रति डॉलर पर खुला. यह ऊपर 93.86 रुपये प्रति डॉलर और नीचे 94.13 रुपये प्रति डॉलर पर तक गया. बाद में बैंकों की ओर से डॉलर की बिकवाली बढ़ने से रुपये को थोड़ा सहारा मिला. दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में रही तेजी से रुपया कमजोर हुआ है.

# भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर ऊंची रहेगी





**नई दिल्ली, 26 मार्च. भारत के प्रमुख उद्योग मंडल एसोचैम का अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक संकटों के चलते आपूर्ति श्रृंखलाओं के व्यवधान से वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर मंद हो सकती है पर भारत आंतरिक उपभोग और निवेश मांग की बदौलत अगले वित्त वर्ष 2026-27 सात प्रतिशत से ऊपर की तेज गति से वृद्धि की राह पर बना रहेगा.**

एसोचैम का मानना है कि 2026 में वैश्विक वृद्धि दर नरम पड़ कर 3 प्रतिशत से नीचे रह सकती है. संगठन ने आगाह किया है कि चूँकि रुपये के मूल्य में काफ़ी गिरावट आई है, इसलिए घरेलू बाजार में एलपीजी सिलेंडरों जैसे कुछ क्षेत्रों में ऊर्जा की कीमतें भी बढ़ी हैं और इसका असर आने वाले समय में महँगाई के रुझानों पर देखने को मिलेगा. उद्योग मंडल ने गुरूवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर पश्चिम एशिया युद्ध के असर को कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम असरदार और सही समय पर हैं. एसोचैम के अध्यक्ष निर्मल के. मिंडा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी में 7.6 प्रतिशतकी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है.मिंडा ने कहा कि पिछले कई सालों से सुधारों के ज़रिए सरकार का मजबूत समर्थन बिज़नेस के भरोसे को बढ़ाता है. घरेलू खपत का रुझान कई सालों के सबसे ऊँचे स्तर पर है.

> एसोचैम का कहना है कि 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगभग 7.6 प्रतिशत पर अपरिवर्तित बना हुआ है, और आने वाले वित्त वर्ष, 2026-27 में 7 प्रतिशत से ज़्यादा की वृद्धि की उम्मीद है भू-राजनीतिक और अमेरिका में ऊंचे शुल्क से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद, भारत की वृद्धि दर पिछले तीन सालों में सात प्रतिशत से ज़्यादा की रही है . फरवरी 2026 के महीने में भारत का विनिर्माण क्षेत्र संबंधी परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) 56.9 और सेवा क्षेत्र पीएमआई 58.1 पर रहा जो दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं ( अमेरिका , चीन और जर्मनी) में सबसे ज़्यादा रहे .

# हर दिन 50 लाख से ज्यादा सिलेंडरों की आपूर्ति




**नई दिल्ली, 26 मार्च. पेट्रोलियम मंत्रालय ने रसोई गैस सहित देश में जरूरी पेट्रोलियम उत्पादों की कमी का तथ्यों के साथ खंडन करते हुए कहा है कि कुछ तत्व जनता को भ्रमित करने के लिए गलत सूचनाएं फैला रहे हैं. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गुरुवार को साफ तौर पर कहा कि भारत में पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है.**

मंत्रालय ने कहा कि एलपीजी की पूरे एक महीने की आपूर्ति की व्यवस्था पक्के तौर पर कर ली गई है, और अतिरिक्त खरीद को लगातार अंतिम रूप दिया जा रहा है. तेल कंपनियां हर दिन 50 लाख से ज़्यादा सिलेंडरों की सफलतापूर्वक आपूर्ति कर रही हैं. उपभोक्ताओं द्वारा घबराहट में की गई ज़्यादा मांग के कारण सिलेंडरों की मांग बढ़कर 89 लाख तक पहुँच गई थी, जो अब फिर से घटकर 50 लाख सिलेंडरों पर आ गई है. सरकार के अनुसार जमाखोरी या कालाबाज़ारी को रोकने के लिए, राज्य सरकारों के परामर्श से कमर्शियल सिलेंडरों का आवंटन बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है. मंत्रालय ने इस दावे को गलत बताया है कि एलपीजी की कमी के कारण पीएनजी को बढ़ावा दिया जा रहा है, एक गलत जानकारी है.

> देश में कहीं भी पेट्रोल, डीज़ल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है. मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की है कि कि वे जान-बूझकर फैलाई जा रही गलत सूचनाओं के एक शरारती और सुनियोजित अभियान से गुमराह न हों. मंत्रालय ने कहा है कि कुछ पंपों पर घबराहट में खरीदारी की जो इक्का-दुक्का घटनाएं सामने आईं, वे सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो के ज़रिए जान-बूझकर फैलाई गई गलत सूचनाओं की वजह से हुई है. भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनरी केंद्र है और पेट्रोलियम उत्पादों का पांचवां सबसे बड़ा निर्यातक है, जो 150 से ज़्यादा देशों को रिफाइंड ईंधन की आपूर्ति करता है.

# जियो फाइनेंशियल- एलियांज की साझा रीइंश्योरेंस कंपनी शुरू




**मुंबई, 26 मार्च. जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड और एलियांज़ ग्रुप के संयुक्त उद्यम एलियांज़ जियो रीइंश्योरेंस लिमिटेड ने भारत में अपना कारोबार शुरू कर दिया है.**

गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार कंपनी को भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण से गत 12 मार्च को अंतिम नियामकीय मंजूरी मिली द्दष्थी. मुंबई स्थित यह संयुक्त उद्यम जियो फाइनेंशियल की स्थानीय पहुंच और डिजिटल नेटवर्क को एलियांज़ की वैश्विक अंडरराइटिंग विशेषज्ञता के साथ जोड़कर बीमा कंपनियों को जोखिम प्रबंधन क्षमता उपलब्ध कराएगा. जियो फाइनेंशियल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हितेश सेठिया ने कहा कि यह एलियांज़ के साथ व्यापक बीमा साझेदारी की दिशा में पहला कदम है. एलियांज़ के बोर्ड सदस्य क्रिस टाउनसेंड ने कहा कि साझा उद्यम भारत के बीमा बाजार के लिए दीर्घकालिक रीइंश्योरेंस समाधान विकसित करेगी. कंपनी की अगुवाई सोनिया रावल करेंगी. कंपनी का कहना है कि' 2047 तक सबके लिए बीमा' के लक्ष्य के बीच रीइंश्योरेंस क्षमता बढ़ाना सेक्टर की वृद्धि के लिए अहम होगा.

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली, 26 मार्च.** देश में सामान्य पेट्रोल और डीजल के दाम गुरुवार को अपरिवर्तित रहे. देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये और डीजल की 87.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रही. सामान्य पेट्रोल-डीजल के मूल्य में 30 अक्टूबर 2024 के बाद से कोई बदलाव नहीं किया गया है. इस बीच अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आज कच्चे तेल में तेजी रही और लंदन का ब्रेंट क्रूड का मार्च वायदा डेढ़ फीसदी से ज्यादा चढ़कर 104 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया.

# एयर इंडिया ने छह साल बाद रोम के लिए शुरू की उड़ान

**नई दिल्ली, 26 मार्च. टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने छह साल के अंतराल के बाद इटली की राजधानी रोम के लिए उड़ान की शुरुआत की है. एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई123 बुधवार को दिल्ली से रोम के फिउमिचिनो हवाई अड्डे के रवाना हुई.**

यह नॉन स्टॉप उड़ान सप्ताह में चार बार है. रोम यूरोप की मुख्य भूमि में एयर इंडिया का आठवां और मिलान के बाद इटली का दूसरा गंतव्य बन गया है. एम्स्टर्डम, कोपेनहेगन, फ्रैंकफर्ट, मिलान, पेरिस, वियना और ज्यूरिख के लिए उसकी नॉन स्टॉप सेवाएं पहले से हैं. रोम में भारतीय दूतावास के गणमान्य व्यक्तियों और फिउमिचिनो हवाई अड्डे के अधिकारियों और एयर इंडिया के कर्मचारियों ने उड़ान का स्वागत किया. उन्होंने रोम से प्रस्थान करने वाली उड़ान का उद्घाटन भी किया,


## पश्चिम मध्य रेल

**म.रे.प्र./कार्य/भोपाल ■ खुली ई-निविदा सूचना ■ दि. 25.03.2026**

**वरिष्ठ मण्डल अभियंता/सम./पश्चिम मध्य रेल, भोपाल,** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15.30 बजे तक ई-टेन्डर आमंत्रित करते है। संपुर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिए कोई मॅन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरुरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानुन 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाएं प्रस्तुत करें।

**NIT No.:** WCR-BPL-W-25-26-HQ-31-174, Date 14.03.2026. **Name of work including Location:** रानी कमलापति - एडीईएन (वर्क्स) भोपाल के अंतर्गत हबीबगंज में पंप हाउस नंबर 1 के विस्तार और पंप हाउस नंबर 6 की पाइपलाइन को बदलने का कार्य। **Published cost of tender:** ₹ 7,37,373.60. **Earnest Money:** ₹ 14,800/-. **Completion Period:** 3 माह। **Last date for submitting tender:** 07.04.2026.

**NIT No.:** WCR-BPL-W-25-26-S-33-175, Date 19.03.2026. **Name of work including Location:** इटारसी - एडीईएन (डब्ल्यू) ईटी के तहत दो साल के लिए इटारसी रेलवे स्टेशन, पैसेंजर यार्ड और न्यू यार्ड कॉलोनियो में जब भी और जहां भी आवश्यक हो, आवश्यक मात्रा में पीने योग्य पानी की आपूर्ति। **Published cost of tender:** ₹ 1,39,51,250/-. **Earnest Money:** ₹ 2,79,000/-. **Completion Period:** 24 माह। **Last date for submitting tender:** 14.04.2026.

**NIT No.:** WCR-BPL-W-25-26-S-34-176, Date 19.03.2026. **Name of work including Location:** इटारसी - इटारसी स्टेशन तक अप्रोच रोड को चौड़ा और बेहतर बनाना, जिसमें PF-7 की ओर पाथवे, कर्ब और साइड ड्रेन का प्रावधान शामिल है। **Published cost of tender:** ₹ 5,61,04,894.34. **Earnest Money:** ₹ 11,22,100/-. **Completion Period:** 12 माह। **Last date for submitting tender:** 14.04.2026.

**NIT No.:** WCR-BPL-W-25-26-S-35-177, Date 19.03.2026. **Name of work including Location:** भोपाल मंडल: इटारसी-खंडवा रेल खंड के 5 एन.एस.जी.-6 स्टेशनों (पीएएल, सीआरके, पीजीएल, डीकेआई और डीआरए) पर एफ.ओ.बी. का प्रावधान। **Published cost of tender:** ₹ 9,97,00,505.72. **Earnest Money:** ₹ 19,94,000/-. **Completion Period:** 12 माह। **Last date for submitting tender:** 14.04.2026.

**NIT No.:** WCR-BPL-W-25-26-S-36-178, Date 19.03.2026. **Name of work including Location:** भाग ए: भोपाल डिवीजन - इटारसी-खंडवा अनुभाग में एमटीए (2), टीएलवी (2), बीआईआर (2) और सीकेकेडी (2) पर मौजूदा प्लेटफार्मों को उच्च स्तर तक बढ़ाना। भाग बी: भोपाल मंडल - इटारसी-खंडवा अनुभाग में डीआरएचआई (2), बीआरयूडी (2), बीआरआई (2) और पीएएल (2) स्टेशनों पर मौजूदा प्लेटफार्मों को उच्च स्तर तक बढ़ाना। भाग सी: भोपाल मंडल - इटारसी-खंडवा अनुभाग में सीआरके (2), पीजीएल (2), डीकेआई (2) और डीआरए (2) स्टेशनों पर मौजूदा प्लेटफार्मों को उच्च स्तर तक बढ़ाना। **Published cost of tender:** ₹ 56,20,26,998.13. **Earnest Money:** ₹ 1,12,40,500/-. **Completion Period:** 24 माह। **Last date for submitting tender:** 14.04.2026.

**NIT No.:** WCR-BPL-W-25-26-N-36-179, Date 20.03.2026. **Name of work including Location:** भोपाल डिवीजन: डीईएन/उत्तर/भोपाल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बीईटी-बीना-एमडीवीके यूपी/मिड/डीएन मुख्य लाइनें और लूप लाइनें/साइडिंग का वेल्ड नवीनीकरण (कुल लंबाई 57.45 किमी)। **Published cost of tender:** ₹ 3,65,09,345.26. **Earnest Money:** ₹ 7,30,200/-. **Completion Period:** 24 माह। **Last date for submitting tender:** 13.04.2026.

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर



रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 | REGD. No. D.L.-33004/99

## भारत का राजपत्र
## The Gazette of India

सी.जी.-एम.पी.-अ.-23032026-271189
CG-MP-E-23032026-271189
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II - खण्ड 3 - उप-खण्ड (ii)
PART II - Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1422] नई दिल्ली, शुक्रवार, मार्च 20, 2026/फाल्गुन 29, 1947
No. 1422] NEW DELHI, FRIDAY, MARCH 20, 2026/PHALGUNA 29, 1947

**रेल मंत्रालय**
**[पश्चिम मध्य रेल (गति शक्ति यूनिट) भोपाल]**
**अधिसूचना**
भोपाल, 18 मार्च, 2026

**का.आ. 1487(अ).** - केन्द्रीय सरकार रेल अधिनियम 1989 (संसोधित अधिनियम 2008) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20(क) की उपधारा (1) के अधीन भारत के राजपत्र असाधारण भाग II खण्ड 3 उप-खण्ड (ii) में प्रकाशित भारत सरकार के रेल मंत्रालय (पश्चिम मध्य रेल गति शक्ति यूनिट भोपाल) की अधिसूचना संख्या-4626, दिनांक 17 अक्टूबर 2025 में प्रकाशित भारत सरकार के रेल मंत्रालय (पश्चिम मध्य रेल गति शक्ति यूनिट भोपाल) की अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि को मध्य प्रदेश राज्य के विदिशा जिले में समपार फाटक संख्या 291 के बदले रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण परियोजना के निष्पादन के लिये आवश्यक है ऐसी भूमि का अर्जन करने के आशय की घोषणा की गई थी। और, उक्त अधिनियम की धारा 20(क) की उप-धारा (4) के अधीन स्थानीय समाचार पत्रों में से हिंदी भाषा के समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 01/11/2025 को तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र टाईम्स ऑफ इंडिया में दिनांक 01/11/2025 को प्रकाशित किया गया है। और सक्षम प्राधिकारी को किसी भी व्यक्ति का कोई आक्षेप प्राप्त नहीं हुआ है और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 20(ड़) की उप-धारा (1) के अनुसरण में अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंप दी है।

रेल मंत्रालय, पश्चिम मध्य रेल (गति शक्ति यूनिट भोपाल) की अधिसूचना दिनांक 6 फरवरी 2025 से केन्द्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (रेल संसोधित अधिनियम 2008) की उप-धारा 2 के खण्ड 7(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन तारीख 22 मई 2025 से अनुविभागीय अधिकारी गंजबासोदा जिला विदिशा को जिले में विशेष रेल परियोजना भोपाल - बीना खंड में रेलवे फाटक क्रमांक 291 के बदले ऊपरी पुल का निर्माण कार्य परियोजना के लिए सक्षम अधिकारी के रुप में प्राधिकृत किया गया है। अतः अब केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त होने पर और रेल अधिनियम 1989 की धारा 20(ड़) की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यह घोषणा करती है कि इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनीर्दिष्ट भूमि पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जित कराने का विनिश्चय किया गया।

और यह कि केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम की धारा 20(ड़) की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशित होने पर इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लगमो से मुक्त होकर केन्द्रीय सरकार में पूर्णतया निहित हो जाएगी।

**अनुसूची-1**
**मध्यप्रदेश राज्य में समपार फाटक संख्या 291 के बदले रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण परियोजना के लिए अधिग्रहण की जाने वाली संरचना सहित या संरचना रहित भूमि का संक्षिप्त विवरण**

| ग्रामः बेहलोट | प.ह.न. 42 | तहसीलः गंज-बासोदा | | | जिलाः विदिशा | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | भूमि का स्वामी | खसरा संख्या | भूमि का कुल रकबा | भूमि का अर्जित रकबा | भूमि-कृषि/पड़त/व्यपवर्तित | भूमि सिंचित/असिंचित |
| 1 | शोभा पत्नी धनराज शर्मा, भरतराज पुत्र धनराज शर्मा, राज राजेश्वर पुत्र धनराज शर्मा | 152/1/5 | 0.217 | 0.014 | पड़त | सिंचित |
| 2 | मालती पत्नी प्रेमपाल सिंह यादव | 196/1/1/1/1 | 0.0810 | 0.021 | पड़त | असिंचित |
| 3 | रेखा पत्नी प्रमोद कुमार द्विवेदी | 197/1/1/1/1/1 | 0.313 | 0.040 | पड़त | असिंचित |
| 4 | संजय कुमार पुत्र रामनारायण | 197/1/3 | 0.679 | 0.040 | पड़त | असिंचित |
| 5 | प्रमोद कुमार पुत्र ब्रजेन्द्र | 197/1/7 | 0.679 | 0.084 | व्यपवर्तित | असिंचित |
| 6 | कीर्ति पत्नी श्रीराम बबेले | 197/1/4 | 0.209 | 0.073 | पड़त | असिंचित |
| 7 | उमादेवी पत्नी गोविन्द नायक | 197/1/2/1 | 0.1990 | 0.039 | पड़त | असिंचित |
| 8 | उमादेवी पत्नी गोविन्द नायक | 197/1/2/2 | 0.0100 | 0.010 | व्यपवर्तित | असिंचित |
| 9 | यशवंतसिंह पुत्र निहालसिंह रघुवंशी | 197/2/1/2 | 0.209 | 0.040 | व्यपवर्तित | असिंचित |
| | कुल भूमि रकबा- | | 2.596 हे. | 0.361 हे. | | |

**अनुसूची-2**
**मध्य प्रदेश राज्य में समपार फाटक संख्या 291 के बदले रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण परियोजना के लिए अधिग्रहण की जाने वाली संरचना सहित या संरचना रहित भूमि का संक्षिप्त विवरण**

| ग्रामः परसोरा, | प.ह.न. 42 | तहसीलः गंज-बासोदा | | | जिलाः विदिशा | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | भूमि का स्वामी | खसरा संख्या | भूमि का कुल रकबा | भूमि का अर्जित रकबा | भूमि-कृषि/पड़त/व्यपवर्तित | भूमि सिंचित/असिंचित |
| 1 | संध्या पत्नी राजकुमार | 43/2 | 0.941 | 0.053 | कृषि | सिंचित |
| 2 | राजकुमार पुत्र बिहारी लाल | 43/3 | 0.471 | 0.066 | कृषि | सिंचित |
| 3 | संध्या पत्नी राजकुमार | 48 | 0.544 | 0.063 | कृषि | सिंचित |
| 4 | राहुल पुत्र दशरथ सिंह | 51 | 1.652 | 0.031 | कृषि | सिंचित |
| | कुल भूमि रकबा- | | 3.608 हे. | 0.213 हे. | | |

[फा.सं. WCR-BPL 0 GSU (GSMS)/03/2026/291]
अनुपम अवस्थी, मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति


# स्टार्टअप्स को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली, 26 मार्च. देश में स्टार्टअप और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ( डीपीआईआईटी ) ने स्टार्टअप, नवोन्मेषकों और उद्यमियों को समर्थन देने के लिए एक डिजिटल मनोरंजन कंपनी के साथ समझौता ज्ञापन ( एमओयू ) पर हस्ताक्षर किए हैं.**

**डिजिटल इनोवेशन और गेमिंग सेक्टर को मिलेगा बल**

**भारत स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज के तहत नवाचार चुनौतियों का आयोजन**

इस सहयोग के तहत, डीपीआईआईटी निजी क्षेत्र की क्राफ्टन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर भारत स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज के तहत नवाचार चुनौतियों के आयोजन की संभावनाओं का पता लगाएगा. इसके साथ ही गेम डिजाइन, एनीमेशन, इमर्सिव टेक्नोलॉजीज, ई-स्पोर्ट्स मैनेजमेंट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता अनुप्रयोगों जैसे क्षेत्रों में लक्षित हैकाथॉन, कार्यशालाओं और मास्टरक्लास के आयोजन भी किए जाएंगे.

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि इस सहयोग का उद्देश्य डिजिटल मनोरंजन, ऑनलाइन गेमिंग, ई-स्पोर्ट्स, इंटरैक्टिव मीडिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में काम करने वाले उत्पाद स्टार्टअप्स के विकास को बढ़ावा देना है. इसका लक्ष्य संरचित उद्योग सहभागिता के माध्यम से स्टार्टअप्स को बढ़ाने और उद्योग-प्रासंगिक समाधान विकसित करने में सक्षम बनाना है. इस पहल के तहत, स्टार्टअप्स को मेंटरशिप, उद्योग जगत की जानकारी, ज्ञान आदान-प्रदान के प्लेटफॉर्म और चुनिंदा सहभागिता के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. यह साझेदारी स्टार्टअप्स को प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट (पीओसी) विकास, बाजार तक पहुंच और उद्योग पारिस्थितिकी तंत्र में एकीकरण जैसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी सहायता करेगी, जहां भी यह संभव हो.

> इस अवसर पर डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव संजीव ने कहा कि यह सहयोग भारत की डिजिटल और रचनात्मक अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है . उन्होंने कहा कि इस तरह की साझेदारियां स्टार्टअप्स को उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में नवाचार करने, विस्तार करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी समाधान विकसित करने में सक्षम बनाती हैं .

## सोना-चांदी के दाम में जोरदार उछाल

**नई दिल्ली.** देश में सोने-चांदी की कीमतों में एक बार फिर तेज उछाल देखने को मिला है, जिसने निवेशकों और खरीदारों दोनों का ध्यान खींचा है. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 24 कैरेट सोने की कीमत 10 ग्राम पर 6,000 बढ़कर 1.46 लाख तक पहुंच गई है. वहीं चांदी भी 10,000 की छलांग लगाकर ?2.35 लाख प्रति किलो पर पहुंच गई है. इस तेजी ने बाजार में हलचल मचा दी है, खासकर ऐसे समय में जब निवेशक सुरक्षित निवेश विकल्पों की तलाश में रहते हैं. सोना लंबे समय से एक सुरक्षित निवेश माना जाता रहा है, और मौजूदा परिस्थितियों में इसकी मांग लगातार बढ़ती नजर आ रही है. हालांकि, इतनी ऊंची कीमतों के बीच सवाल यह भी उठता है कि क्या अभी निवेश करना सही रहेगा या इंतजार करना बेहतर होगा. देश में कीमती धातुओं की कीमतों में एक बार फिर तेज उछाल दर्ज किया गया है. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 25 मार्च को 24 कैरेट सोने की कीमत 10 ग्राम पर 6,000 बढ़कर 1.46 लाख तक पहुंच गई.


## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
CIN L65110TN2014PLC097792,
पंजीकृत कार्यालयः - केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031. टेलीफोनः +91 44 4564 4000 फैक्सः +91 44 4564 4022

### परिशिष्ट IV [नियम 8(1)] कब्जे का नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 3] के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं और गारंटीकर्ताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर नीचे संलग्न मांग नोटिस में उल्लिखित राशि को मांग नोटिस की तिथि से भुगतान/वसूली तक अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्कों सहित चुकाने के लिए एक मांग नोटिस जारी किया है।

ऋणी/सह-ऋणी/गारंटर राशि चुकाने में असफल रहे हैं, इसलिए ऋणी/सह-ऋणी/गारंटर और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित, नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा ले लिया है।

| ऋण खाता संख्या | खाता सह-उधारकर्ता/ओं का नंबर और गारंटर नाम | गिरवी रखी गई संपत्तियों का विवरण | मांग नोटिस | | कब्जा लेने की तिथि और प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक | बकाया राशि (रु.) | |
| 112424874 & 67183212 | 1. शिवनारायण सोंधिया 2. राधाबाई सोंधिया | मध्य प्रदेश राज्य-465677 के राजगढ़ जिले के सुथलिया तहसील के माधोपुरा गांव के पीएचएन 19 में स्थित मकान संख्या 49 में स्थित अचल संपत्ति (आवासीय मकान,) का वह पूरा टुकड़ा और भाग, जिसका क्षेत्रफल 27 x 45 = 1215 वर्ग फुट (112.918 वर्ग मीटर) है और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः गांव की साझा सड़क, पश्चिमः रामकरण सोंधिया का मकान, उत्तरः गांव की साझा सड़क, दक्षिणः अपना मुख्य द्वार। | 25.04.2024 | रू. 5,14,857.72/- | भौतिक कब्जा 23.03.2026 |
| 112486057 | 1. नारायण सिंह, 2. अंजलि गुर्जर | हस्ताक्षरित अचल संपत्ति (आवासीय मकान) का वह पूरा टुकड़ा, जिसका क्षेत्रफल 700 वर्ग फुट (65.03 वर्ग मीटर) है, जो सर्वेक्षण संख्या / आबादी खसरा संख्या 284 के अंतर्गत आता है, जो मौजाः हिनोटी, तहसीलः नरसिंहगढ़, पीएच नं. 45, जिलाः राजगढ़, मध्य प्रदेश राज्य-465669 में स्थित है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में सड़क, पश्चिम में हरि सिंह मार्ग, उत्तर में मार्ग, दक्षिण में गोपाल/हरि सिंह मार्ग। | 21.12.2024 | रू. 5,30,799.23/- | भौतिक कब्जा 24.03.2026 |
| 112497377 | 1. नारायण सिंह, 2. गुड्डी बाई | मकान संख्या 33 का वह पूरा टुकड़ा और भाग, जिसका क्षेत्रफल 4290 वर्ग फुट है, यानी 398.554 वर्ग मीटर, सर्वेक्षण संख्या 86, पीएचएन 01, वार्ड संख्या 03, ग्राम सिंगापुरा, तहसील सुथलिया, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश- 465677, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः सड़क, पश्चिमः स्वयं की भूमि, उत्तरः गुजरात सोन्धिया का मकान, दक्षिणः स्वयं का मकान। | 27.01.2024 | रू. 7,48,875.78/- | भौतिक कब्जा 23.03.2026 |
| 90034263 & 132494142 | 1. मोहन गिर 2. किरण गोस्वामी | अचल संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा (आवासीय मकान,) जिसका क्षेत्रफल 1411 वर्ग फुट (131.085 वर्ग मीटर) है, जो मकान संख्या 73 में स्थित है, जिसका पता पीएच नं.13, वार्ड नंबर 10, गांव देहारीखेड़ा, तहसील सुथलिया, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश- 465677 है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः स्वयं की भूमि, पश्चिमः स्वयं की भूमि, उत्तरः चिंताबाई की भूमि, दक्षिणः साझा सड़क। | 29.01.2025 | रू. 6,97,615.80/- | भौतिक कब्जा 23.03.2026 |

विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित किसी भी लेन-देन पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) द्वारा मांग नोटिस में उल्लिखित राशि के साथ-साथ मांग नोटिस की तारीख से भुगतान/वसूली तक अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्क का प्रभार लगाया जाएगा।

दिनांकः 23, और 24.03.2026
स्थानः मध्य प्रदेश

अधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)

# डम डम डीगा डीगा, मौसम भीगा भीगा



डा विजय सुखवानी
लेखक, मोटिवेशनल स्पीकर
v1sukhwani@gmail.com

**हिंदी** फिल्मों में यूँ तो संगीतकारों की कई लोकप्रिय जोड़ियां हुईं हैं, लेकिन दो सगे भाइयों कल्याणजी वीर जी शाह और आनंदजी वीरजी शाह की लोकप्रिय जोड़ी 'कल्याण जी-आनंद जी' ने अपने संगीत की मौलिकता, विविधता, प्रयोगशीलता और लोकप्रियता के दम पर न केवल फ़िल्म जगत में एक ऊँचा मुकाम हासिल किया बल्कि बाद में आने वाले नये संगीतकारों को भी काफ़ी प्रभावित किया. यह जोड़ी फिल्मों को मधुर, भावपूर्ण और विविध रंगों से पूर्ण संगीत देने के लिए जानी जाती है. इन्होंने अपने संगीत में शास्त्रीय संगीत, लोकधुनों, पाश्चात्य वाद्यों का बेहतरीन संतुलन स्थापित किया. यही कारण है कि उनका संगीत आज भी नवीन, आकर्षक और प्रिय लगता है.

गुजरात के कच्छ से निकलकर दुनिया के दिलों तक पहुँचने वाली इस जोड़ी के संगीतकार बनने की कहानी काफ़ी रोचक है. कल्याणजी आनंद जी के पिता वीरजी शाह का परिवार ज़ब कच्छ से मुंबई आया तो उन्होंने यहां किराने की दुकान खोल ली. उनके दुकान से एक ग्राहक सामान तो लेता था लेकिन उधार के पैसे नहीं चुका पा रहा था. वीर जी ने जब उससे तकाजा किया तो उसने उधारी चुकाने के बदले वीरजी के दोनों बेटों कल्याणजी और आनंदजी को मुफ्त में संगीत सिखाने का जिम्मा संभाला और इस तरह इस उधारी के पैसे से एक महान संगीतकार जोड़ी की नींव पड़ी.



कल्याणजी ने अपने करियर की शुरुआत एक वादक के रूप में की थी . हेमंत कुमार के संगीत से सजी फिल्म 'नागिन' (1954) में जो मशहूर 'बीन' की धुन सुनाई देती है, उसमें कल्याणजी ने 'क्लैवायलिन नामक इलेक्ट्रॉनिक वाद्य यंत्र बजाया था, जो एक नया प्रयोग था. शुरू में कल्याणजी ने अकेले संगीत देना शुरू किया, उनकी पहली फिल्म 'सम्राट चंद्रगुप्त' (1958) थी. जल्द ही आनंदजी भी उनके साथ जुड़ गए. जब ये लोग फ़िल्मी दुनिया में आये तो उस वक्त एसडी बर्मन, हेमंत कुमार, मदन मोहन, नौशाद, ओ पी नैयर, शंकर -जय किशन जैसे महान संगीतकार मौजूद थे, ऐसे में उनके लिए अपना मुकाम बना पाना वाकई मुश्किल काम था लेकिन अपनी प्रतिभा और लगन के दम पर उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई . शुरुआती संघर्ष के बाद इस जोड़ी को 1960 में आई मनमोहन देसाई की फिल्म 'छलिया' ने कामयाबी के शीर्ष पर पहुंचा दिया. इस फ़िल्म के गीत 'छलिया मेरा नाम', 'डम डम डीगा डीगा', 'मेरे टूटे हुए दिल से', 'तेरी राहों में खड़े हैं' ने धूम मचा दी, ये गीत आज भी अत्यंत लोकप्रिय हैं.

कल्याणजी-आनंदजी ने अपने 40 साल के करियर में लगभग 250 फिल्मों में संगीत दिया. जिसमें से 17 फिल्में गोल्डन जुबली और 39 फिल्में सिल्वर जुबली रहीं. उनकी कई फिल्में संगीत की दृष्टि से मील का पत्थर मानी जाती हैं, उन्होंने सामाजिक, भावनात्मक, रोमांटिक और एक्शन फिल्मों—सभी प्रकार की फिल्मों में यादगार संगीत दिया. फ़िल्मकार प्रकाश मेहरा के साथ कल्याणजी आनंदजी का शानदार गठबंधन रहा जिसने 'हसीना मान जाएगी', 'हाथ की सफाई', 'हेराफेरी', 'मुकद्दर का सिकंदर', 'लावारिस' जैसी कई सफल फ़िल्में दीं. उनका फ़िरोज़ ख़ान के साथ किया हुआ काम भी बड़ा लोकप्रिय हुआ. इस तिकड़ी ने 'धर्मात्मा', 'कुर्बानी' और 'जाँबाज़' जैसी हिट फ़िल्में दी. इसके अलावा हिमालय की गोद में, सट्टा बाज़ार, सरस्वतीचंद्र, सफ़र, जब जब फूल खिले, दूल्हा दुल्हन, उपकार, पूरब पश्चिम, हमराही, उपासना, मेरे हमसफ़र, सच्चा झूठा, गीत, समझौता, जानी मेरा नाम, कोरा कागज, हेराफेरी, अदालत, डॉन, विधाता, त्रिदेव आदि कल्याणजी आनंदजी की यादगार फ़िल्में हैं .

उनके संगीत में काफ़ी विविधता है, उन्होंने गंभीर गीतों से लेकर चंचल गीतों तक हर प्रकार का संगीत रचा . उनके गीतों में प्रेम, मिलन, जुदाई, पीड़ा, आशा, दर्शन आदि जीवन के सारे रंग मिलते हैं. उन्होंने ऐसे गीत दिए जो केवल फिल्मी गीत नहीं रहे, बल्कि लोगों की स्मृतियों में सदा के लिये बस गये . इस जोड़ी के अमर गीतों में 'हम ने तुझको प्यार किया', 'जो प्यार तू ने मुझको दिया था' (दूल्हा दुल्हन), 'वक़्त करता जो वफ़ा' (दिल ने पुकारा), 'ज़िंदगी का सफर है ', 'जीवन से भरी तेरी आँखें मजबूर करें', 'नदिया चले चले रे धारा' (सफ़र),' चंदन सा बदन चंचल चितवन', 'फूल तुम्हें भेजा है ख़त में', 'मैं तो भूल चली बाबुल का देश ', 'छोड़ दे सारी दुनिया किसी के '(सरस्वतीचंद्र ), 'मेरे देश की धरती सोना उगले' (उपकार), 'कोई जब तुम्हारा हृदय तोड़ दे ', 'है प्रीत जहाँ की रीत सदा ' (पूरब और पश्चिम) , 'तेरे चेहरे में वो जादू है' (धर्मात्मा), 'जिस पथ पे चला उस पथ पे मुझे' (यादगार), 'मेरी प्यारी बहनिया बनेगी दुल्हनिया', 'दिल सच्चा और चेहरा झूठा' (सच्चा झूठा ), 'मेरा जीवन कोरा कागज' (कोरा कागज ), 'हम छोड़ चले हैं महफ़िल को '(जी चाहता है), 'समझौता ग़मों से कर लो' (समझौता), 'परदेसीयों से न अखियाँ मिलाना', 'ये समा समय है ये प्यार का' (जब जब फूल खिले)' 'पल भर के लिए कोई हमें प्यार कर ले', 'नफरत करने वालों के सीने में' (जानी मेरा नाम) 'वादा करले साजना' (हाथ की सफाई), 'बहिना ओ बहिना तेरी डोली '(अदालत), 'खइके पान बनारस वाला' (डॉन), 'ओ साथी रे तेरे बिना' और 'सलाम-ए-इश्क' (मुकद्दर का सिकंदर), 'जिसका क़ोई नहीं उसका तो खुदा है, 'मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम, (लावारिस), 'हर किसी को नहीं मिलता यहाँ प्यार ज़िन्दगी में ', 'प्यार दो प्यार लो' (जांबाज़) और 'आप जैसा कोई मेरी ज़िन्दगी' (कुर्बानी), 'नीले नीले अम्बर पे' (कलाकार) जैसे लोकप्रिय गीत शामिल हैं.

कल्याणजी-आनंदजी ने संघर्ष के दिनों में वाद्य-संगीत, ऑर्केस्ट्रेशन और धुनों की रचना के क्षेत्र में बहुत मेहनत की. उनकी यही मेहनत बाद में उनकी विशिष्ट पहचान बनी. कल्याणजी ने अपने प्रारंभिक दौर में संगीत संयोजन और वादन के क्षेत्र में काम किया. वाद्य यन्त्र क्लैवायलिन के प्रयोग ने उन्हें विशेष पहचान दिलाई. उस समय हिंदी फिल्म संगीत में नए प्रयोगों की शुरुआत हो रही थी और कल्याणजी ने इस दिशा में अपनी रचनात्मक क्षमता का परिचय दिया. वे किसी एक शैली तक सीमित नहीं थे. वे प्रेमगीत, विरह गीत, भजन, कव्वाली, नृत्यगीत, देशभक्ति गीत, लोक-आधारित धुनें और आधुनिक लय पर आधारित गीत—सभी में उन्हें समान महारत हासिल थी . इस जोड़ी ने कई प्रसिद्ध गीतकारों के साथ काम किया और कई अविस्मरणीय गीत दिए, विशेष कर गीतकार इंदीवर के साथ तो उन्होंने कमाल के गीत रचे, इसी तरह उन्होंने बड़े गायकों की विशिष्टताओं को पहचानकर उनसे श्रेष्ठतम प्रस्तुति ली. उनकी संगीत-रचना में तकनीकी दक्षता और भावात्मक संवेदना का बेहतरीन मेल मिलता है. कल्याणजी-आनंदजी केवल फिल्म संगीत तक सीमित नहीं रहे. उन्होंने मंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से भी संगीत को लोकप्रिय बनाया. वे नए गायकों और कलाकारों को अवसर देने के लिए भी जाने जाते थे . उन्होंने मनहर उधास, कुमार सानू, उदित नारायण और साधना सरगम जैसे कई गायकों को पहला ब्रेक दिया, साथ ही उनके बाद आने वाले अनेक संगीतकारों ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उनकी शैली से प्रेरणा ली. उल्लेखनीय है कि प्रसिद्ध संगीतकार जोड़ी लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने भी 1953 से 1963 तक कल्याणजी-आनंदजी के सहायक के रूप में काम किया था .

कल्याणजी-आनंदजी को हिंदी फिल्म संगीत में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए कई सम्मान मिले. 1968 में उन्हें फ़िल्म 'सरस्वती चंद्र 'के लिये सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला. इसी प्रकार फ़िल्म कोरा कागज (1974) के लिये उन्हें फिल्मफेयर पुरस्कार मिला.आज भी जब हिंदी फिल्म संगीत के स्वर्णिम युग की चर्चा होती है, तब कल्याणजी-आनंदजी का नाम अत्यंत आदर से लिया जाता है. आज की बात यहीं तक,अगले सप्ताह फिर मिलेंगे, तब तक इस जोड़ी के दिलकश गीतों का आनंद लीजिये .

# रणवीर सिंह की फिल्म ने मचाई तबाही

## 7 दिन में 623 करोड़ का रिकॉर्ड

रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर- द रिवेंज बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार नए रिकॉर्ड बना रही है. फिल्म ने अपने पहले ही सप्ताह में भारतीय बाजार में 623 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है, जो इसे साल की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में शामिल कर रहा है. आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है. यह फिल्म पहले आई ब्लॉकबस्टर धुरंधर की सीक्वल है, और इसकी कहानी, एक्शन और दमदार परफॉर्मेंस ने दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में बड़ी भूमिका निभाई है.

फिल्म में रणवीर सिंह के साथ आर माधवन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, राकेश बेदी और सारा अर्जुन जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं, जिनकी एक्टिंग की भी खूब तारीफ हो रही है.



सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक, फिल्म ने रिलीज से पहले ही पेड प्रीव्यू में 18 मार्च को 43 करोड़ रुपये की कमाई कर ली थी. इसके बाद 19 मार्च को रिलीज के पहले दिन फिल्म ने 102.55 करोड़ का जबरदस्त कलेक्शन किया. दूसरे दिन 80.72 करोड़ और तीसरे दिन 113 करोड़ रुपये की कमाई ने फिल्म की सफलता को और मजबूत कर दिया.

चौथे दिन फिल्म ने 114.85 करोड़ रुपये का शानदार बिजनेस किया, जबकि पांचवें दिन 65 करोड़, छठे दिन 56.60 करोड़ और सातवें दिन 47.70 करोड़ रुपये का कलेक्शन दर्ज किया गया. इस तरह पहले हफ्ते में ही फिल्म ने कुल 623.42 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. फिल्म की लगातार बढ़ती कमाई से साफ है कि दर्शकों के बीच इसका क्रेज अभी भी बरकरार है. ट्रेड एक्सपर्ट्स का मानना है कि आने वाले दिनों में भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर मजबूत पकड़ बनाए रख सकती है और 700 करोड़ के आंकड़े को भी जल्द पार कर सकती है.

# यामी गौतम ने बदली 'ए-लिस्ट' की परिभाषा

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है. हाल ही में फिल्म धुरंधर- द रिवेंज की शानदार सफलता के बाद फिल्म इंडस्ट्री में उनकी स्थिति को लेकर नई बहस शुरू हो गई है. रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म निर्माता करण जौहर, जो पहले यामी गौतम को 'ए-लिस्ट' अभिनेत्रियों में नहीं मानते थे, अब उनके प्रति अपना नजरिया बदलते नजर आ रहे हैं. पहले हक और फिर धुरंधर की सफलता ने पूरे इंडस्ट्री को इस समय हिला कर रख दिया है. ऐसे में हर कोई यामी गौतम और उनके पति आदित्य धर की तारीफ करने से नही थक रहे.अब इसमें एक नाम करण जौहर का भी हैं.

दरअसल एक दौर था जब करण जौहर ने यामी गौतम को अपने फेमस टॉक शो कॉफी विद करण में बुलाने से साफ इनकार कर दिया था, क्योंकि उनकी नजर में यामी तब ए-लिस्ट एक्ट्रेसेस की लिस्ट में नहीं आती थीं. लेकिन समय का पहिया ऐसा घूमा कि आज वही करण जौहर सार्वजनिक मंच पर यामी को गले लगाते और उनकी तारीफों के पुल बांधते नजर आ रहे हैं. साल 2017 की है, जब फिल्म काबिल रिलीज होने वाली थी. सुपरस्टार ऋतिक रोशन ने कॉफी विद करण के मेकर्स से गुजारिश की थी कि फिल्म के प्रमोशन के लिए उनकी को-स्टार यामी गौतम को भी शो पर बुलाया जाए. लेकिन उस वक्त करण जौहर और उनकी टीम ने ऋतिक से कहा कि वे अकेले आना चाहें तो आ सकते हैं, लेकिन यामी को शो में जगह नहीं मिल सकती. क्योंकि उस समय यामी को बॉलीवुड के बड़े क्लब का हिस्सा नहीं माना जाता था. हालांकि ऋतिक ने भी सम्मान दिखाते हुए शो पर जाने से मना कर दिया था.



अब समय का पहिया ऐसा बदला कि यामी गौतम की फिल्म हक को न सिर्फ क्रिटिक्स ने सराहा, बल्कि दर्शकों का भी भरपूर प्यार मिला. वहीं दूसरी तरफ,उनके पति आदित्य धर की फिल्म धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस पर सारे पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त कर रही है. ये ही वजह है कि अब करण फिल्म हक देखने के बाद खुद को यामी का लाइफलॉन्ग फैन बता रहे हैं.

सिर्फ यही नहीं, उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक के प्रमोशन के दौरान एक रियलिटी शो में भी करण जौहर और दूसरे जजों ने कथित तौर पर यामी को नजरअंदाज किया था.

# गीतकार चिप टेलर का 86 वर्ष में निधन

ग्रैमी पुरस्कार के लिए नामांकित गायक-गीतकार चिप टेलर का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया. उन्हें उनके हिट गीतों वाइल्ड थिंग और एंजल ऑफ द मॉर्निंग के लिए जाना जाता है. उनके बच्चों क्रिस और केली ने गुरुवार को एक बयान में अपने पिता के निधन की घोषणा की. चिप टेलर का वास्तविक नाम जेम्स वेस्ली वॉयट था, वह जॉन वॉयट के भाई और हॉलीबुड अभिनेत्री एंजेलिना जोली के चाचा थे. उनकी कथित रूप से सोमवार रात को हॉस्पिस केयर में मौत हो गई. चिप का जन्म 21 मार्च, 1940 को न्यूयॉर्क के योंकर्स शहर में जेम्स वेस्ली वॉयट के रूप में हुआ था. उन्होंने और उनके भाइयों ने न्यूयॉर्क के व्हाइट प्लेन्स में आर्कबिशप स्टेपिनाक हाई स्कूल में पढ़ाई की. 1961 में चिप ने एक वर्ष के लिए कनेक्टिकट के हार्टफोर्ड विश्वविद्यालय में अध्ययन किया.



उनका गाना एंजल ऑफ द मॉर्निंग का भी अपना एक लंबा इतिहास रहा और 1981 में जब जूस न्यूटन ने इसे हॉट 100 चार्ट पर चौथे नंबर पर पहुंचाया तो यह अपने चरम पर पहुंच गया. यह गाना एसी चार्ट पर भी नंबर वन पर पहुंचा और कंट्री रेडियो पर भी चार्ट में शामिल रहा. यह गाना मूल रूप से 1967 में एवी सैंड्स द्वारा रिकॉर्ड किया गया था लेकिन उस समय इसे ज्यादा लोकप्रियता नहीं मिली. इसका पहला हिट संस्करण मेरिलि रश का था, जो 1968 में चौथे नंबर पर पहुंचा था. बाद में इसे नीना सिमोन, ओलिविया न्यूटन-जॉन और द प्रिटेंडर्स जैसे अन्य कलाकारों ने भी रिकॉर्ड किया.

# 'हुई गुम यादें': नया मेडिकल ड्रामा

**भारतीय** टेलीविजन पर मेडिकल ड्रामा हमेशा सीमित दायरे में ही नजर आए हैं, जहां 'संजीवनी' और 'दिल मिल गए' जैसे शो ने अपनी अलग पहचान बनाई. अब सोनी सब का नया शो 'हुई गुम्म यादें - एक डॉक्टर, दो जिंदगियां' इस परंपरा को नई दिशा देने का दावा करता दिख रहा है. 6 अप्रैल 2026 से प्रसारित होने वाला यह शो सिर्फ एक डॉक्टर की पेशेवर यात्रा नहीं, बल्कि उसकी टूटी हुई पहचान और बिखरे रिश्तों को फिर से जोड़ने की कहानी है.



इतालवी सीरीज डॉक नेल्ले ट्यू मनी पर आधारित यह कहानी डॉ. देव मेहता के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक हादसे के बाद अपनी जिंदगी के आठ अहम साल भूल जाते हैं. यही मोड़ इस शो को साधारण ड्रामा से अलग बनाता है. एक सफल, आत्मविश्वासी डॉक्टर का अचानक अपने ही अतीत से अनजान हो जाना, उसे भावनात्मक और पेशेवर दोनों स्तरों पर चुनौती देता है.

अभिनय की बात करें तो इकबाल खान इस शो की सबसे बड़ी ताकत साबित हो सकते हैं. उनके हिस्से में एक जटिल किरदार है, जिसमें उन्हें दो अलग-अलग मानसिक अवस्थाओं को जीना है. वहीं गुलकी जोशी का गंभीर भूमिका में आना शो को भावनात्मक मजबूती देता है. नई कलाकार सृष्टि सिंह भी कहानी में ताजगी जोड़ती नजर आती हैं. दरअसल,शो की सबसे बड़ी कसौटी इसकी यथार्थवाद और संतुलन होगी. कुल मिलाकर, 'हुई गुम यादें' में टीवी के पारंपरिक ढांचे को तोड़ने की क्षमता नजर आती है.

# गोवा में फिर से अपनी दुनिया बसाएंगी अनुपमा



**स्टार** प्लस के शो अनुपमा में अनुपमा का किरदार निभा रही रूपाली गांगुली ने मौजूदा ट्रैक के बारे में कुछ दिलचस्प बातें शेयर कीं, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे एक बार फिर वह अपनी जिंदगी को नए सिरे से संवार रही है. रूपाली गांगुली ने बताया कि कहानी कैसे आगे ब?ती है और दर्शकों को देखने को मिलेगा कि कैसे वह गोवा में अपना कैफे खोलने के सपने को पूरा करते हुए नई चुनौतियों का सामना करती हैं. रूपाली ने बताया, लीप के बाद अनुपमा की जिंदगी ने एक बिल्कुल अलग मोड़ ले लिया है और अब वह एक नए शहर गोवा में अपनी जिंदगी को फिर से शून्य से शुरू करने की कोशिश कर रही है. वह जो भी काम सामने आ रहा है उसे कर रही है, चाहे वह होटल स्टाफ के रूप में काम करना हो या साफ-सफाई में मदद करना, क्योंकि इस वक्त उसके लिए सर्वाइवल और आगे बढ़ना सबसे ज्यादा मायने रखता है. मेरे लिए यह फेज इसलिए इमोशनल है क्योंकि इतना सब कुछ झेलने के बाद भी अनुपमा ने उम्मीद नहीं छोड़ी है. रूपाली गांगुली ने बताया कि दर्शकों को क्या देखने को मिलेगा, दर्शक अनुपमा के संघर्ष, उसके अकेलेपन और उसकी उस खामोश ताकत को देखेंगे जो वह इस अंजान शहर में खुद को ढालने के लिए लगा रही है. अनुपमा ने हमेशा किसी न किसी मकसद के जरिए अपनी पहचान बनाई है चाहे वह डांस हो, बस्ती के लिए खड़े होना हो या अनु की रसोई% चलाना. और अब गोवा में, वह एक बार फिर कैफे बनाने के अपने सपने के जरिए उसी मकसद की तलाश कर रही है. रूपाली गांगुली ने कहा, एक कलाकार के तौर पर अनुपमा के इस नाजुक लेकिन उम्मीदों से भरे पहलू को निभाना मेरे लिए बहुत खास है, और मुझे सच में उम्मीद है कि दर्शक उसके इस सफर से जुड़े रहेंगे और इस नए फेज में भी उसे अपना पूरा साथ देंगे.

# कलाकारों ने साझा की राम नवमी मनाने की अपनी योजनाएँ



**राम नवमी**, भगवान राम के जन्म का पावन पर्व, भक्ति, धर्म और आध्यात्मिक चिंतन का समय होता है. देशभर में श्रद्धालु इस दिन पूजा, रामायण पाठ, भजन और पारंपरिक रीति-रिवाजों के माध्यम से सत्य और मर्यादा का पालन करते हैं. व्यस्त शूटिंग शेड्यूल के बावजूद, के कलाकार अपनी परंपराओं से जुड़े रहते हैं और पूरे समर्पण के साथ इस पर्व को मनाते हैं. इस वर्ष वे शूटिंग के साथ-साथ राम नवमी कैसे मना रहे हैं, यह साझा कर रहे हैं पारस अरोड़ा (घरवाली पेड़वाली में जीतू) और सानंद वर्मा (भाबीजी घर पर हैं 2.0 में अनोखे लाल सक्सेना) . पारस अरोड़ा कहते हैं, राम नवमी मेरे दिल के बहुत करीब रही है. बचपन में हमारा परिवार इसे बड़ी श्रद्धा से मनाता था. मुझे याद है मेरी माँ सुबह जल्दी उठकर घर के मंदिर को फूलों से सजाती थीं और भजन चलते रहते थे. हम बच्चे आरती और स्वादिष्ट प्रसाद का बेसब्री से इंतजार करते थे. इस साल, लंबी शूटिंग के बावजूद, मैं दिन की शुरुआत छोटी पूजा और रामायण के कुछ श्लोकों के पाठ से करता हूँ. मैं सात्विक भोजन करता हूँ और हल्का खाना खाता हूँ. प्रोडक्शन टीम भी मुझे प्रार्थना के लिए समय देती है. राम नवमी मुझे भगवान राम के आदर्शों- धैर्य, विनम्रता और धर्म-की याद दिलाती है, जिन्हें मैं अपने जीवन में अपनाने की कोशिश करता हूँ. सानंद वर्मा कहते हैं, मेरे लिए राम नवमी सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि बचपन की यादों से जुड़ी भावना है. पहले हमारे मोहल्ले में रामायण पाठ और झांकी होती थी मैं उनमें भाग लेता था और बहुत खुशी महसूस करता था. आज भी, व्यस्तता के बावजूद, मैं पूरे मन से यह दिन मनाता हूँ. मैं सुबह पूजा करता हूँ, समय मिलने पर राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करता हूँ और मंदिर जाता हूँ. मैं हल्का भोजन करता हूँ और कभी-कभी उपवास भी रखता हूँ.

# तमन्ना भाटिया का ब्यूटी सीक्रेट, सिंपल रूटीन से दिनभर ग्लोइंग स्किन

बॉलीवुड और साउथ फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर अदाकारा तमन्ना भाटिया अपनी खूबसूरती और बेदाग त्वचा के लिए अक्सर सुर्खियों में रहती हैं. हाल ही में सामने आई जानकारी के अनुसार, उनकी चमकदार स्किन का राज किसी महंगे ब्यूटी ट्रीटमेंट में नहीं, बल्कि एक बेहद सिंपल और अनुशासित रूटीन में छिपा है.

तमन्ना अपनी स्किन को हेल्दी रखने के लिए सबसे ज्यादा ध्यान हाइड्रेशन पर देती हैं. वह दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पीती हैं, जिससे उनकी त्वचा अंदर से हाइड्रेट रहती है और नेचुरल ग्लो बना रहता है. इसके अलावा, वह अपने स्किनकेयर में हल्के और केमिकल-फ्री प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता देती हैं, ताकि त्वचा पर कोई नुकसान न हो. एक्ट्रेस का मानना है कि क्लीन स्किन ही खूबसूरती की असली पहचान है. इसलिए वह दिन में दो बार चेहरा साफ करती हैं और कभी भी मेकअप लगाकर नहीं सोतीं. सोने से पहले मेकअप पूरी तरह हटाना उनकी आदत में शामिल है. इसके साथ ही, वह रोजाना मॉइश्चराइजर और सनस्क्रीन का इस्तेमाल करती हैं, जिससे त्वचा धूप और प्रदूषण के असर से सुरक्षित रहती है.तमन्ना भाटिया घरेलू नुस्खों पर भी भरोसा करती हैं. वह समय-समय पर बेसन, दही और हल्दी से बने फेस पैक का इस्तेमाल करती हैं.



# टीवी पर धमाका: 'कल्कि 2898 ए.डी.' और 'इमरजेंसी' का प्रीमियर

टीवी दर्शकों के लिए इस हफ्ते एंटरटेनमेंट का डबल डोज मिलने वाला है. ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कल्कि 2898 ए.डी.' और बहुचर्चित फिल्म 'इमरजेंसी' का प्रीमियर अलग-अलग चैनलों पर किया जाएगा, जिससे दर्शकों को घर बैठे शानदार सिनेमा का अनुभव मिलेगा. नाग अश्विन के निर्देशन में बनी 'कल्कि 2898 ए.डी.' का प्रीमियर 27 मार्च को शाम 7:30 बजे ज़ी एक्शन पर होगा. यह फिल्म पौराणिक और भविष्य की कहानी को एक साथ जोड़ती है. फिल्म में अमिताभ बच्चन अश्वत्थामा के किरदार में नजर आते हैं, जिन्हें अमर रहने का श्राप मिला है. वहीं दीपिका पादुकोण एक ऐसी माँ की भूमिका में हैं, जो कल्कि अवतार को जन्म देने वाली है, जबकि प्रभास भैरव के रूप में एक निडर योद्धा का किरदार निभाते हैं. शानदार वीएफएक्स, भव्य सेट और दमदार कहानी इस फिल्म को खास बनाते हैं. वहीं, कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' का प्रीमियर 28 मार्च को शाम 7:30 बजे अनमोल सिनेमा पर किया जाएगा.



यह फिल्म 1975 के उस दौर को दर्शाती है, जब देश में इमरजेंसी लागू हुई थी और लोकतंत्र पर कई तरह की पाबंदियां लगाई गई थीं. कंगना रनौत ने इसमें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है.

# आईपीएल : वापसी, विवाद और करोड़ों की जंग !

## मेगा डील, नई कप्तानी, सख्त सुरक्षा और बदली रणनीतियों के साथ शुरू होगा सीजन

- राजस्थान रॉयल्स 15,290 करोड़ में बिकी
- चेन्नई की नई ओपनिंग : गायकवाड़-सैमसन
- एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बिना टिकट एंट्री पर सख्ती

**नयी दिल्ली, 26 मार्च इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का सीजन शुरू होने से पहले ही सुर्खियों में छा चुका है. इस बार सिर्फ मैदान पर मुकाबले नहीं होंगे, बल्कि खिलाड़ियों की वापसी, टीमों की रणनीति, रिकॉर्ड तोड़ निवेश और सुरक्षा इंतजाम—सब मिलकर इसे अब तक का सबसे हाई-वोल्टेज सीजन बना रहे हैं.**

आईपीएल 2026 की शुरुआत से ठीक पहले क्रिकेट जगत में हलचल तेज हो गई है. हर टीम अपनी तैयारी के अंतिम चरण में है, वहीं कई बड़े फैसले और घटनाएं इस सीजन को खास बना रही हैं. आईपीएल 2026 की दूसरी सबसे बड़ी खबर बिजनेस से जुड़ी है. राजस्थान रॉयल्स को करीब 15,290 करोड़ रुपये में खरीदा जाना इस लीग की आर्थिक ताकत को दर्शाता है. 2008 में मात्र 67 मिलियन डॉलर में खरीदी गई टीम की वैल्यू का इस स्तर तक पहुंचना ब्रांड वैल्यू में भारी उछाल का प्रमाण है. राजस्थान रॉयल्स इस बार नए कप्तान रियान पराग के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगी. यह टीम अब ट्रांजिशन फेज में है, जहां युवा खिलाड़ियों पर ज्यादा भरोसा किया जा रहा है. पराग के लिए यह सबसे बड़ा मौका है, जहां उन्हें अपनी कप्तानी और प्रदर्शन दोनों से खुद को साबित करना होगा.

अगर बात करें कोलकाता नाइट राइडर्स की, तो यहां लीडरशिप को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा है. गौतम गंभीर के जाने के बाद टीम में वह स्थिरता नहीं दिख रही है, जिसने उसे पहले मजबूत बनाया था. एक्सपर्ट्स का मानना है कि सिर्फ कप्तान ही नहीं, बल्कि पूरी टीम में लीडरशिप स्ट्रक्चर मजबूत होना जरूरी है.

इस बार आईपीएल में रणनीति का खेल भी पहले से ज्यादा अहम होने वाला है. टीमें अब सिर्फ बड़े नामों पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि डेटा, मैचअप और परिस्थितियों के हिसाब से प्लेइंग तय कर रही हैं.

सुरक्षा के लिहाज से भी इस बार आईपीएल अलग स्तर पर नजर आ रहा है. बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बिना टिकट एंट्री पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है. पुलिस ने साफ कर दिया है कि किसी भी तरह की भीड़ स्टेडियम के बाहर इकट्ठा नहीं होने दी जाएगी.

पिछले साल हुई दुखद घटना के बाद इस बार सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं किया जा रहा है. मेट्रो और बस सेवाओं को बढ़ाया गया है और ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए खास प्लान तैयार किया गया है.

इतिहास पर नजर डालें तो मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स सबसे सफल टीमें रही हैं, जिन्होंने पांच-पांच बार खिताब जीता है. इस बार भी ये दोनों टीमें मजबूत दावेदार मानी जा रही हैं, लेकिन युवा कप्तानों और नई रणनीतियों के चलते मुकाबला और भी कड़ा होने वाला है.

कंट्रोवर्सी की बात करें तो आईपीएल हमेशा से चर्चा में रहता है और इस बार भी कुछ मुद्दे पहले से ही गर्म हैं. खिलाड़ियों की फिटनेस, टीम चयन, वर्क एथिक्स और बड़े ट्रेड्स को लेकर बहस जारी है.

सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव ने खिलाड़ियों पर दबाव भी बढ़ा दिया है. एक खराब प्रदर्शन के बाद तुरंत आलोचना शुरू हो जाती है, जिससे कई खिलाड़ी मानसिक दबाव में आ जाते हैं. यही वजह है कि अब खिलाड़ी मानसिक फिटनेस पर भी उतना ही ध्यान दे रहे हैं, जितना अपने खेल पर.

### ब्रेक ने बनाया मानसिक रूप से मजबूत : पृथ्वी शॉ



**सबसे ज्यादा चर्चा पृथ्वी शॉ की वापसी को लेकर है, जिन्होंने खराब फॉर्म और आलोचनाओं के बाद अब नई ऊर्जा के साथ मैदान में उतरने का दावा किया है. पिछले दो सीजन शॉ के लिए बेहद कठिन रहे. 2023 और 2024 में उनका बल्ला खामोश रहा और उन्हें दिल्ली कैपिटल्स की प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया गया.**

इतना ही नहीं, घरेलू क्रिकेट में भी उन्हें जगह गंवानी पड़ी. लेकिन इस बार शॉ पूरी तरह बदले हुए नजर आ रहे हैं. उन्होंने खुद माना कि उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनने के लिए ब्रेक की जरूरत थी. इस दौरान उन्होंने क्रिकेट से दूर रहकर खुद पर काम किया, ट्रैवल किया और सोशल मीडिया से दूरी बनाई. अब उनका कहना है कि वह पहले से ज्यादा फोकस्ड और तैयार हैं. हालांकि, उनकी राह आसान नहीं होगी, क्योंकि टीम में ओपनिंग के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है.

> आईपीएल 2026 सिर्फ एक क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच बन चुका है जहां खेल, पैसा, ग्लैमर और इमोशन सब एक साथ नजर आते हैं. इस बार जहां अनुभवी खिलाड़ी अपनी विरासत को मजबूत करने उतरेंगे, वहीं युवा खिलाड़ी खुद को साबित करने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे. अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि कौन सी टीम दबाव को संभाल पाएगी, कौन सा खिलाड़ी स्टार बनकर उभरेगा और कौन सी कहानी इस सीजन को यादगार बना देगी.



चेन्नई सुपर किंग्स ने भी बड़ा फैसला लेते हुए अपनी ओपनिंग जोड़ी तय कर ली है. कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के साथ इस बार संजू सैमसन ओपनिंग करते नजर आएंगे. यह बदलाव इसलिए भी अहम है क्योंकि टीम के पास युवा प्रतिभाएं भी मौजूद हैं, जिन्हें अब मिडिल ऑर्डर में नई भूमिका निभानी होगी. चेन्नई सुपर किंग्स हमेशा से अपनी स्थिरता और अनुभव के लिए जानी जाती है, लेकिन इस बार टीम ने नए कॉम्बिनेशन के साथ जोखिम उठाया है.

### गंभीर ऊंचे स्टैंडर्ड तय करते हैं : : फाफ डु प्लेसिस



कोलकाता नाइट राइडर्स पिछले टाटा आईपीएल सीजन में पॉइंट्स टेबल के दूसरे हाफ में रही थी, और नए हेड कोच अभिषेक नायर के लिए काम बहुत होगा. जियो स्टार के 'आईपीएल टुडे लाइव' पर बात करते हुए, जियो स्टार एक्सपर्ट फाफ डु प्लेसिस और आकाश चोपड़ा ने केकेआर ड्रेसिंग रूम में गौतम गंभीर की गैरमौजूदगी, सिर्फ कैप्टन से आगे लीडरशिप की भूमिका, और हेड कोच के तौर पर अपने पहले सीजन में नायर के लिए चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए. फाफ डू प्लेसिस ने एक लीडर के तौर पर गौतम गंभीर के बारे में अपनी राय साझा की, क्योंकि वे उनके खिलाफ कई बार खेल चुके हैं. उन्होंने कहा, 'गंभीर के बारे में मेरा नज़रिया साफ़ तौर पर उन लोगों से बहुत अलग है जो उनके साथ खेलते हैं. जब उनके खिलाफ खेलने की बात आती है तो वह हमेशा कहानी में विलेन होते हैं, लेकिन आप इसकी इज्जत करते हैं. और मुझे लगता है कि गौतम गंभीर के साथ यही खास बात है, वह बहुत कॉम्पिटिटिव हैं. वह एक सेकंड के लिए भी इस बात की चिंता नहीं करते कि कोई उन्हें पसंद करेगा या नहीं. एक लीडर के तौर पर उनका काम ऊंचे स्टैंडर्ड सेट करना और ड्रेसिंग रूम में अकाउंटेबिलिटी रखना है. इसलिए, बाहर से, उनके खिलाफ खेलने वाले एक साथी लीडर के तौर पर, आप उन्हें हराना चाहते हैं क्योंकि वह विरोधी टीम के तौर पर खुद को जिस तरह से पेश करते हैं, लेकिन आप इस बात की इज्ज़त करते हैं कि वह इतने ऊंचे स्टैंडर्ड सेट करते हैं. अच्छे लीडर यही करते हैं, और उन्होंने जिस दिन से खेलना शुरू किया है, उसी दिन से यह बनाया है. अगर आप उनका रिकॉर्ड देखें, तो आपको अपनी टोपी उतारकर कहना होगा, लीडरशिप के नज़रिए से, उनके साथ केकेआर एक मज़बूत टीम थी.' किसी फ्रेंचाइज में लीडरशिप के लिए कैप्टन ही सब कुछ क्यों नहीं है इस पर फाफ डु प्लेसिस ने कहा, 'जब लोग किसी ऑर्गनाइज़ेशन या टीम में लीडरशिप को देखते हैं, तो हमेशा कैप्टन के बारे में सोचते हैं. हाँ, कैप्टन का एक रोल होता है, लेकिन मेरे लिए, यह ऊपर से नीचे तक जाता है. तो, यह आपके मालिक, कोच और टीम के अंदर लीडरशिप ग्रुप होते हैं. जब आप एमआई, सीएसके और केकेआर जैसी सफल टीमों को देखते हैं, तो वहाँ गौतम के साथ श्रेयस अय्यर, या धोनी के साथ फ्लेमिंग होते हैं.

## एक नजर में

### आरसीबी डील बताई गई बात से कहीं ज्यादा बड़ी



**बेंगलुरु.** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ब्लॉकबस्टर सेल के बारे में आईपीएल के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी ने गुरुवार को कहा कि यह डील बताई गई बात से कहीं ज़्यादा बड़ी और महंगी है. हालांकि 1.78 बिलियन डॉलर के हेडलाइन आंकड़े पर चर्चा हो रही है, लेकिन मोदी ने कहा कि असल फाइनेंशियल खर्च कुछ और ही कहानी कहता है. उनके मुताबिक, सभी चीज़ों को जोड़ने के बाद, कुल पेमेंट लगभग 1,936 बिलियन डॉलर हो जाता है, जिससे यह डील दो बिलियन डॉलर के करीब पहुंच जाती है. उन्होंने बताया कि बोर्ड ऑफ़ कंट्रोल फ़ॉर क्रिकेट इन इंडिया (बीसीसीआई) को दी जाने वाली पांच परसेंट ट्रांज़ेक्शन फ़ीस बेस वैल्यूएशन से ज़्यादा कॉस्ट को काफ़ी बढ़ा देती है. इसके अलावा, आरसीबी महिला टीम की एक्विजिशन कॉस्ट और कई सालों में फैले स्ट्रक्चर्ड पेमेंट से कुल खर्च और बढ़ जाता है. मोदी ने करेंसी डेप्रिसिएशन को भी एक वजह बताया, और कहा कि रुपये में उतार-चढ़ाव ने भारतीय टर्म्स में ट्रांज़ेक्शन की इफेक्टिव वैल्यू को बढ़ाकर लगभग 18,200 करोड़ रुपये कर दिया है. यह कमेंट्स तब आए हैं जब आदित्य बिड़ला ग्रुप की लीडरशिप वाले एक कंसोर्टियम ने यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड से रॉयल चैलेंजर्स स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड में 100 परसेंट स्टेक खरीदा है, जिसे पहले से ही आईपीएल हिस्ट्री की सबसे हाई-प्रोफाइल डील्स में से एक माना जा रहा है.

### बेंगलुरु एफसी ने पेप मुनोज को हेड कोच बनाया




**बेंगलुरु.** बेंगलुरु एफसी ने स्पेन के पेप मुनोज को क्लब का नया हेड कोच बनाया है. मुनोज ने 2026/27 सीजन के आखिर तक ब्लूज़ के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है और वे फर्स्ट टीम की ज़िम्मेदारी संभालेंगे क्योंकि क्लब सबसे ऊँचे लेवल पर मुकाबला जारी रखना चाहता है. मुनोज प्लेयर डेवलपमेंट और एलीट-लेवल कोचिंग में अच्छे अनुभव के साथ बेंगलुरु आए हैं. उन्होंने पहले एफसी बार्सिलोना के यूथ सेटअप में बार्सा अंडर19 और बार्सिलोना बी के साथ काम किया है, और चीन की नेशनल फुटबॉल टीम के साथ काम करने के अलावा, उन्होंने किंगदाओ हुआंगहाई और शेडोंग लुनेंग के साथ चीन में भी समय बिताया है. हेड कोच के तौर पर उनका पहला पूरा रोल कंबोडिया में प्रीह खान रीच स्वे रींग के साथ आया, जहाँ उन्होंने दो साल तक कामयाबी से काम किया, जिसमें क्लब ने दो बार लीग और एक बार डोमेस्टिक कप जीता, साथ ही एएफसी चैलेंज लीग के फाइनल में भी पहुँचा. मुनोज के साथ फेरान बोरास भी होंगे, जो बीएफसी के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं.

### सुनीत ने जीती अल्फा स्पोर्ट्स गोल्फ चैंपियनशिप

**पटना.** सुनीत चौरसिया ने चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद वापसी की घोषणा की और 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन सीजन के चौथे इवेंट, अल्फा स्पोर्ट्स एकेडमी गोल्फ चैंपियनशिप में कड़ी मेहनत से एक शॉट से जीत हासिल की. इस 25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाली चैम्पियनशिप का आयोजन पटना गोल्फ क्लब ने किया था. कोलकाता के सुनीत चौरसिया (71-65-73), जो महान एसएसपी चौरसिया के भतीजे हैं, जो रात भर तीन शॉट से आगे थे, ने तीसरे और आखिरी राउंड में लगातार 73 का स्कोर बनाकर अपना पहला खिताब जीता, क्योंकि उन्होंने इस हफ्ते कुल सात-अंडर 209 का स्कोर किया. इकतीस साल के सुनीत को इस जीत से 3,17,875 रुपये का प्राइज मनी चेक मिला, जिससे वह 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन ऑर्डर ऑफ़ मेरिट में 41वें नंबर से छठे नंबर पर आ गए. बिपिन मुखिया (68-75-67) ने पिछले दिन का बेस्ट स्कोर 67 बनाया, जिससे उन्हें चार स्पॉट का फायदा हुआ और वह सिक्स-अंडर 210 के साथ रनर-अप रहे. बिपिन के दूसरे नंबर पर रहने से उन्हें 2,67,875 रुपये का चेक मिला, जिससे वह नेक्सजेन मेरिट लिस्ट में सातवें से पहले नंबर पर आ गए, क्योंकि उनके इस सीजन की कमाई 5,28,688 रुपये हो गई. दिवेश राणा (68), विनय कुमार यादव (72) और राजेश कुमार गौतम (74) ने तीन-अंडर 213 के साथ संयुक्त तीसरा स्थान हासिल किया.

## काउंटी चैंपियनशिप में फिर से सरे टीम के लिए खेलेंगे राहुल



**लंदन, 26 मार्च भारत के स्पिनर राहुल चाहर इस गर्मी में होने वाली काउंटी चैंपियनशिप में आठ मैचों के लिए सरे टीम में वापसी करेंगे.**

जून में शुरु होने वाली इस चैंपियनशिप में चाहर आखिरी आठ मैचों में खेलते हुए नजर आएंगे, जिसकी शुरुआत सात जून को ओवल में हैम्पशायर के खिलाफ होने वाले मुकाबले से होगी. चाहर ने कहा, 'मैं इस सीज़न में सरे में वापसी को लेकर बहुत उत्साहित हूं. मुझे 2025 में अपना छोटा सा कार्यकाल बहुत पसंद आया था, और जब मैंने एलेक स्टीवर्ट से बात की, तो इस सीजन में वापसी का मौका मिलते ही मैंने तुरंत हाँ कर दी. सरे एक सफल क्लब है और मैं 2026 में टीम को उसके लक्ष्य हासिल करने में मदद करना चाहता हूं.

## मियामी में रायबाकिना आगे, फिल्स ने रचा इतिहास

### गॉफ- मुचोवा सेमीफाइनल में आमने-सामने

**मियामी, 26 मार्च. मियामी ओपन 2026 में गुरुवार को खेले गए मुकाबलों में टेनिस प्रेमियों को हाई-वोल्टेज ड्रामा, शानदार वापसी और युवा जोश का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला.**





महिला वर्ग में कजाकिस्तान की स्टार खिलाड़ी एलेना रायबाकिना ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई, वहीं पुरुष वर्ग में फ्रांस के युवा खिलाड़ी आर्थर फिल्स ने चार मैच पॉइंट बचाकर यादगार जीत दर्ज करते हुए सभी को चौंका दिया. महिला एकल क्वार्टरफाइनल में रायबाकिना और पेगुला के बीच मुकाबला शुरुआत में एकतरफा नजर आया. 32 वर्षीय पेगुला ने पहले सेट में 4-0 की बढ़त लेते हुए 6-2 से सेट अपने नाम किया. उनकी सटीक सर्विस और बेसलाइन गेम ने रायबाकिना को शुरुआती चरण में दबाव में डाल दिया. हालांकि, दूसरे सेट से मैच का रुख पूरी तरह बदल गया. रायबाकिना ने संयम और आक्रामक खेल का बेहतरीन संतुलन दिखाते हुए वापसी की. उन्होंने अपनी सर्विस गेम को मजबूत किया और लगातार 15 ऐस लगाकर पेगुला पर दबाव बनाया.

## बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 6-2 से हराया

### क्वार्टरफाइनल के पहले लेग में अपना दबदबा किया साबित

**मैड्रिड, 26 मार्च फुटबॉल क्लब बार्सिलोना ने स्पेन में महिला फुटबॉल में अपना दबदबा साबित करते हुए यूईएफए महिला चैंपियंस लीग क्वार्टरफाइनल के पहले लेग में रियल मैड्रिड के खिलाफ 6-2 से शानदार जीत दर्ज की.**



बुधवार को खेले गये मुकाबले में एवा पाजोर के छठे मिनट में किये गये गोल की बदौलत बार्सिलोना ने खेल पर जल्दी ही अपना नियंत्रण बना लिया. 13वें मिनट तक स्कोर 2-0 हो गया था, जब गोलकीपर मिसा रोड्रिगेज विक्की लोपेज के क्रॉस पर एस्मी ब्रुग्ट्स के फार-पोस्ट हेडर को रोक नहीं पाई. लिंडा कैसिडो ने कुछ समय के लिए मैड्रिड को मैच में वापस ला दिया; उन्होंने दौड़ लगाते हुए ऑफसाइड ट्रैप को तोड़ा, काटा कोल को छकाया और शांत भाव से गोल कर दिया. लेकिन सिर्फ दो मिनट बाद, इरीन पारेडेस ने एक कॉर्नर से ज़ोरदार हेडर लगाकर बार्सिलोना की दो गोल की बढ़त को फिर से बहाल कर दिया. पाजोर ने 57वें मिनट में फिर से गोल कर स्कोर 4-1 कर दिया. सात मिनट बाद लोपेज ने पांचवां गोल किया. कैरोलीन ग्राहम हैनसेन ने दाईं ओर जगह बनाई और गेंद को पीछे की ओर खींचा, जिसके बाद लोपेज ने अपने बाएं पैर से गोल कर दिया.

## एशियन गेम्स व्यक्तिगत तौर पर महत्वपूर्ण

**रायपुर, 26 मार्च भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने कहा है कि एशियन गेम्स मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वहां मेरा अभी भी कुछ काम शेष है.**

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के बुधवार को उद्घाटन समारोह के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में मीराबाई ने कहा, 'एशियन गेम्स मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर बहुत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वहां मेरा अभी भी कुछ अधूरा काम बाकी है. एशियन गेम्स में मुकाबले का स्तर बहुत ऊंचा होता है, जो इसे और भी अधिक चुनौतीपूर्ण और रोमांचक बनाता है.' मीराबाई के सामने एक बड़ी चुनौती अपनी वेट कैटेगरी (वजन वर्ग) को एडजस्ट करना रही है.

### संवाददाता सम्मेलन में मीराबाई ने कहा-



उन्होंने अधिकतर 49किग्रा वर्ग में ही हिस्सा लिया है, लेकिन अब इंटरनेशनल वेटलिफ्टिंग फेडरेशन द्वारा वजन वर्गों में किए गए बदलावों के कारण उन्हें अलग-अलग कैटेगरी के बीच स्विच करना पड़ेगा.

> मीराबाई 23 जुलाई से दो अगस्त तक ग्लासगो में होने वाले 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स में 48किग्रा कैटेगरी में हिस्सा लेंगी, और उसके बाद 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के नागोया में होने वाले एशियन गेम्स में पदक जीतने की एक और कोशिश के लिए वापस 49 किग्रा भार वर्ग में आ जाएंगी. मीराबाई ने बताया, 'मैं कॉमनवेल्थ गेम्स तक अपना वजन 48 किग्रा के अंदर ही रखूंगी, लेकिन उसके दो महीने के अंदर ही एशियन गेम्स होने हैं, जो कि 49किग्रा भार वर्ग में हैं, इसलिए मुझे वापस उसी कैटेगरी में जाना पड़ेगा.'

**कार्यक्रम** ▶ 4 देशों के खिलाफ 22 मैच, बेंगलुरु में इंटरनेशनल क्रिकेट की वापसी

## भारत का घरेलू सीजन शेड्यूल जारी

**17** शहरों में 22 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले होंगे

**24** साल बाद भारत में कोई सीरीज खेलेगी जिम्बाब्वे



**मुंबई, 26 मार्च. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने गुरुवार को भारतीय क्रिकेट टीम के 2026-27 घरेलू सीजन का पूरा कार्यक्रम जारी कर दिया, जिसमें टीम इंडिया चार अलग-अलग देशों के खिलाफ कुल 22 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलेगी.**

यह सीजन न सिर्फ मुकाबलों की संख्या के लिहाज से व्यस्त रहने वाला है, बल्कि कई ऐतिहासिक और भावनात्मक पहलुओं के कारण भी खास बन गया है. इस पूरे कार्यक्रम में 17 अलग-अलग शहरों को मेजबानी दी गई है, जिससे देशभर में क्रिकेट का उत्साह देखने को मिलेगा.

> जनवरी 2027 में जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम भारत दौरे पर आएगी. यह दौरा इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि जिम्बाब्वे की टीम 24 साल बाद भारत में कोई द्विपक्षीय सीरीज खेलेगी. कोलकाता, हैदराबाद और मुंबई में तीन वनडे मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिससे पुराने क्रिकेट प्रशंसकों के लिए यह सीरीज खास मायने रखती है.

## किशोरी अंजलि ने केआईटीजी में तैराकी में जीता स्वर्ण

**रायपुर, 26 मार्च ओडिशा की किशोरी तैराक अंजलि मंडा ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 की तैराकी स्पर्धा में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया.**



अंजलि ने बुधवार को 200 मीटर फ्रीस्टाइल में 2:39.02 सेकंड का समय निकालकर उन्होंने स्वर्ण पदक जीता और साथ ही तैराकी की मजबूत टीम कर्नाटक को पहले दिन के सभी छह स्वर्ण जीतने से भी रोक दिया. ओडिशा के जाजपुर जिले के गहिरागड़िया गांव (भुवनेश्वर से लगभग 100 किमी दूर) की रहने वाली अंजलि का पानी से रिश्ता शुरुआत में केवल मजे तक सीमित था, किसी औपचारिक प्रशिक्षण से नहीं. चार भाई-बहनों में सबसे छोटी अंजलि के पिता एक स्थानीय फैक्ट्री में वैन चालक हैं. वह 10 साल की उम्र में कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज(केआईएसएस) पहुंचीं, जहां जनजातीय छात्रों को नि:शुल्क शिक्षा और आवास मिलता है.

# सीएम ने किया 506 करोड़ के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**छिंदवाड़ा, 26 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 506 करोड़ से अधिक के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया साथ ही सिंगल क्लिक से मुख्यमंत्री संबल योजना के तहत प्रदेश के 7000 से अधिक श्रमिकों को 157 करोड़ और पेंशन योजना के हितग्राहियों को 463 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित.**



सिंगल क्लिक से मुख्यमंत्री संबल योजना के तहत 7000 से अधिक श्रमिकों को 157 करोड़ और पेंशन योजना के हितग्राहियों को 463 करोड़ की राशि अंतरित

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगल क्लिक से मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत प्रदेश के 7000 से अधिक श्रमिकों को 157 करोड़ और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों को 463 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित की. इस दौरान छिंदवाड़ा जिले में विकास को नई गति देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभिन्न विभागों के अंतर्गत कुल 105 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया. इन परियोजनाओं की कुल लागत 506.29 करोड़ रुपये है, जिसमें 153.93 करोड़ रुपये के 20 कार्यों का भूमिपूजन और 352.36 करोड़ रुपये के 85 कार्यों का लोकार्पण शामिल हैं. इनमें मुख्य कार्यों में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा तामिया - जुन्नारदेव मार्ग (राज्य मार्ग 41) पर 133 करोड़ रुपए की लागत के 28.31 किमी का पुनर्निर्माण एवं उन्नयन कार्य और जिले के सबसे लंबे आर.ओ.बी के निर्माण कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत 42.12 करोड़ रुपए की लागत के 90 ग्रामों में नल जल योजना कार्य, मध्य प्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम भोपाल द्वारा 37.72 करोड़ रुपए की लागत के 24 एन.जी.ओ एवं 144 आरक्षक (बहु मंजिला) आवासगृह पुलिस लाइन छिंदवाड़ा के निर्माण कार्य और जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिले के विभिन्न विकासखंडों के अंतर्गत 56.23 करोड़ रुपए की लागत के 7 शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं 5 छात्रावासों के निर्माण कार्य का लोकार्पण शामिल है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज जिले को 506 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी गई है. विकास के मामले में छिंदवाड़ा अब लगातार आगे बढ़ता जाएगा. विकास के लिए हमारा और आपका संकल्प लगातार चलता रहेगा. सरकार के पास पैसों की कोई कमी नहीं है.

### इन कार्यों के निर्माण का हुआ भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत 153.94 करोड़ रुपए की लागत के कुल 20 कार्यों का भूमिपूजन किया गया. इनमें लोक निर्माण विभाग के 12 कार्यों पर सर्वाधिक 95.85 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. इसके अतिरिक्त राजस्व विभाग के 3 कार्य लागत 27.34 करोड़ जिनमें संयुक्त तहसील कार्यालय भवन जुन्नारदेव, अमरवाड़ा व परासिया, विद्युत वितरण कंपनी के 2 कार्य लागत 2.68 करोड़ जिनमें नवीन 33/11 के. व्ही. उपकेंद्र परासिया व छिंदवाड़ा, उच्च शिक्षा विभाग का 1 कार्य (2.01 करोड़) और ग्रामीण यांत्रिकी सेवाएं के अंतर्गत 19.50 करोड़ लागत के 80 सामुदायिक भवन व 6.56 करोड़ लागत के 91 फिजिक्स, केमिस्ट्री एंड बायोलॉजी लैब का निर्माण शामिल है.

## मुख्यमंत्री ने रामनवमी पर प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राम नवमी के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन संयम, समर्पण, सहयोग और मूल्यों पर अडिग रहने के भाव से परिपूर्ण था. भगवान श्रीराम ने दृढ़ संकल्प के साथ अनाचार का विरोध करने और जीवन की कठिनाईयों का साहस से सामना करने की प्रेरणा दी. यह मध्यप्रदेशवासियों का सौभाग्य है कि अयोध्या की तरह चित्रकूट धाम और ओरछा तीर्थ यहां पर हैं, जो मर्यादा पुरुषोत्म राम के जीवन और योगदान का स्मरण करवाते हैं.

# कई शहरों में तापमान 38 डिग्री से अधिक

## मौसम का गर्मी-बारिश का डबल अटैक

### 27-29 मार्च तक आंधी-बारिश का अलर्ट जारी

**भोपाल, 26 मार्च. मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज इन दिनों लगातार बदल रहा है. एक ओर जहां प्रदेश के कई शहरों में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है, वहीं दूसरी ओर अब तीसरी बार बारिश और आंधी का दौर शुरू होने जा रहा है.**



मौसम विभाग ने 27, 28 और 29 मार्च के लिए अलर्ट जारी किया है, जिससे साफ है कि गर्मी के बीच लोगों को एक बार फिर मौसम का बदला हुआ रूप देखने को मिलेगा.

गुरुवार तक प्रदेश में तेज गर्मी का असर बना रहने की संभावना है. खासतौर पर उज्जैन, भोपाल, सागर और नर्मदापुरम संभाग में तापमान अधिक रहने के आसार हैं. हाल ही में नर्मदापुरम प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री दर्ज किया गया.

> इसके अलावा रतलाम, खंडवा, खरगोन और रायसेन में भी तेज गर्मी का प्रभाव देखा गया. बड़े शहरों जैसे भोपाल, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर में भी पारा 35 डिग्री से ऊपर बना हुआ है. हालांकि, 27 मार्च से पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते मौसम अचानक करवट लेगा. इसके असर से प्रदेश के कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है. इस सिस्टम का सबसे ज्यादा असर उज्जैन, ग्वालियर-चंबल और सागर संभाग में देखने को मिलेगा, जहां आंधी के साथ बारिश के आसार हैं. मार्च महीने में इससे पहले भी दो बार आंधी-बारिश का दौर आ चुका है.

# खतरनाक उद्योगों में बाल श्रमिक मिले तो शून्य अंक मिलेंगे

### श्रम स्टार रेटिंग का किया गया है प्रावधान

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 26 मार्च. 14 से 18 वर्ष तक के बच्चों का खतरनाक उद्योगों एवं प्रक्रियाओं में नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है. श्रम स्टार रेटिंग के तहत यदि किसी संस्थान में बाल श्रम अथवा बंधक श्रम पाया जाता है, तो जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उस संस्थान को शून्य अंक दिए जाएंगे.**

इस संबंध में मप्र के सभी श्रम अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं. जिन संस्थानों में बाल या बंधुआ श्रमिक नियोजित नहीं हैं, उन्हें अन्य मापदंडों में कुछ कमी होने के बावजूद श्रम स्टार रेटिंग प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा. बाल श्रम उन्मूलन के लिए श्रम विभाग द्वारा वेदा पहल के तहत लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. इसके तहत प्रत्येक शुक्रवार को नियमित समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है और अभियोजन मामलों की कड़ी निगरानी रखी जा रही है. सहायक श्रम आयुक्त, श्रमायुक्त राखी जोशी के अनुसार कानूनी प्रावधानों के तहत बाल श्रम अधिनियम, 1986 के तहत दोषी पाए जाने पर 20 हजार से 50 हजार रुपये तक जुर्माना और 6 माह से 2 वर्ष तक कारावास की सजा का प्रावधान है.

# 6.70 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का भंडारण

## मार्कफेड की समीक्षा बैठक में दी गई जानकारी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 26 मार्च. इस वर्ष 10.80 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का भंडारण लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके विरुद्ध 23 मार्च तक 6.70 लाख मीट्रिक टन का भंडारण हो चुका है. किसानों को स्थानीय स्तर पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराया जाएगा.**

यह जानकारी गुरुवार को मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ यानी मार्कफेड कार्यालय में समीक्षा बैठक में संघ की गतिविधियों, उर्वरक वितरण व्यवस्था, वित्तीय प्रबंधन, परिसंपत्तियों के उपयोग एवं व्यवसाय विस्तार की समीक्षा बैठक के दौरान दी गई. इस दौरान



सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मार्कफेड को आत्मनिर्भर, आधुनिक एवं व्यावसायिक रूप से मजबूत संस्था बनाने के लिए सभी अधिकारी लक्ष्य आधारित कार्य करें.

> सारंग ने निर्देश दिए कि संघ की सभी अचल संपत्तियों की मैपिंग कर उनका विवरण 'संपदा पोर्टल' पर अनिवार्य रूप से अपडेट किया जाए. साथ ही अचल संपत्तियों की सुरक्षा एवं व्यावसायिक उपयोग के लिये विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर मुख्यालय भेजी जाए.

# साइबर ठगी : पुलिस ने 9 लाख से अधिक राशि वापस दिलाई

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 26 मार्च. मध्यप्रदेश पुलिस ने साइबर अपराधों के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज करते हुए अलीराजपुर और देवास जिलों में अलग-अलग अभियानों के तहत पीड़ितों को 9 लाख रुपये से अधिक की राशि वापस दिलाने में सफलता हासिल की है.**



अलीराजपुर जिले में पुलिस ने त्वरित और तकनीक आधारित कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के चार मामलों का निराकरण किया. इन प्रकरणों में कुल 7 लाख 40 हजार 499 रुपये संबंधित पीड़ितों को लौटाए गए. यह कार्रवाई साइबर सेल और संबंधित वित्तीय संस्थानों के समन्वय से की गई, जिससे ठगी गई राशि का शीघ्र पता लगाकर उसे वापस कराया जा सका. वहीं देवास जिले में बागली थाना पुलिस ने ई-जीरो एफआईआर पहल के तहत एक मामले में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की. करीब तीन माह के सतत प्रयासों के बाद पुलिस ने 1 लाख 68 हजार रुपये की पूरी राशि पीड़ित के बैंक खाते में वापस जमा कराई.

# स्कूली बच्चों के आधार बनाने 1 अप्रैल से शिविर

**भोपाल, 26 मार्च. राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के सहयोग से प्रदेश के स्कूलों में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए 'विद्यार्थियों के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार' शिविर का अगला चरण एक अप्रैल से शुरू किया जा रहा है.**

इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके विद्यालय परिसर में ही आधार से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें नामांकन और अपडेट के लिए अलग से कहीं जाने की आवश्यकता न पड़े. यह कार्यक्रम 18 अगस्त से 31 अक्टूबर 2025 के बीच दो चरणों में आयोजित किया जा चुका है, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को लाभ मिला था.

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लंबित बायोमेट्रिक अपडेट को पूर्ण करने के उद्देश्य से 'विद्यार्थियों के लिए आधार, अब स्कूल के द्वार' अभियान का अगला चरण प्रारंभ किया जा रहा है. यह अभियान 1 अप्रैल से प्रारंभ होकर 15 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर ही आधार से संबंधित सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा.

अपडेटेड बायोमेट्रिक्स वाला आधार कार्ड, स्कूल प्रवेश, प्रवेश परीक्षा, छात्रवृत्ति और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर जैसी सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण है। इसीलिए सरकार समयबद्ध तरीके से विद्यार्थियों की 100 प्रतिशत अपार आईडी (अपार आईडी) बनाने का भी लक्ष्य रख रही है। अपार आईडी विद्यार्थियों को उनके सभी शैक्षणिक क्रेडिट, जैसे स्कोर कार्ड, मार्कशीट, ग्रेड शीट, डिग्री, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट और सह-पाठ्यचर्या संबंधी उपलब्धियों को डिजिटल रूप से संग्रहित, प्रबंधित और एक्सेस करने में मदद करती है। यह आईडी शिक्षा जगत में छात्र के लिए एक स्थायी डिजिटल पहचान के रूप में कार्य करती है।

AADHAAR
UIDAI

> **500 से अधिक ऑपरेटर्स का किया गया है चयन**
>
> आधार शिविरों के कुशल संचालन के लिए लगभग 500 से अधिक ऑपरेटर्स का चयन किया गया है। इसके साथ ही इस सबंध में शालाओं के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित भी किया गया है कि वे यूडीआईएसई-प्लस पोर्टल से उन विद्यार्थियों की सूची अद्यतन कर लें जिनके आधार में एमबीयू पेंडिंग हैं। ऐसे विद्यार्थियों को आधार अपडेट कराने के लिये जागरूक करें और इसके लिए एक रोस्टर बनाएं।



# राज्यपाल पटेल से राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष पवैया ने की सौजन्य भेंट

**भोपाल, 26 मार्च. राज्यपाल मंगुभाई पटेल से राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने गुरूवार को लोकभवन पहुँचकर सौजन्य भेंट की.**

आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने राज्य वित्त आयोग का कार्यभार ग्रहण करने की जानकारी राज्यपाल को दी. उल्लेखनीय है कि 23 मार्च को आयोग के अध्यक्ष पवैया के साथ आयोग के सदस्य श्री के. के. सिंह तथा सदस्य सचिव श्री वीरेन्द्र कुमार ने भी अपना-अपना कार्यभार ग्रहण किया है. राज्यपाल श्री पटेल ने वित्त आयोग की भूमिका, कार्यप्रणाली तथा विभिन्न गतिविधियों को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया. उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि राज्य वित्त आयोग अपने उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा.

# कांग्रेस का प्रतिभा खोज कार्यक्रम जारी

### 48 अभ्यर्थी पार्टी प्रवक्ता पद के साक्षात्कार चरण में

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 26 मार्च. कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम गुरुवार को भी जारी रहा, जिसमें जोरदार प्रतिसाद देखने को मिला. इस दौरान 48 अभ्यर्थियों को पार्टी प्रवक्ता पद के लिए साक्षात्कार चरण में चयनित किया गया.**




अगले चरण के लिए चयनित अभ्यर्थी भोपाल, सीहोर और नर्मदापुरम जिलों से आए थे, जिनमें विभिन्न पृष्ठभूमि और विचारों का समावेश रहा. चयन प्रक्रिया में उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जहां उम्मीदवारों ने अपने विचारों की स्पष्टता, आत्मविश्वास और जन मुद्दों की समझ का प्रभावी प्रदर्शन किया. साक्षात्कार पैनल में राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल यादव और प्रख्यात समाजसेवी एवं वरिष्ठ साहित्यकार विजय बहादुर सिंह शामिल रहे. दोनों ने प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए इसे पार्टी की संवाद प्रणाली को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सार्थक पहल बताया. कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, प्रतिभा खोज समन्वय समिति के सदस्य एवं विधायक आरिफ मसूद ने संभाली. उनके साथ महेंद्र जोशी और कार्यक्रम समन्वयक अपूर्व भारद्वाज ने व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया.

## पत्नी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

**धार.** जिले की धरमपुरी तहसील के ग्राम मेहगांव में एक माह पूर्व युवक की आत्महत्या के मामले में पुलिस जांच के बाद पत्नी और उसके दूसरे पति को जिम्मेदार मानते हुए दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है. धामनोद थाना क्षेत्र के ग्राम मेहगांव निवासी जितेंद्र (35) ने 27 फरवरी को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. प्रारंभिक कार्रवाई के बाद मर्ग कायम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया था. जांच में सामने आया कि मृतक ने तीन-चार वर्ष पूर्व लक्ष्मी नामक महिला से नातरा प्रथा के तहत विवाह किया था. वर्ष 2024 में दोनों मजदूरी के लिए गुजरात गए थे, जहां से महिला बिना बताए चली गई.

# बैसाखी पर्व पर दिल्ली-अशोकनगर स्पेशल ट्रेन

## तीर्थ यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे का फैसला

### 11 अप्रैल को दिल्ली से चलेगी ट्रेन

### 15 अप्रैल को अशोक नगर से वापसी

### 24 कोच के साथ चलेगी विशेष सेवा

**भोपाल, 26 मार्च. आगामी बैसाखी पर्व के अवसर पर तीर्थ यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने दिल्ली सराय रोहिल्ला और अशोकनगर के बीच विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है.**



यह स्पेशल ट्रेन सीमित अवधि के लिए संचालित होगी, जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है. गाड़ी संख्या 04004 दिल्ली सराय रोहिल्ला से अशोकनगर के लिए 11 अप्रैल 2026 (शनिवार) को दोपहर 12:15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 04:00 बजे अशोकनगर पहुंचेगी. वहीं, गाड़ी संख्या 04003 अशोकनगर से दिल्ली सराय रोहिल्ला के लिए 15 अप्रैल 2026 (बुधवार) को शाम 5:00 बजे रवाना होगी और 16 अप्रैल को सुबह 08:45 बजे दिल्ली पहुंचेगी.

इस विशेष ट्रेन में कुल 24 आईसीएफ कोच लगाए जाएंगे, जिनमें बायो-टॉयलेट की सुविधा भी होगी. कोच संरचना में 01 थर्ड एसी, 02 स्लीपर, 19 जनरल कोच और 02 एसएलआर कोच शामिल हैं, जिससे हर वर्ग के यात्रियों को यात्रा करने में सुविधा मिलेगी.

> **हैदराबाद-गोरखपुर स्पेशल के 4 फेरे बढ़े**
>
> यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने भोपाल होकर संचालित हैदराबाद-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन के संचालन में विस्तार करने का निर्णय लिया है. यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में अतिरिक्त 4-4 फेरे लगाएगी, जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी. गाड़ी संख्या 07075 हैदराबाद-गोरखपुर स्पेशल की संचालन अवधि को 27 मार्च 2026 से बढ़ाकर 24 अप्रैल 2026 तक कर दिया गया है.

**मुद्दा** | कर्मचारियों और युवाओं के अधिकारों का मामला उठाया

# समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 26 मार्च. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संविदा कर्मचारियों की स्थिति और युवाओं से जुड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रबंधन को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है.**



उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक असंवेदनशीलता के कारण लाखों कर्मचारी अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि युवाओं का भविष्य भी अनिश्चितता में है. पटवारी ने कहा कि संविदा नीति 2023 के पालन को लेकर विभागों, निगमों और मंडलों से रिपोर्ट तलब करना इस बात का संकेत है कि अब तक कर्मचारियों को उनके अधिकार नहीं मिल पाए हैं. उन्होंने इसे प्रशासनिक विफलता करार दिया. उन्होंने बताया कि प्रदेश में करीब 1.5 से 2 लाख संविदा कर्मचारी कार्यरत हैं, लेकिन उनके भविष्य को लेकर सरकार की मंशा स्पष्ट नहीं है. नीति लागू होने के बावजूद ग्रेच्युटी, अनुकंपा नियुक्ति और सामाजिक सुरक्षा जैसे लाभ पूरी तरह नहीं दिए गए हैं. उन्होंने कहा कि केवल बार-बार रिपोर्ट मंगाने से समस्या का समाधान नहीं होगा, इसके लिए ठोस निर्णय जरूरी हैं. एक अन्य मुद्दे पर पटवारी ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा और पुलिस विभाग की उप निरीक्षक भर्ती की मुख्य परीक्षा को 26 अप्रैल को एक ही दिन आयोजित करने के फैसले की आलोचना की. उन्होंने कहा कि हजारों अभ्यर्थी, जिन्होंने दोनों परीक्षाओं के लिए आवेदन किया है, अब दुविधा में हैं.

> उन्होंने मांग की कि कर्मचारियों को तुरंत लाभ दिए जाएं, स्पष्ट नीति बनाई जाए और परीक्षाओं में से किसी एक की तिथि बदली जाए. साथ ही चेतावनी दी कि जल्द निर्णय नहीं होने पर प्रदेशभर में आंदोलन किया जाएगा.

## विवाह समारोह में फूड प्वाइजनिंग, 200 से अधिक लोग बीमार

**सीहोर.** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले की इछावर तहसील के ग्राम बबड़िया नोआबाद में विवाह समारोह के बाद आयोजित भोज में शामिल लोगों में फूड प्वाइजनिंग की घटना सामने आई है, जिसमें 200 से अधिक लोग बीमार हो गए. प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात आयोजित कार्यक्रम में लगभग 1200 से अधिक लोगों ने भोजन किया था. देर रात इनमें से करीब 200 से अधिक लोगों को पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी, जिसके बाद बड़ी संख्या में मरीज इछावर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने लगे.

# प्रवेश नवीनीकरण के लिए खुला पोर्टल

## 28 मार्च तक विद्यार्थी ले सकेंगे लाभ

**भोपाल, 26 मार्च. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के विद्यार्थियों के व्यापक शैक्षणिक हितों एवं भविष्य की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए, स्नातक (द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष) तथा स्नातकोत्तर (तृतीय सेमेस्टर) के परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश नवीनीकरण के लिए विशेष अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है.**

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा डॉ दिवा मिश्रा ने बताया कि यह विशेष सुविधा उन विद्यार्थियों के लिए प्रदान की गई है, जो प्रवेश नवीनीकरण के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत पूरक परीक्षा परिणामों की घोषणा के कारण नियत समय-सीमा में अपनी प्रवेश औपचारिकताएं पूर्ण करने से वंचित रह गए थे. प्रवेश पोर्टल को 28 मार्च 2026 तक सक्रिय किया जा रहा है. संबंधित विद्यार्थी, इस विस्तारित अवधि का लाभ उठाकर अपने प्रवेश नवीनीकरण की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण करें.

### प्राचार्यों को भी जारी हुए निर्देश

समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत संचालित महाविद्यालयों के शेष पात्र विद्यार्थियों का त्वरित चिन्हांकन कर, उनका प्रवेश नवीनीकरण एवं शुल्क समय सीमा में जमा करवाना सुनिश्चित करें। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह सुविधा सीमित अवधि के लिए ही उपलब्ध होगी, इसलिए सभी संबंधित विद्यार्थी एवं संस्थान निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन करें, जिससे किसी भी विद्यार्थी की शैक्षणिक निरंतरता बाधित न हो।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14

# राम नवमी से पहले दुल्हन-सा सजा छतरपुर

## भव्य शोभायात्रा आज, डीजे पर प्रतिबंध लागू



**छतरपुर, 26 मार्च.** राम नवमी के एक दिन पहले छतरपुर शहर भक्ति, उल्लास और भव्यता के रंग में रंग गया है. शहर की सड़कों से लेकर मंदिरों और चौक-चौराहों तक हर जगह सजावट और रोशनी की खास छटा देखने को मिल रही है. आज निकलने वाली भव्य शोभायात्रा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है, वहीं प्रशासन और आयोजन समिति ने इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं.

- **30 से ज्यादा झांकियां, बुंदेली संस्कृति की झलक**
- **बालिकाओं की तलवारबाजी रहेगी मुख्य आकर्षण**
- **50 हजार श्रद्धालुओं की सहभागिता की संभावना**

श्री राम सेवा समिति द्वारा आयोजित यह परंपरागत शोभायात्रा इस बार कई मायनों में खास रहने वाली है. अयोध्या की तर्ज पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन में करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है. शहर में पिछले कई दिनों से इसकी तैयारियां जोरों पर थीं, जो अब अंतिम रूप ले चुकी हैं.

शोभायात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण इस बार 30 से ज्यादा भव्य झांकियां होंगी, जिनमें भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का जीवंत चित्रण किया जाएगा. इसके साथ ही रामलीला मंचन और बुंदेली लोक संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी, जो दर्शकों को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करेगी.

खास बात यह है कि इस बार 2000 से अधिक बालिकाएं तलवारबाजी का प्रदर्शन करेंगी. यह दृश्य न केवल रोमांचक होगा, बल्कि महिला सशक्तिकरण का भी प्रतीक बनेगा. आयोजकों का कहना है कि इस तरह के प्रदर्शन से समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक संदेश जाएगा.

इस बार आयोजन समिति ने एक बड़ा और अहम फैसला लेते हुए शोभायात्रा में डीजे के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है. पिछले करीब 20 वर्षों से चली आ रही इस परंपरा को बदलते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि आयोजन अधिक अनुशासित और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाया जा सके. समिति का मानना है कि भक्ति और मर्यादा के माहौल में पारंपरिक वाद्ययंत्रों और भजन-कीर्तन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए. शोभायात्रा आज दोपहर 12 बजे रामलीला मैदान से प्रारंभ होगी. यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों गांधी चौक, कोतवाली, महल तिराहा और छत्रसाल चौराहा से होते हुए निकलेगी. इस दौरान मार्गों पर विशेष सजावट की गई है और विभिन्न स्थानों पर स्वागत मंच भी तैयार किए गए हैं.

जिला प्रशासन ने भी इस बड़े आयोजन को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं. पूरे शहर में 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनसे हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी. इसके अलावा पुलिस बल की तैनाती के साथ ट्रैफिक व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष योजना तैयार की गई है.

शहर में चारों ओर रोशनी, रंग-बिरंगी सजावट और धार्मिक ध्वजों से सजी गलियां यह साफ संकेत दे रही हैं कि राम नवमी का पर्व पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा. स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है.

कुल मिलाकर, इस बार की राम नवमी शोभायात्रा छतरपुर के इतिहास में एक नई मिसाल पेश करने की ओर बढ़ रही है, जहां परंपरा, अनुशासन और सांस्कृतिक गौरव का अनूठा संगम देखने को मिलेगा.

### दंपति ने 'राम नाम बैंक' में जमा किए 2.22 करोड़ नाम

रामनवमी से पहले आस्था का एक अनूठा उदाहरण सामने आया है, जहां महोबा निवासी जगदीश प्रसाद मिश्रा ने अपनी पत्नी के साथ 'राम नाम बैंक' में 2 करोड़ 22 लाख 'राम' नाम जमा किए हैं. वर्षों से जारी उनकी साधना अब लोगों के लिए प्रेरणा बनती जा रही है. जगदीश प्रसाद मिश्रा ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2013 में सेवानिवृत्ति के बाद 'राम' नाम लिखने की शुरुआत की थी. तब से अब तक वे कुल 3 करोड़ 28 लाख बार 'राम' लिख चुके हैं. उनकी

**सेवानिवृत्ति के बाद शुरू की साधना**
**अब तक 3.28 करोड़ बार लिख चुके 'राम'**

पत्नी भी इस आध्यात्मिक साधना में बराबर की भागीदार हैं. 'राम नाम बैंक' की प्रक्रिया भी एक सामान्य बैंक की तरह ही संचालित होती है. समिति की ओर से भक्तों को विशेष पुस्तक और पेन उपलब्ध कराए जाते हैं, जिनमें वे 'राम' नाम लिखते हैं. इसके बाद इन पुस्तकों को जमा करने पर इसे 'राम धन' के रूप में दर्ज किया जाता है और जमा करने वाले श्रद्धालुओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाता है. इस अनूठी पहल की शुरुआत जनवरी 2022 में कोरोना काल के बाद की गई थी. उद्घाटन के समय कई संत-महात्माओं की उपस्थिति में इसकी विधिवत



शुरुआत हुई थी. तब से लेकर अब तक इस अभियान से 328 खाताधारक जुड़ चुके हैं. समिति के अनुसार, यह पहल अब बुंदेलखंड तक सीमित नहीं रही, बल्कि देश के अन्य हिस्सों में भी पहुंच चुकी है. दतिया, पन्ना, दमोह और टीकमगढ़ के साथ-साथ दिल्ली और नेपाल से भी श्रद्धालु यहां आकर 'राम' नाम लिखकर जमा कर रहे हैं. इस अवसर पर समिति अध्यक्ष पवन मिश्रा ने जगदीश प्रसाद मिश्रा का सम्मान करते हुए उन्हें 'राम धन' जमा करने का प्रमाण पत्र प्रदान किया. यह पहल न केवल आस्था और भक्ति का प्रतीक है, बल्कि लोगों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम भी बनती जा रही है.




### निषाद जयंती पर खजुराहो में दिखा युवाओं में जोश

# 30 कि.मी. बाइक रैली में युवाओं ने दिखाई ताकत

**खजुराहो, 26 मार्च.** निषाद राज जयंती के अवसर पर खजुराहो में युवाओं का जोश और एकजुटता देखते ही बनी. युवा रैकवार समाज, राजनगर विधानसभा के नेतृत्व में निकली 30 किलोमीटर लंबी बाइक रैली ने पूरे क्षेत्र में ऊर्जा और सामाजिक एकता का संदेश दिया.

- **धूप के बावजूद हजारों युवाओं की भागीदारी**
- **महिलाओं की उपस्थिति से आयोजन और भव्य**
- **झांकियों संग मतंगेश्वर मंदिर में समापन**

रैली की शुरुआत पुराना एयरपोर्ट सिंचाई कॉलोनी स्थित राधाकृष्ण आश्रम से पूजा-अर्चना के साथ हुई. राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और स्वयं भी इसमें शामिल होकर युवाओं का उत्साह बढ़ाया. तपती धूप के बावजूद हजारों युवा बाइक रैली में शामिल हुए.

पूरे मार्ग में बाइक सवारों का लंबा काफिला आकर्षण का केंद्र बना रहा, जिसे देखने के लिए जगह-जगह लोगों की भीड़ उमड़ी. रैली ने न केवल सामाजिक एकता का संदेश दिया, बल्कि युवाओं की संगठित शक्ति का भी प्रदर्शन किया. कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी, आशाराम पाल सहित कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित रहे. इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति और युवाओं का सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया.

शाम को निकली भव्य शोभायात्रा में महिलाओं और बहनों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और खास बना दिया. निषाद राज की आकर्षक झांकियों के साथ यात्रा मतंगेश्वर मंदिर पहुंची, जहां जलाभिषेक और स्वागत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.

> पूरे आयोजन के दौरान जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए थे, जहां रैली का भव्य स्वागत किया गया. अंत में युवा रैकवार समाज ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में और भी बड़े स्तर पर आयोजन करने का संकल्प लिया.

# पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा पहुंचे बागेश्वर धाम

## बालाजी, संन्यासी बाबा और प्रेतराज सरकार की की पूजा



**बालाजी के दर्शन कर धीरेंद्र शास्त्री से की मुलाकात**
**बागेश्वर महाराज से भेंट में मिला स्मृति उपहार**
**नवग्रह स्थापना के बाद पहला दौरा**

**छतरपुर, 26 मार्च.** मध्य प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा गुरुवार को बागेश्वर धाम पहुंचे, जहां उन्होंने बागेश्वर बालाजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना की. धाम पहुंचने पर डॉ. मिश्रा ने सबसे पहले बागेश्वर बालाजी के दर्शन किए. इसके बाद उन्होंने संन्यासी बाबा और प्रेतराज सरकार के दरबार में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया.बताया जा रहा है कि नवग्रह स्थापना के बाद यह उनका पहला बागेश्वर धाम दौरा है. इससे पहले वे करीब दो माह पूर्व धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को कथा के लिए आमंत्रित करने यहां आए थे. दर्शन के उपरांत डॉ. मिश्रा ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से मुलाकात की और कुछ समय तक धार्मिक एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा की. इस दौरान बागेश्वर महाराज ने उन्हें धाम की स्मृति पट्टिका और नंदी भगवान का चित्र भेंट किया.

> उल्लेखनीय है कि हाल ही में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री डबरा में आयोजित नवग्रह स्थापना के अवसर पर तीन दिवसीय श्री हनुमंत कथा के लिए पहुंचे थे, जहां भारी जनसमूह उमड़ा था. इस आयोजन में संत-महात्माओं के साथ-साथ कई राजनीतिक हस्तियों की भी उपस्थिति रही थी.

# चैत्र नवरात्रि में गूंजा मां बगराजन का दरबार

**छतरपुर, 26 मार्च.** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर स्थित मां बगराजन मंदिर में सप्तमी के दिन भव्य महाआरती का आयोजन किया गया. इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के माहौल में डूबा नजर आया.

**छप्पन भोग संग भव्य महाआरती आयोजित**
**हजारों श्रद्धालुओं ने किए माता के दर्शन**
**दान-पुण्य, कन्या भोज और भंडारों का आयोजन**

नगर के मध्य ऊंची पहाड़ी पर विराजमान मां बगराजन मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी थी. दूर-दूर से आए भक्तों ने माता रानी के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं व्यक्त कीं. सप्तमी के अवसर पर माता रानी को छप्पन भोग अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई. शाम को आयोजित महाआरती के दौरान 'जय माता दी' के जयकारों और भक्ति संगीत की मधुर धुनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया. श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामनाएं पूर्ण होने पर दान-पुण्य, कन्या भोज और भंडारों का आयोजन किया गया. कई भक्तों ने फल, फूल और अन्य सामग्री वितरित कर पुण्य लाभ अर्जित किया. शाम को आयोजित महाआरती में नगर की माताएं, बहनें, पुरुष और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए. अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ. पूरे आयोजन ने नवरात्रि पर्व की धार्मिक गरिमा और आस्था को और भी प्रगाढ़ बना दिया, जहां श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला.



> मंदिर के पुजारी पंडित उपकार शर्मा ने बताया कि मां बगराजन मंदिर से जुड़े कई रहस्यमयी किस्से जनमानस में प्रचलित हैं. मान्यता है कि सच्चे मन से मां के दरबार में मांगी गई हर मन्नत जरूर पूरी होती है, जिसके चलते यहां विवाह जैसे मांगलिक कार्यों से पहले आशीर्वाद लेने की परंपरा है.

### बकरी चराते समय हुआ हादसा

# कुएं में डूबने से दो मासूम की मौत

**छतरपुर, 26 मार्च. जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र के गुधौरा पंचायत अंतर्गत कचेरन पुरवा गांव में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में दो मासूम बच्चों की कुएं में डूबने से मौत हो गई. घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है.**

जानकारी के अनुसार, रंजीत पाल (12) और आबिद खान (12) गुरुवार सुबह गांव के पास खेतों में बकरी चराने गए थे. इसी दौरान दोनों बच्चों को प्यास लगी और वे पास ही स्थित एक कुएं पर पानी पीने पहुंच गए.

ग्रामीणों के मुताबिक, पानी पीते समय अचानक संतुलन बिगड़ने से आबिद खान कुएं में गिर गया. अपने दोस्त को डूबता देख रंजीत पाल ने बिना किसी हिचकिचाहट के उसे बचाने के लिए कुएं में छलांग लगा दी. लेकिन कुएं में पानी अधिक गहरा होने के कारण दोनों बच्चे उसमें डूब गए.

- **एक का शव मिला, दूसरे की तलाश**
- **पुलिस ने शुरू किया रेस्क्यू ऑपरेशन**

घटना की खबर फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए. तत्काल पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद लवकुशनगर थाना प्रभारी अजय अम्बे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कराया.

पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से रंजीत पाल का शव कुएं से बाहर निकाल लिया गया है, जबकि आबिद खान की तलाश अभी भी जारी है. रेस्क्यू टीम लगातार कुएं में सर्च ऑपरेशन चला रही है.

पुलिस के अनुसार यह हादसा सुबह करीब 11 बजे का है. फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है. इस दर्दनाक घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है. दोनों बच्चों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है.

# महोबा से वैष्णो देवी तक अनोखी श्रद्धा यात्रा



**हरपालपुर, 26 मार्च. आस्था और श्रद्धा का अद्भुत उदाहरण पेश करते हुए उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के ग्राम बेलाताल निवासी अखिलेश निषाद 1107 किलोमीटर लंबी दंडवत यात्रा पर निकले हैं. वे माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए यह कठिन यात्रा दंडवत करते हुए पूरी कर रहे हैं.**

- **1107 किमी दंडवत यात्रा पर निकले**
- **हाथ में नारियल लेकर निभा रहे संकल्प**

सोमवार 16 मार्च से शुरू हुई इस यात्रा में अखिलेश निषाद लहचूरा मार्ग होते हुए झांसी हाईवे से आगे बढ़ रहे हैं. हरपालपुर से गुजरने के दौरान उन्होंने बताया कि उन्होंने यह संकल्प माता वैष्णो देवी की कृपा से लिया है और हाथ में नारियल लेकर पूरी श्रद्धा के साथ यात्रा कर रहे हैं. उनकी यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि कठिन तपस्या और दृढ़ संकल्प का भी उदाहरण बन गई है, जिसे देखकर राहगीर भी भावुक हो रहे हैं.




# इनामी वारंटी गिरफ्तार

## गौरिहार पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**छतरपुर, 26 मार्च. जिले की गौरिहार थाना पुलिस ने 25 साल पुराने अवैध शराब मामले में फरार चल रहे एक इनामी वारंटी को गिरफ्तार कर अहम सफलता हासिल की है. आरोपी को उत्तर प्रदेश के बांदा जिले से पकड़ा गया है.**

- **अवैध शराब मामले में बांदा से पकड़ा**
- **2001 के मामले में फरार था आरोपी**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी कमलेश कुमार मिश्रा वर्ष 2001 में दर्ज अवैध शराब प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहा था. उसके खिलाफ न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था. फरारी के चलते पुलिस ने आरोपी पर 10 हजार का इनाम भी घोषित कर रखा था. गौरिहार थाना पुलिस को लंबे समय से आरोपी की तलाश थी, लेकिन वह लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था. इसी बीच पुलिस को उसकी लोकेशन उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में होने की सूचना मिली. सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बांदा पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस की इस कार्रवाई को एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, क्योंकि आरोपी पिछले ढाई दशक से कानून से बचता फिर रहा था.

> गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से पुराने लंबित मामलों के निराकरण में तेजी आएगी और फरार आरोपियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा.

### नवरात्रि | छतरपुर-सागर सीमा पर स्थित 900 साल पुराना अबार माता मंदिर

# चमत्कारी चट्टान से जुड़ी आस्था, दूर-दूर से आते हैं श्रद्धालु

**छतरपुर, 26 मार्च. छतरपुर-सागर सीमा पर स्थित अबार माता मंदिर अपनी प्राचीनता और चमत्कारी मान्यताओं के कारण क्षेत्र में आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है. करीब 900 वर्ष पुराने इस मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं.**

**संतान सुख के लिए पहुंचते हैं दंपति**



घुवारा क्षेत्र में स्थित अबार माता मंदिर न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि यहां की रहस्यमयी मान्यताएं भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं. मंदिर परिसर में मौजूद एक विशेष चट्टान को लेकर श्रद्धालुओं में गहरी आस्था है.

स्थानीय मान्यता के अनुसार, यह चट्टान समय के साथ धीरे-धीरे बढ़ती रहती है. भक्तों का विश्वास है कि इस चट्टान को स्पर्श करने से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं. खासतौर पर नि:संतान दंपत्ति संतान सुख की कामना लेकर यहां पहुंचते हैं और उनकी इच्छाएं पूरी होने की बात कही जाती है.

> वर्षों से इस मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है. बुंदेलखंड ही नहीं, बल्कि आसपास के अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग यहां आकर माता के दर्शन करते हैं और अपनी श्रद्धा अर्पित करते हैं. धार्मिक आस्थाके कारण अबार माता मंदिर आज बुंदेलखंड क्षेत्र में विशेष पहचान बना चुका है. यह स्थान न केवल श्रद्धा का केंद्र है, बल्कि स्थानीय संस्कृति और परंपरा का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है.



# श्रेयांशी और आयुषी रहीं अव्वल

**हरपालपुर, 26 मार्च.** अपेक्स पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है. कक्षा पांचवीं की छात्रा कु. श्रेयांशी चतुर्वेदी (पिता अंकित चतुर्वेदी) ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है. वहीं कक्षा आठवीं की छात्रा कु. आयुषी रूसिया ने भी 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया.

# कृषि को नई दिशा देने का प्रयास है कृषि मेला : शिवराज

## केन्द्रीय मंत्री चौहान ने रायसेन में कृषि मेला की तैयारियों का लिया जायजा



**रायसेन, 26 मार्च. केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा गुरुवार को रायसेन में दशहरा मैदान पहुंचकर आगामी 11 अप्रैल से 13 अप्रैल तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के तीन दिवसीय वृहद उन्नत कृषि मेला प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया गया.**

उन्होंने आयोजन की तैयारियों का शुभारंभ किया और कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर आयोजन की रूपरेखा अनुसार बैठक व्यवस्था, विभिन्न सत्रों के लिए स्थल, स्टॉल और तकनीकों के सजीव प्रदर्शन आदि के बारे में मप्र शासन के कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार, सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा केन्द्र और प्रदेश सरकार के वरिष्ठ कृषि अधिकारियों तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की.

केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कार्यक्रम स्थल पर भारत सरकार के कृषि विभाग के संयुक्त सचिव संजय अग्रवाल, मप्र शासन के कृषि विभाग के प्रमुख सचिव निशांत बरबड़े, केन्द्रीय कृषि विभाग के निदेशक (किसान कल्याण एवं विस्तार) अविनाश लावनिया, मप्र मंडी बोर्ड के एमडी कुमार पुरूषोत्तम तथा कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के साथ कार्यक्रम आयोजन के संबंध में विस्तृत चर्चा की. उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि यह आयोजन क्षेत्र में कृषि की दिशा बदलने का महत्वपूर्ण प्रयास है. कृषि मेला आयोजन की सभी तैयारियां समय से पूर्ण हो, किसानों तक कृषि मेला आयोजन और उसके उद्देश्यों की जानकारी पहुंचे, व्यापक प्रचार-प्रसार हो. किसानों तक यह जानकारी पहुंचना जरूरी है कि यह मेला, राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हो रहा है जिसमें किसानों के समक्ष खेती की विभिन्न उन्नत तकनीकों और पद्धतियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा.

केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि यह उन्नत कृषि मेला और प्रशिक्षण कार्यक्रम खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने, किसानों की आय बढ़ाने का महायज्ञ है और इसमें सभी की भागीदारी जरूरी है. यह मेला यहां की कृषि को एक नई दिशा देने का प्रयास है. उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय स्तर के कृषि मेला और प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश ही नहीं, देश के अन्य राज्यों से भी प्रगतिशील किसान, कृषि वैज्ञानिक, कृषि उपकरण बनाने वाली कम्पनियों सहित कृषि क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहीं निजी कम्पनियां भी यहां आएगीं. उन्होंने बताया कि मेले में लगभग 200 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां किसानों को जानकारी दी जाएगी और सजीव प्रदर्शन भी होगा.

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि किसानों को आय बढ़ाने के लिए परम्परागत खेती के अलावा फलों की खेती, फूलों की खेती, सब्जी की खेती, प्राकृतिक खेती, पशुपालन, बकरी पालन, मधुमक्खी पालन आदि अपनाना होगा. यहां आयोजित होने वाले मेले में इन सभी प्रदर्शन किया जाएगा. किसानों को तकनीकी जानकारी देने के साथ ही लाईव प्रदर्शन भी होगा. उन्होंने कहा कि उन्नत कृषि की कई नवीन पद्धतियां हैं जिनका किसानों के समक्ष प्रदर्शन जरूरी है. तभी वह सीखेंगे और अपनाएंगे. मेले में उन्नत बीजों की जानकारी, कृषि पद्धति, रोगों की पहचान और उपचार, नकली उर्वरक या कीटनाशकों की पहचान, फसल कटने के बाद उसे सुरक्षित रखने, उपज का मूल्य कैसे बढ़ाएं, कच्चे माल की प्रोसेसिंग आदि इस प्रकार बीज से लेकर बाजार तक की जानकारी किसानों को दी जाएगी और तकनीकों का प्रदर्शन भी किया जाएगा.

इसी मंशा को लेकर केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान की मंशानुरूप रायसेन में केन्द्र सरकार द्वारा यह राष्ट्रीय स्तर का कृषि मेला और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. जिले के प्रभारी मंत्री पंवार ने कहा कि इस कृषि मेला और प्रशिक्षण आयोजन में जिले की पूरी टीम और प्रशासन मिलकर इसे बेहतर से बेहतर बनाने हेतु कार्य करेंगे. क्षेत्रीय विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने भी मेला आयोजन को लेकर संबोधित किया. केन्द्रीय कृषि विभाग के संयुक्त सचिव अग्रवाल तथा मप्र शासन के कृषि विभाग के प्रमुख सचिव बरबड़े द्वारा कृषि उन्नत मेला और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन की रूपरेखा के बारे में अवगत कराया गया. उन्होंने बताया कि लगभग 10 एकड़ से अधिक क्षेत्र में किसानों के लिए विभिन्न कृषि तकनीकों, खेती के प्रकार, उन्नत कृषि पद्धतियों का प्रदर्शन किया जाएगा.

### किसान आगे बढ़ेंगे तो देश-प्रदेश खुशहाल होगा : कंषाना

इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, राकेश शर्मा सहित कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, पशुपालन सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे .प्रदेश के कृषि मंत्री कंषाना ने कहा कि जब हमारा किसान आगे बढ़ेंगे तो देश खुशहाल होगा और जब देश खुशहाल होगा तो प्रदेश खुशहाल होंगे.



# किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### किसान कांग्रेस ने बताई किसानों की समस्याएं

**सिलवानी, 26 मार्च. गुरुवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लॉक किसान कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में किसानों ने एसडीएम हर्षल चौधरी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा. किसानों ने बढ़ती महंगाई खेती की लागत में वृद्धि और फसलों का उचित मूल्य नहीं मिलने को लेकर नाराजगी जताई.**

ब्लॉक अध्यक्ष किसान कांग्रेस एवं जनपद सदस्य राजीव रघुवंशी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में किसान दोहरी मार झेल रहा है. एक और खेती की लागत लगातार बढ़ रही है वहीं दूसरी और उपज का वाजिब दाम नहीं मिल पा रहा है जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है. किसानों ने आरोप लगाया कि सरकार उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रही है जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में असंतोष बढ़ रहा है. ज्ञापन में किसानों ने चार प्रमुख मांगें रखीं. इसमें सोसायटी में ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च से बढ़ाकर 31 मई करने की मांग की गई ताकि किसान शून्य प्रतिशत ब्याज का लाभ ले सकें. अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के तहत सोयाबीन खाद्य तेल के टैक्स फ्री आयात पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई जिससे देशी किसानों को नुकसान से बचाया जा सके. ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा एवं फसल बीमा का लाभ दिलाने की मांग की.

## एक नजर में



### ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित

**बेगमगंज.** बेगमगंज विकासखंड अंतर्गत पिपलिया बरई गांव में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पिपलिया बरई एवं नवांकुर संस्था सेक्टर 2 (तुलसीपुर) के सहयोग से जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के लिए बैठक का आयोजन जन अभियान परिषद् की विकासखंड समन्वयक हेमलता नरवरिया जी के मार्गदर्शन में किया गया. बैठक में ग्रामीण महिलाओं द्वारा उत्साह से सहभागिता की गई. कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष अमित शर्मा ने ग्रामीणों को जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत सभी गतिविधियों से अवगत कराया पानी बचाने के लिए प्रेरित किया. उपस्थित सभी महिलाओं, समिति सदस्यों ने जल संरक्षण की शपथ ली. इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव जयदीप श्रीधर, नवांकुर संस्था सेक्टर 2 तुलसीपुर प्रतिनिधि भवानी पटेल एवं सदस्य आर्यन श्रीधर, सुशील श्रीधर, ग्राम पंचायत से पंच रेखाबाई लोधी, प्राथमिक विद्यालय से शिक्षक आर एस पटेल, सुधीश पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अरुणलता श्रीधर, सहायिका आयुषी राजपूत, नवांकुर सखी महिलाएं कुसुम बाई, सृष्टि श्रीधर एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे.

### शार्ट सर्किट को हल्के में न लें, तुरंत ठीक करवाएं

**रायसेन.** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली के उपभोक्ताओं को आगाह किया है कि घर अथवा संस्थान में कहीं भी शार्ट सर्किट हो रहा है तो उसे हल्के में न लें, तुरंत इलेक्ट्रिशियन को बुलाकर ठीक करवाएं. ऐसे में जरा सी असावधानी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है. कंपनी ने कहा है कि यदि घरों में अर्थिंग नहीं है तो वायरिंग के पहले अर्थिंग जरूर दें. इसके साथ ही घटिया या सस्ती वायरिंग की बजाय मानक स्तर की वायरिंग करवाएं, जिससे शार्ट सर्किट से होने वाली हानियों से बचा जा सके. एक अनुमान के मुताबिक ज्यादातर शार्ट सर्किट की घटनाएं या तो घटिया वायरिंग के कारण होती हैं, या फिर पुरानी वायरिंग के चलते शार्ट सर्किट की घटनाएं होती हैं. इसलिए जरा सी लापरवाही महंगी पड़ सकती है. बिजली कंपनी आपको पुरानी वायरिंग की जगह मानक स्तर की नई वायरिंग करवाने की सलाह देती है, ताकि शार्ट सर्किट की घटनाओं से बचा जा सके. शिकायत हों तो तत्काल कॉल सेंटर के टोल फ्री नं. 1912 पर, उपाय ऐप एवं समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय में अवश्य दें.



### भोपाल में 29-30 मार्च को अतिथि शिक्षक करेंगे प्रदर्शन

**सांईखेड़ा.** सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में अतिथि शिक्षक राजधानी भोपाल में 29-30 मार्च को प्रदर्शन करेंगे. इस प्रदर्शन में रायसेन जिले से भी बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक शामिल होंगे. आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ के प्रदेश सदस्य एवं रायसेन जिला अध्यक्ष रामलखन लोधी ने जानकारी देते हुए बताया है कि हम एक मंच एक परिवार के बैनर तले सभी संगठन जिनमें आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ, अतिथि शिक्षक समन्वय समिति, बीएमएस समर्थित अतिथि शिक्षक संघ, संयुक्त अतिथि शिक्षक संघ के प्रदेश भर के 70 हजार अतिथि शिक्षक सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में 29- 30 मार्च को भोपाल में ऐतिहासिक शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे. उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा अतिथि शिक्षकों के हित में गुरुजियों की तरह नीति बनाने, सीधी भर्ती में बोनस अंक देने तथा वार्षिक अनुबंध के माध्यम से भविष्य सुरक्षित करने की घोषणा की गई थी, किंतु आज तक इन घोषणाओं पर कोई ठोस कार्यवाही कर आदेश जारी नहीं किए गए, जिससे अतिथि शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है. इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा भी अतिथि शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित करने का आश्वासन दिया गया था. जिला मीडिया प्रभारी अजय रघुवंशी ने बताया वादों का क्रियान्वयन ना होने से अतिथि शिक्षक अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं.




# त्रिलोचन धाम में विधायक पटेल ने की पूजा-अर्चना

**बम्होरी, 26 मार्च. कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल ग्राम प्रतापगढ़ स्थित प्रसिद्ध त्रिलोचन धाम पहुंचे. यहां उन्होंने भगवान शिव और पवनपुत्र हनुमान जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की.**

विधायक ने प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की. धाम में विराजमान महाराज के दर्शन कर उन्होंने आशीर्वाद लिया. इस दौरान मंदिर परिसर में मौजूद रोसरा मंदिर के महंत सहित साधु-संतों को नमन कर उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया. कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रतिनिधि भरत पटेल समेत अन्य जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

# कुलाधिपति 'दर्शन रत्न' से सम्मानित



**सलामतपुर, 26 मार्च. सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आचार्य प्रोफेसर यज्नेश्वर एस. शास्त्री को प्रतिष्ठित 'दर्शन रत्न' सम्मान से नवाजा गया है.**

यह सम्मान उन्हें इंटरनेशनल कांग्रेस ऑफ सोशल फिलॉसफी (आईसीएसपी) द्वारा दर्शन शास्त्र के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया. मेघालय की नार्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी, शिलॉन्ग में 25 मार्च को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में प्रोफेसर शास्त्री को इस उपाधि से विभूषित किया गया. इस अवसर पर देश-विदेश के दार्शनिकों और विद्वानों ने उनके द्वारा दर्शन जगत में किए गए कार्यों की सराहना की.

प्रोफेसर शास्त्री वर्तमान में सांची विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हैं: वे आदि गुरु शंकराचार्य के गूढ़ साहित्य को जन-सामान्य के लिए सरल और सुबोध भाषा में तैयार करने के मिशन पर काम कर रहे हैं. 'शंकर न्यास' के माध्यम से वे युवा शोधार्थियों का निरंतर मार्गदर्शन कर रहे हैं, ताकि भारतीय दर्शन की परंपरा आगे बढ़ सके. इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार और शिक्षा जगत के विभिन्न दिग्गजों ने प्रोफेसर शास्त्री को बधाई दी है.

### रामनवमी पर नगर में निकलेगी शोभायात्रा

**सिलवानी.** भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव राम नवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को शोभायात्रा निकाली जाएगी जो जमुनियापुरा स्थित प्राचीन राम मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बजरंग चौराहा स्थित अनगढ़ हनुमान मंदिर पहुंचेगी जहां यात्रा का समापन होगा. शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकियां, धार्मिक ध्वज, भजन, कीर्तन और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी रहेगी.

### मां हिंगलाज के दरबार में आज विशाल भंडारा

**बाड़ी.** चैत्र नवरात्रि और श्री राम नवमीं के अवसर पर शक्तिपीठ मां हिंगलाज माता मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है. नगर हिंदू उत्सव समिति एवं भाजपा बाड़ी मण्डल के तत्वावधान में आयोजित भंडारे में समस्त नगरवासियों को आमंत्रित किया गया है. नवरात्र के पावन पर्व के अवसर पर नगर में स्थित माता मंदिरों में भंडारा एवं प्रसाद वितरण के कार्यक्रम जारी इसी क्रम में रामनवमी के अवसर पर मां हिंगलाज माता के दरबार में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है. वरिष्ठ भाजपा नेता जोधा सिंह अटवाल, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष जस्सी अटवाल, एवं नवनियुक्त भाजपा बाड़ी मण्डल अध्यक्ष सपरिवार माता जी की पूजा अर्चना करेंगे.



# राम नाम जाप से बढ़कर कोई साधन नहीं



**सिलवानी, 26 मार्च. आदिवासी अंचल की ग्राम पंचायत खमरिया के अंतर्गत ग्राम गाडरवारा में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ज्वारे स्थापना के साथ 24 घंटे के सामूहिक कीर्तन एवं सीताराम नाम जाप का आयोजन किया गया. इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्रीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भक्ति रस में सराबोर वातावरण बनाया.**

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत विशेष रूप से उपस्थित हुए. उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठकर सीताराम नाम का जाप एवं कीर्तन किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राम नाम जाप से बढ़कर कोई साधन नहीं है. यह मनुष्य के जीवन को शांति, शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है.

उन्होंने आगे कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा और आध्यात्मिक जागरूकता का विस्तार होता है. कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, संदीप शर्मा, महेंद्र रघुवंशी, लखन चंदेल, आनंद सहरिया, सिद्धार्थ समैया, ग्राम पंचायत खमरिया सरपंच सहित बड़ी संख्या क्षेत्रवासी पर रहे.

### आकिब ने 87 .25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया स्कूल का नाम रोशन



**सिलवानी.** पुष्पा हाई स्कूल सिलवानी के छात्र मोहम्मद आकिब, पिता मोहम्मद रकीब खान ने कक्षा 5वीं के घोषित परीक्षा परिणाम में 87.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय एवं परिवार में खुशी का माहौल है. आकिब की इस सफलता पर विद्यालय के शिक्षकों, सहपाठियों एवं परिजनों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है. विद्यालय प्रबंधन ने भी छात्र की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया है.



# गेहूं से भरे ट्रक ने सामने से कार में मारी टक्कर

### बाल-बाल बचे कार में सवार युवक, चालक पर मामला दर्ज

**सलामतपुर, 26 मार्च. हाइवे 18 पर एक बार फिर तेज़ रफ़्तार ट्रक का कहर देखने को मिला. घटना देर रात बेरखेड़ी चौराहे के पास की है जिसमें एक गेहूं से भरे ट्रक के चालक ने तेज़ व लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने से आ रही कार को ठोक दिया. गनीमत रही कि कार में सवार तीन युवक बाल-बाल बच गए.**

दुर्घटना में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. पुलिस के अनुसार फरियादी कार ड्राइवर भरत खटीक पिता राजेन्द्र खटीक 28 वर्ष निवासी गढ़ाकोटा जिला सागर ने बताया कि वह भोपाल से गढ़ाकोटा सागर जा रहे थे. कार एमपी 11 सीसी 6414 में मयंक पटेल और सुरेंद्र सेन पीछे बैठे थे. रास्ते में बेरखेड़ी चौराहे के पास विदिशा की ओर से तेज़ रफ़्तार ट्रक एमपी09 एचएच 8147 जिसमें गेहूं भरा हुआ था के ड्राइवर ने तेज़ व लापरवाही से चलाते हुए हमारी कार में सामने से जोरदार टक्कर मार दी.

जिससे कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया ट्रक ज़ब्त कर ड्राइवर रंछोड़ चौहान निवासी इंदौर के विरुद्ध धारा 281 बीएनएस का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है.

### विदिशा से गेहूं भरकर ले जा रहा था इंदौर

ट्रक ड्राइवर रंछोड़ चौहान ने बताया कि वह विदिशा से ट्रक में गेहूं भरकर अरमानिया कंपनी इंदौर ले जा रहा था. रास्ते में भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 के बेरखेड़ी चौराहे के आगे एक कार से टक्कर हो गई. दुर्घटना में दोनों ही वाहन चालकों को किसी भी तरह की कोई चोट वगैरह नहीं आई हैं.

## खबर का असर... 6500 रुपये समन शुल्क वसूला, ट्रक चालकों में हड़कंप


# प्रशासन ने भूसे से ओवरलोड 7 ट्रकों पर की कार्रवाई






**सलामतपुर, 26 मार्च. एक बार फिर नवभारत की खबर पर रायसेन जिला प्रशासन हरकत में आया और सलामतपुर थाने के सामने रात के समय डेढ़ घंटे तक भूसे से भरे हुए ट्रकों पर कार्रवाई की. कार्रवाई की भनक लगते ही ट्रक चालकों में हड़कंप मच गया.**

रायसेन एसडीएम मनीष शर्मा ने भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर 7 भूसे से भरे हुए ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई कर 6500 रुपये समन शुल्क वसूला. इस दौरान सांची नायब तहसीलदार ललित सक्सेना और सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे. गौरतलब है कि 30 जून तक प्रतिबंध होने के बाद भी भोपाल विदिशा हाईवे 18 से रोजाना 50 से अधिक भूसे से भरे ट्रक और ट्रैक्टर ट्राली निकल रहे थे, जिससे न केवल भूसा संकट बढ़ने की आशंका है, बल्कि हादसों की भी आशंका बनी हुई है. एक ओर क्षेत्र में पिछले दो साल से किसान दलहनी फसलों की पैदावार कर रहे हैं, जिससे भूसे का रकबा कम हो रहा है तो वहीं पशु पालकों 800 से 1000 रुपए प्रति क्विंटल दर पर भूसा खरीदना पड़ रहा है. इन्हीं बातों के मद्देनजर दैनिक नवभारत अखबार ने 24 मार्च को भूसे से भरा ट्रक पलटा, हाइवे पर जाम, प्रतिबंध के बाद भी हो रहा है भूसे का परिवहन शीर्षक के साथ खबर को प्राथमिकता से प्रकाशित किया था. खबर लगने के बाद रायसेन एसडीएम मनीष शर्मा सलामतपुर थाने के सामने रात 9 बजे कार्रवाई करने पहुंचे.





### एक नजर में

## आरटीआई 2025 पर दिया प्रशिक्षण

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़।**
**भारत सरकार एवं नरोन्हा प्रशासन अकादमी, मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के आदेशानुसार जिला मुख्यालय स्थित ई-दक्ष केंद्र में सूचना का अधिकार अधिनियम आरटीआई 2005 पर प्रशिक्षण दिनांक 23 मार्च से 25 मार्च कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार एवं नरोन्हा प्रशासन अकादमी मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आयोजित किया गया।**

प्रशिक्षण का उद्देश्य शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आरटीआई के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देकर प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करना रहा, जिसमें विभागों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान ई-दक्ष केंद्र के प्रशिक्षकों ने आरटीआई आवेदन प्रक्रिया, प्रथम एवं द्वितीय अपील की व्यवस्था तथा अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानो पर विस्तार से जानकारी दी। व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया कि किस प्रकार नागरिको को निर्धारित समय सीमा में सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाता है। मास्टर ट्रेनर ने प्रतिभागियों को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित किया।

# भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा

**राम जन्मोत्सव परिवार के सदस्यों ने की तैयारियां पूर्ण**

**अयोध्या की तर्ज पर मनाया जाएगा जन्म कार्यक्रम**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ।**
**श्रीरामनवमी का उत्सव आज शुक्रवार को अयोध्या की तर्ज पर मनाया जा रहा है। बीती रात शहर में भगवान श्रीराम की प्रतिमा के साथ महा आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान आतिशबाजी की गई और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन को लेकर रामजन्मोत्सव परिवार के सदस्यों द्धारा शोभायात्रा में शामिल होने पिछले 15 दिनों में शहर के प्रत्येक वार्ड में घर-घर जाकर करीब 35,000 घरों तक आमंत्रण पत्र और धर्म ध्वज का वितरण किया गया है।**




चैत्र नवरात्र के मौके पर शहर में जगह-जगह महा आरती के कार्यक्रम हो रहे हैं। पपौरा चौराहा और संगम गार्डन में भक्तों ने माता रानी के साथ भगवान श्रीराम की आरती उतारी। नवरात्र की अष्टमी पर प्राचीन छोटी देवी मंदिर में सुबह से महिलाएं पूजन के लिए पहुंची। उन्होंने विधि-विधान से पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। श्री राम जन्मोत्सव परिवार के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन दो अलग-अलग स्थानों पर महा आरती हो रही है। शहर के शोभायात्रा मार्ग की सजावट का काम पूर्ण हो गया है। मार्ग में भगवा ध्वज और झालर लगाई जा रही हैं। प्रभात फेरी और महा आरती से पूरे शहर का माहौल धार्मिक हो गया है। आज शुक्रवार 27 मार्च को नजर बाग मंदिर में दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्म महोत्सव मनाया जाएगा। श्री राम जन्मोत्सव परिवार ने बताया कि इस अवसर पर बधाई गीत और छप्पन भोग का आयोजन होगा। शाम 5 बजे नगर में विशाल




शोभायात्रा निकलेगी। राम भकतो ने आज मनाए जाने बाले पर्व को लेकर सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। शहर भगवान श्रीराम की तस्वीरो बाले फलेक्सो से सजा दिया गया है। जिससे शहर अयोध्या की तर्ज पर दिखाई दे रहा है।

लोगों ने अपने-अपने घरों के दरवाजो पर बंधनबार बांध रखे है। नजर बाग मंदिर प्रांगण को भगवान के जन्म कार्यक्रम के चलते विशेष रूप से सजादिया गया है। श्रीरामनवमी का उत्सव आज शुक्रवार को अयोध्या की तर्ज पर मनाया जा रहा है।श्री रामनवमी पर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। शहर में जगह-जगह महा आरती के आयोजन किए जा रहे हैं। बुधवार रात कलेक्टरेट रोड स्थित संगम गार्डन में महाआरती का आयोजन हुआ।

### समूचे शहर का माहौल हो चुका धर्ममय

श्री राम जन्मोत्सव परिवार ने बताया कि इस अवसर पर बधाई गीत और छप्पन भोग का आयोजन होगा। शाम 5 बजे नगर में विशाल शोभायात्रा निकलेगी। शोभायात्रा के आयोजन को सफल बनाने सभी को दायित्व सौपें जा चुके है ।श्री राम जन्मोत्सव परिवार के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन दो अलग-अलग स्थानों पर महा आरती हो रही है। शहर के शोभायात्रा मार्ग की सजावट का काम पूर्ण हो गया है। मार्ग में भगवा ध्वज और झालर लगाई जा रही हैं। प्रभात फेरी और महा आरती से पूरे शहर का माहौल धार्मिक हो गया है।

### महाराष्ट्र का सिंधु गर्जना ढोल देगा प्रस्तुति

इस बार श्रीराम जन्मोत्सव पर महाराष्ट्र का सिंधु गर्जना ढोल अपनी प्रस्तुति देगा और शोभायात्रा में भी शामिल होकर उत्साह बढ़ाएगा। रामनवमी में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 11 मार्च से नजरबाग मंदिर से प्रभातफेरी की शुरूआत हुई थी । रामभक्तों ने घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र बांट दिए है। जन्मोत्सव को लेकर नजरबाग मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर नगर पालिका ने मंदिर का रंग-रोगन भी कराया है।

## पुलिस ने चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**
**जिला में संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे मामलों में शीघ्रता से आरोपियों की गिरफ्तारी कर चोरी गए मशरूका की बरामदगी सुनिश्चित की जाए। साथ ही मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी साक्ष्यों के प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया गया है।**

थाना देहात क्षेत्र में घटित चोरी की घटना का पुलिस द्वारा त्वरित एवं सफल खुलासा किया गया है। थाना देहात क्षेत्र अंतर्गत स्थित एक बजाज मोटरसाइकिल शोरूम में रात्रि में अज्ञात आरोपी द्वारा कैश काउंटर का दराज तोड़कर 1,50,000 की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में फरियादी कुलदीप टिकरिया निवासी छतरपुर की रिपोर्ट पर थाना देहात में अपराध क्रमांक 91/2026 धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह के मार्गदर्शन में तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली, देहात, बड़ागांव की 03 विशेष टीमों का गठन किया गया।

गठित टीम द्वारा घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर लगातार प्रयास किए गए। विवेचना के दौरान आरोपी आशीष यादव पिता रमेश यादव निवासी बड़ागांव खुर्द, जिला को ग्राम पहाड़ीखुर्द से गिरफ्तार किया गया।

## मां ने बहू सहित ससुराल पक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

**नवभारत न्यूज जतारा।**
**जतारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कंचनपुरा देवराहा में एक युवक द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की मां ने बहू सहित उसके ससुराल पक्ष के पांच लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। मामले में सुसाइड नोट मिलने के बाद घटनाक्रम ने नया मोड़ ले लिया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कंचनपुरा देवराहा निवासी आवेदक के पुत्र देवेन्द्र रैकवार की शादी लगभग 2-3 वर्ष पूर्व किरन रैकवार उर्फ किट्टू निवासी जतारा के साथ से हुई थी। आरोप है कि पत्नी किरन पति पर माता-पिता को छोड़कर अलग रहने का दबाव बनाती थी, जिसे लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। प्रार्थिया के अनुसार, विवाद बढ़ने पर किरन अपने मायके चली गई और वहीं रहने लगी। इस दौरान ससुर दौलत रैकवार, सास फूला, मौसी सास उषा एवं किरन के भाई कैलाश द्वारा देवेन्द्र को लगातार झूठे केस में फंसाने की धमकियां दी जाती थीं। आरोप है कि देवेन्द्र के साथ मारपीट भी की गई, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगा था। परिजनों का कहना है कि 9 मार्च को देवेन्द्र घर पर अकेला था, तभी उसकी पत्नी किरन का फोन आया, जिसमें कथित रूप से उसे गाली-गलौज करते हुए आत्महत्या के लिए उकसाया गया। इससे आहत होकर देवेन्द्र ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने 20 मार्च को थाना जतारा में शिकायत देने की कोशिश की, लेकिन आवेदन नहीं लिया गया। बाद में उसी दिन उच्च अधिकारियों से शिकायत की। मृतक की मां ने अपनी बहू सहित ससुराल वालों पर आरोप लगाए।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में मनाया प्रवेशोत्सव

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**बाल विकास विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग उदल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के आंगनवाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत 5-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण एवं प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा ईसीई से प्राथमिक शिक्षा की ओर सहज रूप से जोड़ना एवं स्कूल प्रवेश को उत्सव के रूप में मनाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग उदल सिंह ठाकुर ने बताया कि आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण कर चुके बच्चों को इस अवसर पर विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदान किए गये। यह प्रमाण पत्र बच्चों के शैक्षणिक जीवन की एक नई शुरुआत का प्रतीक होगा तथा उन्हें प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहे ।

## महाविद्यालय में जल संरक्षण को लेकर कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत महाविद्यालय में जल संरक्षण को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं जन-सहयोग से जल स्त्रोतों का संरक्षण और संवर्धन करना है। तालाबों, बावड़ियों, कुओं तथा अन्य जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, जीर्णोद्धार करना है।**

इसीक्रम में महाविद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



की गई। चित्रकला के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने जल संरक्षण का संदेश दिया। इस प्रतियोगिता में श्रद्धा पांडे प्रथम स्थान, रानी पुरोहित द्वितीय स्थान और शिवेंद्र कुमार अहिरवार तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही अभियान अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, इसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा गंगा जल संवर्धन विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

## दावा आपत्तियों की कार्रवाई पोर्टल पर

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**
**मप्र शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार जिला स्तरीय दावा, आपत्ति निराकरण समिति की बैठक के निर्णय अनुसार आंगनवाडी कार्यकर्ता ,सहायिका की नियुक्ति की अनंतिम सूची पर प्राप्त दावा, आपत्तियों के निराकरण का कार्यवाही विवरण चयन पोर्टल पर दर्ज किया गया है।**

इसके साथ ही बाल विकास परियोजना टीकमगढ ग्रामीण ,पलेरा ,बल्देवगढ़ एवं जतारा की आंगनवाडी कार्यकर्ता , सहायिका की अंतिम चयन सूची का प्रकाशन किया गया है। अंतिम चयन निर्धारित स्थानों पर चस्पा की गई है। सूची पर प्राप्त दावा, आपत्तियों के निराकरण का कार्यवाही विवरण चयन पोर्टल पर दर्ज किया गया है।

## सीसी सड़क एवं नाली निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप

**नवभारत न्यूज, पलेरा।**
**नगर परिषद पलेरा के वार्ड क्रमांक 7 में हुए सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार और लापरवाही का मामला गरमाता जा रहा है। वार्ड पार्षद दीपा मुकेश यादव ने नालंदा स्कूल के पास हुए निर्माण कार्य को गुणवत्ताहीन बताते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा है।**

जानकारी के अनुसार पार्षद दीपा यादव के अनुसार, वार्ड नंबर 7 में नालंदा स्कूल के बगल में कुछ समय पहले ही सीसी रोड और नाली का निर्माण किया गया था। लेकिन ठेकेदार और संबंधित कर्मचारियों की मिलीभगत के कारण काम इतनी खराब क्वालिटी का हुआ कि सड़क अभी से उखड़ने और टूटने लगी है ।पार्षद ने अपने आवेदन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि वार्डवासी लगातार इस घटिया निर्माण की शिकायत कर रहे हैं उन्होंने



प्रशासन से मांग की है कि दोषी ठेकेदार की ईएमडी, एफडीआर और एसडी सुरक्षा निधि की राशि राजसात की जाए घटिया सड़क को उखाड़कर वहां पुनः गुणवत्तापूर्ण सीसी निर्माण कार्य कराया जाए इस शिकायत के बाद अब देखना यह होगा कि नगर परिषद प्रशासन दोषी ठेकेदार ऋषि भदौरिया संबंधित सुपरवाइजरों पर क्या कार्रवाई करता है।

स्थानीय निवासियों में भी इस खराब निर्माण को लेकर काफी रोष व्याप्त है। नगर परिषद पलेरा के वार्ड क्रमांक 7 में हुए सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार और लापरवाही का मामला गरमाता जा रहा है। वार्ड पार्षद दीपा मुकेश यादव ने नालंदा स्कूल के पास हुए निर्माण कार्य को गुणवत्ताहीन बताते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा है।

# आरजीएसए के तहत कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

**स्थानीय उत्सव भवन में हुई खेल प्रतियोगिता**

**कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रहीं मुख्य अतिथि**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ।**
**राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान आरजीएसए के तहत नवाचार करते हुये पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने हेतु स्थानीय उत्सव भवन में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उमिता राहुल सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के माध्यम से पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर के**



**व्यक्तियों को खेलों से जोड़ने के लिए तथा मुख्य धारा में शामिल करने के लिए सरकार की यह भूमिका राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के माध्यम से प्रभावी रही।**

प्रतियोगता में प्रथम पुरस्कार 21000 रुपए पलेरा जनपद को प्राप्त हुआ, जिसके मुख्य खिलाड़ी- आशीष यादव, सूरज राज यादव, रोहित अजय, पंकज, रोहित यादव, सौरव, नीरज, बाली, एवं आनंद हैं। द्वितीय पुरस्कार राशि 11000 रूपये मात्र जनपद पंचायत जतारा टीम को प्राप्त हुई उक्त खिलाड़ी- चिंतामणि यादव, दीपनारायण, आशीष, रिंकू, सुमित, राजेश, संदीप, अमित, मोनू सिंह, राहुल सिंह एवं आकाश ने प्राप्त किया। तृतीय पुरस्कार राशि 5100 रूपये मात्र खिलाड़ी - आकाश पंडित, अभी जैन, अतुल सिंह यादव, आदर्श पस्तोर, विशाल, राजेश, संजय एवं हर्ष जनपद पंचायत टीम ने प्राप्त किया।

साथ ही चतुर्थ पुरस्कार राशि 1100 रूपये मात्र खिलाड़ी सत्येंद्र यादव, अंगद यादव, प्रिंस राजा, संजीव यादव, अंशुल साहू, सुरेंद्र यादव, राजदीप एवं विक्रम राजा बुंदेला जनपद पंचायत बल्देवगढ़ ने प्राप्त किया। तहसीलदार सतेन्द्र सिंह गुर्जर, जनपद पंचायत बल्देवगढ़ मुख्य कार्यपालन अधिकारी निशांत भूरिया, जनपद पंचायत पलेरा से मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविंद कुमार बोरकर, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण जिला समन्वयक मनीष कुमार जैन, कपिल जैन एवं वरिष्ठ लेखा अधिकारी रूपेंद्र जैन एवं रोहित कुमार चतुर्वेदी सहित अनेक आला अधिकारी मौजूद रहे।

**नवरात्र** | **प्रशासन की रही चाक चौबंद व्यवस्था**

# नवरात्र की अष्टमी पर प्रसिद्ध बगाज माता मंदिर पहुंचे हजारों भक्त

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**गुरुवार को नवरात्र की अष्टमी पर प्रसिद्ध बगाज माता मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु अष्टमी पूजन के लिए मंदिर पहुंचे हैं। नौ दिनों का व्रत रखने वाले श्रद्धालु कल नवमी पर दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाने के बाद अपना उपवास खोलेंगे। इसके साथ ही नौ दिनों तक चली देवी मां की आराधना का समापन होगा।**

नवरात्र की अष्टमी तिथि मनाई जा रही है। बुंदेलखंड में नवरात्र के दौरान जवारे रखने की परंपरा है, जिनका पूजन अष्टमी के दिन किया जाता है। इसी परंपरा के तहत हजारों श्रद्धालु सुबह 5 बजे से ही बगाज माता मंदिर में जवारे पूजन के लिए पहुंचने लगे थे।श्रद्धालुओं की



भीड़ को देखते हुए ग्राम पंचायत सुंदरपुर से बगाज माता मंदिर तक के मार्ग पर पुलिस बल तैनात किया गया है। एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि मंदिर और मेला परिसर में सुरक्षा के लिए पुलिस बल मौजूद है।

बकपुरा पंचायत के सरपंच सुरेश तिवारी के अनुसार, आज बगाज माता मंदिर में 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने भक्तों की भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शहर के छोटी देवी मंदिर, बड़ी देवी मंदिर सहित अन्य प्रमुख देवी मंदिरों में भी महिलाएं अष्टमी पूजन के लिए पहुंचीं। उन्होंने विधि-विधान से देवी मां की पूजा-अर्चना कर घर की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

नौ दिनों का व्रत रखने वाले श्रद्धालु कल नवमी पर दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाने के बाद अपना उपवास खोलेंगे। इसके साथ ही नौ दिनों तक चली देवी मां की आराधना का समापन होगा। गुरुवार को नवरात्र की अष्टमी पर प्रसिद्ध बगाज माता मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु अष्टमी पूजन के लिए मंदिर पहुंचे हैं। नौ दिनों का व्रत रखने वाले श्रद्धालु कल नवमी पर दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाने के बाद अपना उपवास खोलेंगे। इसके साथ ही नौ दिनों तक चली देवी मां की आराधना का समापन होगा।

### पुख्ता इंतजाम के कलेक्टर ने दिए निर्देश

एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि मंदिर और मेला परिसर में सुरक्षा के लिए पुलिस बल मौजूद है। बकपुरा पंचायत के सरपंच सुरेश तिवारी के अनुसार, बगाज माता मंदिर में 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने भक्तों की भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## प्रशिक्षण में वालेंटियर्स हुए शामिल



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में पैरालीगल वालेटिंयर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।**

इसलिए उनके दक्षता संवर्धन हेतु मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा एक दिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालेंटियर्स ने उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभांरभ सदस्य सचिव मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर सुमन श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त जिलों से उपस्थित पैरालीगल वालेंटियर्स को प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व एवं इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।

## सहायिका नियुक्ति की अंतिम सूची जारी

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।**
**मप्र शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार जिला स्तरीय दावा, आपत्ति निराकरण समिति की बैठक के निर्णय अनुसार ग्राम पुलिया खेरा की आंगनवाडी सहायिका की नियुक्ति की अनंतिम सूची पर प्राप्त दावा, आपत्तियों के निराकरण का कार्यवाही विवरण चयन पोर्टल पर दर्ज किया गया है।**

इसके साथ ही अंतिम चयन सूची का प्रकाशन किया गया है। अंतिम चयन निर्धारित स्थानों पर चस्पा की गई है। जिला स्तरीय दावा, आपत्ति निराकरण समिति की बैठक के निर्णय ग्राम पुलिया खेरा की आंगनवाडी सहायिका की नियुक्ति की अनंतिम सूची पर प्राप्त दावा आपत्तियों के निराकरण का कार्यवाही विवरण चयन पोर्टल पर दर्ज किया गया है।